# अधिवर्षता आयु बढ़ाने के बाद भी विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी

## अधिवर्षता आयु 65 वर्ष करने से औचित्यहीन हुई पुनर्नियोजित योजना, वीआरएस मांगने वालों के बढ़े आवेदन

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ



**अमृत विचार :** अधिवर्षता आयु 65 वर्ष करने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर नहीं हुई है, बल्कि बढ़ गयी है। इसकी वजह स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेवानिवृत्त चिकित्सकों के लिए शुरू की गयी पुनर्नियोजित योजना औचित्यहीन होना भी कारण है। क्योंकि अब अधिकतर चिकित्सक 62 साल में स्वैच्छिक सेवानिवृत्त (वीआरएस) की मांग कर रहे हैं।

"संयुक्त निदेशक स्तर (ग्रेड-5) तक के चिकित्सक 62 वर्ष में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, योजनांतर्गत चिकित्सकीय सेवाएं जारी रखने के लिए पुर्नियोजित हो सकते हैं। फिलहाल, योजना में आयु बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

–शिव सहाय अवस्थी, विशेष सचिव व निदेशक प्रशासन स्वास्थ्य विभाग"

अब तक 40-45 चिकित्सकों को वीआरएस मिल चुका है। इनमें से तमाम चिकित्सक चाह कर भी तकनीकी कारणों से पुनः सेवाएं नहीं दे पा रहे हैं।

19011 चिकित्सकों के कैडर वाले स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2014 में 60 साल की आयु में सेवानिवृत्त होने वाले चिकित्सकों को पुनः पांच साल तक यानी 65 साल आयु तक सरकारी सेवाओं में बनाए रखने के लिए पुनर्नियोजित योजना लागू की गयी थी। विभिन्न जिलों में पद निर्धारित कर पूरे प्रदेश में कुल 1000 पद सृजित किए गए थे। साल 2017 में विशेषज्ञ और एमबीबीएस चिकित्सकों में 500-500 पद आरक्षित कर दिए गए। उसी साल 2017 में अधिवर्षता आयु 62 साल होने से यह योजना सेवानिवृत्त चिकित्सकों के लिए तीन साल के लिए रह गयी। इसके बाद भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी न खत्म होने पर प्रदेश सरकार ने चिकित्सकों की अधिवर्षता आयु 65 साल कर दी है। सरकार के इस निर्णय के बाद विशेषज्ञ चिकित्सक तकनीकी रूप (शारीरिक अक्षम) से विभाग छोड़ने को मजबूर हो गये। जिसकी वजह से विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बनाए रखने में विभाग को खासा झटका लगा है।

### वीआरएस लेना मजबूरी

मेडिकल अनफिट प्रमाणित चिकित्सक तकनीकी रूप से पुनर्नियोजन के अंतर्गत चिकित्सकीय सेवाएं नहीं दे पा रहे हैं। सरकारी चिकित्सकों का कहना है कि रिटायर होने पर पीएफ फंड समेत समस्त देयों का भुगतान हो जाता है। समय पर समस्त भुगतान प्राप्त करने के लिए वीआरएस लेना मजबूरी है।

### नियम में हो बदलाव

पुनर्नियोजित योजना में सेवा देने वाले चिकित्सकों का कहना है कि एनएचएम और चिकित्सा शिक्षा विभाग में 70 साल तक सेवाएं देने का नियम है। उक्त को नजीर मानकर प्रदेश सरकार को पुनर्नियोजन में भी आयु 65 वर्ष से बढ़ाकर 68 वर्ष या 70 वर्ष कर देनी चाहिए। ताकि सेवाएं देने के इच्छुक चिकित्सक सेवाएं दे सकें।

### सेवानिवृत्ति में आई कमी

अधिवर्षता आयु 65 साल करने के बाद स्वास्थ्य विभाग में स्तर पांच, छह व सात के चिकित्सक ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं। विभाग में इनकी कुल संख्या 127 है, इनमें हर माह गिनती के चिकित्सक सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जबकि पुनर्नियोजित योजना 19011 पदों के सापेक्ष लागू हुई थी।

### 652 पद रिक्त

स्वास्थ्य विभाग में पुनर्नियोजित योजना के तहत मात्र 273 विशेषज्ञ चिकित्सक और 75 एमबीबीएस चिकित्सक सेवारत हैं, शेष 652 पद रिक्त हैं। सबसे ज्यादा राजधानी में 80 पद हैं, इनमें भी सात पद रिक्त हैं। इसी प्रकार दूरदराज के अवेसित जिलों में बड़ी संख्या में पद रिक्त चल रहे हैं।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर में रीडिंग व लोड गलत रिकॉर्ड होने की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मीटर की जांच में मिलीं कमियां तीन निजी कंपनियों को नोटिस

**अमृत विचार :** प्रदेश में उपभोक्ताओं के आवासों पर लगाये जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर में रीडिंग, स्वीकृत भार व समय के गलत ढंग से रिकॉर्ड होने की आशंका बन गई है। उप्र. पावर कॉरपोरेशन की उच्च स्तरीय तकनीकी टीम की जांच में मीटर में कई खामियां पाई गई हैं। कॉरपोरेशन की ओर से मीटर लगाने वाली तीन निजी कंपनियों पोलरिस, इन टेलीस्मार्ट व जीएमआर को नोटिस जारी की गई है। ये तीनों कंपनियां दिल्ली की एलाइड इंजीनियरिंग वर्क्स में निर्मित मीटर लगाने का कार्य कर रही हैं।

कॉरपोरेशन के निदेशक कमर्शियल निधि कुमार नारंग ने तीनों कंपनियों के सीईओ को नोटिस भेजते हुए स्मार्ट प्रीपेड मीटर की कमियों में तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया है। प्रदेश में अभी तक लगभग दो लाख 75 हजार स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं।

उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि परिषद की ओर से पहले ही इन मीटरों में खामियों की आशंका व्यक्त की गई थी। उन्होंने इन कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# राजधानी में बनेगी अत्याधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब, काम शुरू

## 87.50 करोड़ की लागत से होगा सात मंजिला परिसर का निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 20,572.80 स्क्वॉयर मीटर बिल्ड अप एरिया में होगा निर्माण
- 18 महीने में निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य
- चारबाग स्टेशन से 20 किमी की दूरी पर होगा लैब का निर्माण

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने लखनऊ में अत्याधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब के निर्माण को गति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस आधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब का निर्माण बेसमेंट समेत 7 मंजिला परिसर (बीएस 5) के रूप में होगा। 87.50 करोड़ की लागत से 20,572.80 स्क्वॉयर मीटर बिल्ड अप एरिया में इसका निर्माण व विकास कार्य किया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने का जिम्मा नियोजन विभाग के ईपीसी सेल को सौंपा गया है तथा डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट, आर्किटेक्चरल डिजाइन समेत विभिन्न रिपोर्ट्स की निर्धारण प्रक्रिया शुरू हो गई है।

मालूम हो कि यूपी स्टेट फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट द्वारा उपलब्ध कराई गई जमीन पर यह निर्माण प्रस्तावित है तथा रानीपुर रोड के जरिए लखनऊ-कानपुर हाइवे से इसे कनेक्ट किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार, भविष्य की



जरूरतों के अनुसार इस फॉरेंसिक लैब का निर्माण किया जाएगा। चिह्नित क्षेत्र में निर्मित होने वाले परिसर चारबाग स्टेशन से 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह सोलर पीवी इनेबल्ड होगा तथा अंडरग्राउंड टैंक, इंसीनरेटर, कंपोज्ड प्लांट, अकॉस्टिक वॉल पैनलिंग, गैस बेस्ड फायर फाइटिंग सिस्टम, डीजी सेट, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन तथा हॉर्टिकल्चर समेत सौंदर्यीकरण के विभिन्न कार्यों को पूरा किया जाएगा।

### ईपीसी सेल ने बनाई विस्तृत कार्य योजना

आधुनिक फॉरेंसिक लैब के निर्माण व विकास के लिए नियोजन विभाग के ईपीसी सेल ने कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है। 18 महीने में सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने की समयावधि तय की गई है। वहीं, निर्माण प्रक्रिया को पूरा करने के पूर्व एक डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई जाएगी, जो मास्टरप्लान की तरह कार्य करेगा। मास्टरप्लान में आर्किटेक्चरल डिजाइन, टोपोग्राफी, साइट सर्वे, सब सॉयल सर्वे समेत विभिन्न रिपोर्ट्स का संकलन व निर्धारण होगा और 90 दिनों की समयावधि के बीच इस कार्य को पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। देश के प्रतिष्ठित संस्थान जैसे कि आईआईटी दिल्ली, आईआईटी कानपुर, आईआईटी रुड़की, आईआईटी बीएचयू तथा एनआईटी प्रयागराज जैसी संस्थाओं की रायशुमारी और अनुशंसा को भी फॉरेंसिक लैब के निर्माण में शामिल किया जाएगा।

# 1576 किसानों ने धान क्रय के लिए कराया पंजीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** धान क्रय के लिए अभी तक मंडल में 1576 किसानों ने पंजीकरण कराया है। लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर-खीरी, उन्नाव और रायबरेली में धान खरीद 1 नवंबर से शुरू हो गई है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने धान क्रय को लेकर बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। सामान्य धान का मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि ग्रेड ए धान का मूल्य 2320 रुपये प्रति क्विंटल है। उन्होंने कहा कि धान क्रय योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए कृषकों को पंजीयन के लिए प्रेरित करें।

# 60 आईपीएस अफसरों के प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनवरी में कमेटी की बैठक में हो सकती है डीपीसी

**अमृत विचार :** प्रदेश में लगभग पांच दर्जन आईपीएस अफसरों के प्रमोशन होने हैं, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इसके लिए पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में मंथन चल रहा है। अगले वर्ष जनवरी माह में होने वाली विभागीय प्रोन्नत कमेटी की बैठक में करीब दो दर्जन एसपी से डीआईजी, आधा दर्जन डीआईजी से आईजी और तीन आईजी से एडीजी स्तर के अधिकारियों के प्रमोशन पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा डेढ़ दर्जन से अधिक सहायक पुलिस अधीक्षकों को पुलिस अधीक्षक की रैंक मिल सकती है।

जानकारी के अनुसार, आईजी से एडीजी के पद पर प्रोन्नत होने वाले अफसरों में गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, लखनऊ रेंज के आईजी प्रशांत कुमार-द्वितीय और एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी के नाम शामिल हैं। जबकि डीआईजी से आईजी होने वालों में जोगेन्द्र कुमार, रवि कुमार छवि, विनोद कुमार सिंह, भारती सिंह, बाबूराम, राकेश प्रकाश, योगेश सिंह और गीता सिंह हैं। इसी तरह एसएसपी से डीआईजी बनने की प्रक्रिया में मुजफ्फरनगर के एसएसपी अभिषेक सिंह, मथुरा के एसएसपी शैलेश पांडेय, फर्रुखाबाद के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, झांसी की एसएसपी सुधा सिंह और शाहजहांपुर के एसपी राजेश के अलावा एसपी रामबदन सिंह, हृदयेश कुमार, तेजस्वरूप, देवरंजन वर्मा, अजय कुमार, हेमंत कुटियाल, शालिनी, स्वप्लिन ममगैन, प्रदीप कुमार, सूर्यकांत त्रिपाठी, अरुण कुमार श्रीवास्तव, विकास कुमार वैध, राजेश कुमार सक्सेना, डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी, सुनीता सिंह, दिनेश सिंह, कमला प्रसाद यादव, अरविन्द मौर्य और सुभाष चंद शाक्य के नाम शामिल हैं।

### इन अफसरों के प्रमोशन में हो सकती है देरी

डीपीसी बैठक में आईपीएस अतुल शर्मा, शगुन गौतम, हिमांशु कुमार, अमित पाठक, धर्मवीर सिंह, विपिन मिश्रा और अजय पाल शर्मा के प्रमोशन का लिफाफा बंद हो सकता है। बताया जाता है कि इन अफसरों के खिलाफ किसी न किसी मामले को लेकर विभागीय जांच चल रही है। चूंकि डीपीसी बैठक होने में अभी लगभग दो महीने का समय है। हो सकता है तब तक कुछ अफसरों को जांच में क्लीन चिट मिल जाय।

# कानून के अनुसार सर्वेक्षण किया अथवा नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

- बहराइच ध्वस्तीकरण मामले में नोटिस जारी करने को लेकर सरकार से पूछा सवाल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच में कथित अतिक्रमण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से पूछा है कि कानून के अनुसार सर्वेक्षण व सीमांकन किया गया अथवा नहीं। कोर्ट ने राज्य सरकार से अन्य बिंदुओं पर भी जानकारी मांगते हुए मामले में अगली सुनावाई के लिए 11 नवम्बर की तिथि नियत कर दी है।

वहीं, राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसका जवाबी हलफनामा दाखिल हो चुका है। इस पर न्यायालय ने याची को प्रत्युत्तर दाखिल करने का आदेश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को अगली तिथि पर यह भी बताने को कहा है कि क्या इस बात की जांच कराई गई थी कि जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है, वह संपत्ति के असली मालिक हैं या नहीं? वहीं याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि जिन अधिकारियों ने नोटिस जारी की है, वे संबंधित प्रावधानों के तहत नोटिस जारी ही नहीं कर सकते। उन प्रावधानों के तहत नोटिस जारी करने का अधिकार सिर्फ जिलाधिकारी को है। न्यायालय ने अगली सुनवाई पर यह भी बताने को कहा कि क्या नोटिस उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किया गया। न्यायालय ने याची के अधिवक्ता से भी कहा है कि जिन व्यक्तियों को नोटिस जारी की गई है, उसका विवरण अगली सुनवाई पर पेश करें।

# मतदाताओं के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान 9 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा उप चुनाव की नौ सीटों को छोड़कर प्रदेश में मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान 9 नवंबर से शुरू होगा। मतदान बूथ पर बीएलओ सभी आवश्यक फार्म के साथ उपस्थित रहकर लोगों की सहायता करेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर प्रदेश की कुल 394 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। 28 नवंबर से 24 दिसंबर तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 6 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों के स्थानांतरण पर पुनरीक्षण अवधि 6 जनवरी तक रोक लगी हुई है।

# चमकेंगे टोल प्लाजा व सड़कें

## टोल कर्मचारियों को दिया जाएगा व्यवहार कौशल का प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


**अमृत विचार :** प्रयागराज महाकुंभ से पहले रास्ते में पड़ने वाले टोल प्लाजा की लगातार मॉनीटरिंग की जाएगी। कुंभ में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को बेहतर अनुभव देने के लिए टोल प्लाजा की सुंदरता बढ़ायी जाएगी। इतना ही नहीं टोल प्लाजा स्टाफ की भी बिहेवियरल ट्रेनिंग (व्यवहार कौशल प्रशिक्षण) कराई जाएगी, ताकि वे सभी आने वालों से विनम्रता से पेश आएं।

दरअसल, प्रदेश सरकार का जोर महाकुंभ के अवसर को ऐतिहासिक बनाने पर है। मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी हाईवे और सिटी को जोड़ने वाली सड़कों को चमकाने में जुट गए हैं। महाकुंभ 2025 के दौरान जब करोड़ों श्रद्धालु सड़क मार्ग से होकर प्रयागराज पहुंचेंगे तो उन्हें चौड़ी सड़क के साथ ही निश्चित अवधि में मल्टीलिंग्वल साइनेज बोर्ड, ग्रीनरी और पेंटिंग नजर आएंगी। यही नहीं, टोल प्लाजा के पास भी उन्हें तमाम सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

बुधवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण स्थित सभागार में एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात और प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान के साथ एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सड़क ऐसी हो कि जिसकी चमक श्रद्धालुओं को आनंदित करे।

### महाकुंभ में हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाकुंभ 2025 में सुरक्षा के लिहाज से स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें मिलकर कार्य कर रही हैं। महाकुंभ से पहले केमिकल, बायलॉजिकल, रेडिएशनल और न्यूक्लियर प्रॉब्लम से निपटने के लिए भी टीम को तैयार कर लिए जाने की योजना है। यही नहीं श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट के लिए भी प्रयागराज के अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपग्रेड करने में लगे हैं। श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 291 एमबीबीएस व स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। इसके अलावा 90 आयुर्वेदिक और यूनानी विशेषज्ञ भी इस अभियान में सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे। साथ ही 182 स्टॉफ नर्स इन चिकित्सकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जरूरतमंदों के स्वास्थ्य की देखभाल करेंगी।






अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

### मौसम

सुबह से ही धूप निकलने की संभावना है।

32.4⁰ अधिकतम तापमान | 19.5⁰ न्यूनतम तापमान

## एक नजर

### विवाह के लिए 400 जोड़े तैयार, मुहूर्त का इंतजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 400 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। समाज कल्याण विभाग ने सभी का सत्यापन कर लिया है। अधिकारियों की ओर से तारीख तय करने का इंतजार है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह ने बताया कि इस माह विवाह कराने की तैयारी पूरी है। नगर व ब्लॉक स्तर से आए ऑनलाइन 400 जोड़े के आवेदनों का सत्यापन करा लिया है। 13 व 14 नवंबर को विवाह कराने की तिथि प्रस्तावित है। अंतिम फैसला अधिकारी लेंगे। कुछ और आवेदन आए हैं। इससे संख्या बढ़ेगी। इस माह अन्य तिथियों में विवाह कराएंगे। कोई भी जरूरतमंद योजना से वंचित नहीं रहेगा। आवेदन की प्रक्रिया जारी है।

### किसानों को नहीं मिले चबूतरे, करेंगे प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीतापुर रोड योजना से प्रभावित किसानों को तमाम कवायद के बाद चबूतरे नहीं मिले। इससे नाराज किसान लखनऊ विकास प्राधिकरण के बाहर प्रदर्शन करेंगे। योजना में सैकड़ों किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई थी। इससे प्रभावित किसानों को कई आश्वासन के बाद भरण-पोषण के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा चबूतरे आवंटित नहीं हो पाए। जिस जमीन पर चबूतरे देने थे वहां कब्जा था, जो पिछले माह अभियान चलाकर साफ कर दिया गया।

# नगर निगम के अधीन होंगे वृंदावन के तीन सेक्टर

## सेक्टर 11, 12 और 14 में सड़क, पानी, नाली, सीवर और स्ट्रीट लाइट की समस्याएं होंगी दूर, कर से बढ़ेगी निगम की आय

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम आवास विकास की वृंदावन योजना के तीन सेक्टर 11, 12 और 14 की आवासीय कालोनियां जल्द ही नगर निगम को हस्तांतरित होंगी। इसके साथ ही इन कॉलोनियों में विकास तेज हो जाएंगे।

सफाई, नाली, सीवर, पानी, सड़क, स्ट्रीट लाइटों के अलावा पार्कों का भी सुधार किया जाएगा। 10,000 आवासीय व व्यावसायिक भवनों से नगर निगम को गृहकर भी मिलने लगेगा। सेक्टर 1 से 10 तक की कालोनियों का हस्तांतरण हो चुका है। आवास विकास के अभियंताओं ने दिवाली से पहले नगर निगम के मुख्य अभियंता महेश वर्मा से मिलकर इन सेक्टरों को हैंडओवर के लिए पत्र दिया था। सेक्टर 11 और 12 में कालोनी पूरी तरह बस चुकी है। आवासीय के साथ व्यावसायिक भवन और ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत फ्लैट में हजारों परिवार रह रहे हैं।

### हस्तांतरण से पहले वसूल लिया गृहकर

अभी योजना के सेक्टर 11, 12 और 14 का हस्तांतरण नगर निगम को नहीं हो पाया है, लेकिन निगम भवनों से हाउस टैक्स वसूलने लगा है। नोटिस मिलने पर कई भवन स्वामियों ने हाउस टैक्स जमा भी कर दिया है, जबकि इन सेक्टरों में अभी आवास विकास ही सुविधाएं दे रहा है। निवासियों की आपत्ति के बाद परिषद के अभियंताओं ने इसे गलत बताया है। कई भवन स्वामी जमा कराई गई धनराशि को एडजेस्ट करने की बात कह रहे हैं।

### 26 भवनों पर हुई सीलिंग की कार्रवाई वसूला 7.47 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** गृहकर के बड़े बकायेदारों के विरुद्ध नगर निगम ने बुधवार को अभियान चलाया। 4 जोन के 26 भवनों पर हुई सीलिंग की कार्रवाई में कुल 7.47 लाख रुपये गृहकर वसूला। जोन 7 के विकास नगर स्थित लेखराज पन्ना मार्केट में बकाया गृहकर जमा न करने पर 5 दुकानें सील कर दीं।

### राकुरपुर में खाली कराई 50 लाख की जमीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने बुधवार को सरोजनी नगर तहसील के ग्राम राकुरपुर में 50 लाख रुपये मूल्य की जमीन खाली कराई। खसरा संख्या 67 स क्षेत्रफल 1.151 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में तालाब में दर्ज है। इसके आंशिक भाग पर प्रॉपर्टी डीलर ने अतिक्रमण कर लिया था। नायब तहसीलदार नीरज कटियार के नेतृत्व में नगर निगम लेखपाल अनूप गुप्ता, तनुज मदान, संदीप यादव व लालता ने जेसीबी से अतिक्रमण ध्वस्त कर दिए।

### 1.10 करोड़ की जमीन कराई कब्जा मुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने बुधवार को बीकेटी तहसील के ग्राम रसूलपुर कायस्थ में 1.10 करोड़ की जमीन कब्जा मुक्त कराई। बंजर में दर्ज खसरा संख्या 40 की 7,854 वर्गफीट भूमि पर प्रापर्टी डीलरों ने प्लॉटिंग कर दी थी। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के आदेश पर प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति संजय यादव एवं तहसीलदार अरविन्द कुमार पाण्डेय के निर्देश पर टीम पहुंची थी। नायब तहसीलदार राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में तहसील के क्षेत्रीय लेखपाल अखण्ड प्रताप सिंह व नगर निगम लेखपाल संदीप कुमार ने कब्जा हटवाया।


### विज्ञापन फ्लैक्स हटाए गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के प्रचार विभाग ने बुधवार को निरस्त होने के बाद भी लगे विज्ञापन फ्लैक्स हटाकर जब्त किए। कर अधीक्षक प्रचार ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में जोन 1 व 4 में मोक्ष इनोवेशन एडवरटाइजर के बस शेल्टर से अशोक मार्ग, पॉलीटेक्निक, एचएएल एवं बीबीडी, सेलवेल मीडिया एडवरटाइजिंग एजेंसी के हजरतगंज स्थित जीपीओ व लोहिया पथ बस शेल्टर से प्रचार सामग्री, पॉलीटेक्निक चौराहा, भूतनाथ बाजार व सी ब्लॉक चौराहा इन्दिरा नगर, आईआईएम चौराहा, मड़ियांव चौराहा, भिठौली चौराहा विज्ञापन फ्लैक्स हटाए गए।


लक्ष्मण झूला घाट पर बेदी की पूजा करतीं महिलाएं। अमृत विचार


छठ महापर्व पर लक्ष्मण झूला घाट पर महिला को सिंदूर लगाती अन्य महिला।


लक्ष्मण झूला घाट पर सूर्य को अर्घ्य देने जातीं व्रती महिलाएं।


लक्ष्मण झूला घाट पर सूर्य को अर्घ्य देती व्रती महिला। अमृत विचार

# सजाया गया लक्ष्मण मेला घाट, योगी आज देंगे सूर्य को अर्घ्य

## भोजपुरी गायकों, कलाकारों के कार्यक्रमों की रहेगी धूम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के मार्गदर्शन में राजधानी में 40वें छठ पूजा महापर्व का आयोजन 7 व 8 नवम्बर को लक्ष्मण मेला मैदान स्थित घाट पर किया जाएगा। पूजा घाटों को आकृतियों और बिजली की झालरों से सजाया गया है। गुरुवार की शाम 5: 30 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोमती नदी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देकर दो दिवसीय महापर्व की शुरुआत करेंगे। शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा का समापन होगा। प्रभुनाथ ने बताया कि पर गुरुवार से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला भी शुरू हो जाएगी। भोजपुरी लोककला और विभिन्न विधाओं के कलाकार प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम लगातार 18 घंटे चलेंगे। किशोर चतुर्वेदी / स्वाती रिजवी (लखनऊ), सुरेश शुक्ला, उमेश कनौजिया (धोबिया नृत्य), राकेश तिवारी (मुम्बई) समेत 150 से अधिक कलाकार प्रस्तुति देंगे। इसमें अंकिता रित स्वारिका म्यूजिकल ग्रुप भी होगा।


गोमतीनगर विपुल खंड में खरना का प्रसाद ग्रहण करता परिवार। अमृत विचार

### विभूतियों को सम्मानित भी किया जाएगा

प्रभुनाथ ने बताया कि महापर्व के दौरान गोमती तट पर बनाए गए सांस्कृतिक मंच पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें कलाकारों के अलावा प्रशासनिक, पुलिस और विधिक सेवा के अधिकारी शामिल हैं।

### सिंदूर की लाइन की तरह लंबी रहे पति की उम्र



सिंदूर को हिंदू धर्म में सुहाग और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। सिंदूर लगाने से सूर्यदेव की कृपा प्राप्त होती है और व्रत सफल होता है। इसके अलावा सिंदूर को शक्ति और ऊर्जा का भी प्रतीक माना जाता है। छठ पूजा के दौरान व्रत रखते है। – मोना विश्वकर्मा



छठ पर्व हम महिलाएं सिंदूर अपने सिर से लेकर नाक तक लगाती हैं। इस सिंदूर की तुलना सूरज की लालिमा से की जाती है। इस प्रकार से सिंदूर लगाने के पीछे मान्यता है कि सिंदूर की लंबी लाइन की तरह पति की उम्र भी लंबी रहे। – कंचन वैश्य



पहले बिहार में रहते थे फिर पूरा परिवार लखनऊ आ गया और अब यहीं रहकर पूजा करते हैं। अपने सगे संबंधियों के साथ पूजा करने का अलग ही आनंद है। छठ मइया ने हमारी प्रार्थना को हमेशा स्वीकार की है। उनका आशीर्वाद हम सब पर बना रहे। –नीतू सिंह



यह त्योहार सूर्य देव और उनकी पत्नी को समर्पित होता है। इसमें हम महिलाएं पूरे 36 घंटे का निर्जला व्रत रखकर पूजा करती हैं। अपनी श्रद्धा और आस्था के साथ सूर्य देवता से संतान की लंबी आयु की कामना करती हैं। छठ मईया से प्रार्थना है कि सुख, समृद्धि, शांति बनी रहे। –सुरभि



प्रशासन द्वारा बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई है। यहां घाट पर साफ-सफाई भी है। हम लोग पिछले कई वर्षों से यहां आ रहें हैं। आजमगढ़ के हैं लेकिन अब लखनऊ में हमारा घर है। शाम को खीर रोटी बनाकर भगवान को भोग लगा प्रसाद ग्रहण करेंगे। –किरण विश्वकर्मा

### परिवार के साथ करते हैं पूजा



राजुल मिश्रा ने बताया कि छठ मइया की पूजा करते अरसा बीत गया। इस समय हम लोग गोमतीनगर में रहते हैं, लेकिन सिवान के मूल निवासी हैं। परिवार के साथ यहां पूजा करने आते हैं। छठ मइया हमेशा मनोकामना पूरी करती हैं।

### छठ पूजा के प्रमुख घाट

गऊघाट, कुड़ियाघाट, लल्लूमल घाट, शहीद स्मारक, पक्कापुल, हनुमान सेतु, निशातगंज, खाटू श्याम मंदिर घाट, गोमती बैराज, पिपराघाट, बीकेटी मां चन्द्रिका देवी घाट।

# आज और कल आठ मार्गों पर नहीं जा सकेंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** छठ पूजा को लेकर गुरुवार से शुक्रवार तक घाटों की ओर जाने वाले आठ मार्गों पर डायवर्जन लागू रहेगा। डीसीपी ट्रैफिक प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि लोगों को घाटों तक आने जाने के लिए ट्रैफिक जाम में न फंसना पड़े। इसके लिए हजरतगंज, महानगर व चौक क्षेत्र के कुछ मार्गों पर डायवर्जन किया गया है। डायवर्जन कार्यक्रम की समाप्ति तक लागू रहेगा। किसी भी आपात स्थिति में कंट्रोल रूम में संपर्क कर सकते हैं।

### इधर से नहीं जा सकेंगे वाहन

- नदवा बंधा मोड़ से झूलेलाल पार्क की तरह।
- शीश महल से कुड़ियाघाट बंधे की तरफ।
- नया पक्का पुल से कुड़ियाघाट की तरफ।
- रूमीगेट पुलिस चौकी से कुड़ियाघाट की तरफ।
- चिरैयाझील तिराहे से लक्ष्मण मेला मैदान की तरफ।
- इक्का तांगा स्टैंड चौराहा से झूलेलाल पार्क की तरफ।
- सिकंदरबाग चौराहा से महानगर से संकल्प वाटिका कटिंग, चिरैयाझील की तरह।
- पीएनटी चौराहा, बैकुंठधाम, संकल्प वाटिका पुल से लक्ष्मण मेला मैदान की तरफ।

### यहां से जा सकेंगे वाहन

- पेपर मिल होकर।
- शनि मंदिर से इमामबाड़ा होकर।
- टीले वाली मस्जिद तिराहा होकर।
- आईटी चौराहा या सुभाष चौराहा होकर।
- आइटी चौराहा या डालीगंज चौराहा होकर।
- सिकंदरबाग, पीएनटी या क्लार्क अवध तिराहा होकर।
- पक्के पुल की तरफ न जाकर टीले वाली मस्जिद तिराहा होकर।
- पीएनटी से डालीबाग, सिकंदरबाग, सहारागंज व क्लार्क अवध होकर।


बुधवार को कुड़ियाघाट पर छठ पूजा की तैयारियों का निरीक्षण करते नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा, साथ में नगर आयुक्त।

# 92 पूजा स्थलों पर 1000 पुलिसकर्मी करेंगे निगरानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी के 92 स्थानों पर होने वाली छठ पूजा पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की ओर से तैयारियां ली गई हैं। घाटों पर सात एसीपी समेत 1000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

प्रत्येक घाट पर कंट्रोल रूम बनाकर प्रभारी तैनात किया गया है। पुलिस और आयोजन कमेटी के बीच संवाद के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। जिसकी मॉनिटरिंग डीसीपी कर रहे हैं। पूजा का आयोजन पूर्वी जोन में 39, पश्चिमी जोन में 13, उत्तरी जोन में 13, दक्षिणी जोन में 19 और मध्य जोन में 8 जगहों होगा है। गुरुवार की पूजा के दौरान पीएसी बल के अलावा घाटों पर पीएसी की मोटर बोट और गोताखोरों भी तैनात रहेंगे। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर ने सभी जोन के डीसीपी के साथ कई घाटों का निरीक्षण कर शाम तक सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। पुलिस नगर निगम और बिजली विभाग से लगातार संपर्क में है। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी।

### यातायात पुलिस भी रहेगी तैनात

घाटों पर भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस को तैनात किया गया है। आने-जाने वाले रास्तों पर बैरिकेटिंग के अलावा पार्किंग और रूट डायवर्जन भी रहेगा। पूजा स्थल पर डॉक्टरों की टीम, एंबुलेंस और दमकल की टीमें भी मुस्तैद रहेंगी।

### महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम भी बनाए गए

घाटों पर अस्थाई शौचालय और महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम का भी प्रबंध किया गया है। छेड़छाड़, चेन स्नेचिंग और बच्चों के गुम होने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सादे कपड़ों में पुलिस लगाई गई है। मनचलों पर नजर रखने के लिए एंटी रोमियो टीम को भी लगाया गया है।

### इतनी फोर्स रहेगी तैनात

एसीपी 7, निरीक्षक 38, उपनिरीक्षक 227, महिला उपनिरीक्षक 31, मुख्य आरक्षी 97, आरक्षी 283, महिला आरक्षी 231, पीएसी 2 कंपनी, फ्लड राहत बल 1 प्लाटून।

### निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** छठ पूजा पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता वीके सिंह ने बुधवार को जीवीआरए और मामापुर उपकेंद्र का जायजा लिया। उन्होंनेबताया कि उपकेंद्र के निरीक्षण के दौरान फीडरो के मेंटीनेंस कार्य और उच्च क्षमता के लगे ट्रांसफार्मर पर निगरानी रखने का आदेश दिया है। मुख्य अभियंता ने मीटर ने कहा कि मीटरों को रीचार्ज कराने में उपभोक्ताओं को किसी तरह की दिक्कत नहीं आनी चाहिए।

**यातायात** | छठ पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे चला रहा अधिक से अधिक विशेष ट्रेनें

# आज चलेंगी लखनऊ-छपरा समेत कई स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** छठ पर्व पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन 7 नवंबर को लखनऊ-छपरा सहित कई छठ स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। उत्तर रेलवे के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए अधिक से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाई गई हैं।

ट्रेन नंबर 02270 लखनऊ-छपरा- लखनऊ 14:15 बजे लखनऊ से प्रस्थान करेगी। ट्रेन सुल्तानपुर से 16:09 बजे, वाराणसी से 18:25 बजे छूटेगी। ट्रेन नंबर 04095 अयोध्या कैंट-आनंद विहार



टर्मिनल अयोध्या कैंट से 09:00 प्रस्थान कर लखनऊ पहुंचेगी।यहां से 12:45 बजे जाएगी। ट्रेन नंबर 04217 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी जं. आरंभ से 6:00 बजे, बाबतपुर 06:45 बजे, जौनपुर जं. 7:20 बजे, शाहगंज जं. 07:50 बजे, अकबरपुर 08:24 बजे, अयोध्या धाम जं 9:06 बजे, रुदौली 9:45 बजे, दरियाबाद 10:15 बजे, बाराबंकी जं.11:04 बजे, लखनऊ 11:45 बजे, ट्रेन नंबर 04218 लखनऊ-वाराणसी लखनऊ लखनऊ से 16:30 बजे, बाराबंकी 17:20 बजे, दरियाबाद 17:54 बजे, रुदौली 18:13 बजे, अयोध्या धाम जंक्शन 18:43 बजे, अकबरपुर 19:27 बजे, शाहगंज 20:02 बजे, जौनपुर 20:45 बजे, बाबतपुर 21:22 बजे, वाराणसी 21:50 बजे और ट्रेन नंबर 04371 लखनऊ-देहरादून लखनऊ लखनऊ से 13:10 बजे चलेगी। कुलदीप ने बताया कि ट्रेनों अन्य ठहरावों और समय-सारणी की जानकारी के लिए यात्री रेल मदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट की मदद ले सकते हैं।

### लखनऊ जं. के बजाय गोमती नगर से चलेंगी दो स्पेशल

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर स्टेशन पर अनुरक्षण कार्य कराए जाने के कारण ट्रेन नंबर 05086 लखनऊ जं.-पीलीभीत अनारक्षित विशेष गाड़ी एवं ट्रेन नंबर 05489 सीतापुर-लखनऊ जं. अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन लखनऊ जं. के स्थान पर गोमतीनगर स्टेशन से 08 नवंबर से किया जायेगा। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज सिंह के अनुसार वहां पर चल रहे कार्य के चलते ट्रेन नंबर 05086 लखनऊ जं.-पीलीभीत अनारक्षित स्पेशल 8 नवम्बर से लखनऊ जं. के स्थान पर गोमतीनगर से सुबह 5.40 बजे रवाना हो कर बादशाहनगर से 5.50 बजे तथा डालीगंज 6.40 बजे छूटेगी। शेष स्टेशनों पर इस गाड़ी का समय पूर्ववत रहेगा। सीतापुर से 8 नवंबर को चलने वाली ट्रेन नंबर 05489 सीतापुर-लखनऊ जं. अनारक्षित स्पेशल सीतापुर से डालीगंज तक पूर्ववत समयानुसार चलते हुये डालीगंज से रात 7:35 बजे और बादशाहनगर से 7.55 बजे छूटकर लखनऊ जं. के स्थान पर गोमती नगर 8.05 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन डालीगंज से लखनऊ जं. के मध्य निरस्त रहेगी।

### काशीपुर-कासगंज अनारक्षित 50 मिनट रुककर चलेगी

पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के घटपुरी-बदायूं स्टेशन के मध्य समपार संख्या-276 पर निर्माण कार्य के लिए ब्लाक दिये जाने के कारण काशीपुर से 13 नवंबर को चलने वाली ट्रेन नंबर 05335 काशीपुर-कासगंज अनारक्षित स्पेशल काशीपुर से 80 मिनट पुनर्निर्धारित कर और आवश्यकतानुसार 50 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

# आवास विकास का बुलडोजर रोकने को मंत्री के कार्यालय से आया फोन

## वृंदावन योजना के सेक्टर 6 में 1.25 करोड़ की जमीन कब्जा मुक्त कराने गई थी टीम

- व्यावसायिक भूखंड पर कमरा और गेट लगा किया गया था कब्जा
- टीम ने अवैध निर्माण ध्वस्त कर भूखंड को कराया कब्जा मुक्त

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में वृंदावन योजना के सेक्टर-6 में व्यावसायिक भूखंड से अवैध कब्जा हटाने गए बुलडोजर को रोकने के लिए प्रदेश सरकार के मंत्री के कार्यालय से फोन आ गया। आरोप है कि फोन करने वाले ने टीम को धमकी भी दी। फोन करने वाले ने खुद को केबिनेट मंत्री राकेश सचान के कैम्प कार्यालय का कर्मचारी बताया।

आवास विकास परिषद के निर्माण खंड लखनऊ-1 के अधिशासी अभियंता मुहर सिंह ने बताया कि वृंदावन योजना संख्या-1 के सेक्टर 6 में खरिका गांव की जमीन है। इस गांव के खसरा संख्या 40 पर परिषद के तीन व्यावसायिक भूखंड हैं। इनमें नहर की ओर एक छोटे भूखंड पर आरडी कुरील नाम के व्यक्ति ने कमरा और गेट लगाकर कब्जा कर लिया था। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन दल के साथ सहायक अभियंता दीक्षा गुप्ता, अवर अभियंता आशीष अतिक्रमण हटाने गए थे। जेसीबी से अतिक्रमण ध्वस्त करने के दौरान ही फोन आ गया था। अधिशासी अभियंता ने भूखंड को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया है। 113 वर्गमीटर भूखंड का बाजार मूल्य 1.25 करोड़ रुपये है।


ध्वस्त किए गए अतिक्रमण का मलबा।

## एक नजर

### सर्वर हुआ डाउन, नहीं जमा हो सके बिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** नादरगंज के गहरू बिजली उपकेंद्र में बुधवार दोपहर अचानक सर्वर डाउन हो गया। इसके चलते उपभोक्ताओं का बिल जमा करने और प्रीपेड मीटर को रीचार्ज कराने के लिए करीब डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इस दौरान कई उपभोक्ता सर्वर के सामान्य होने की जानकारी करने के लिए कार्यालय के चक्कर लगाते रहे। उपभोक्ताओं के अनुसार दोपहर 3 बजे के बाद उपकेंद्र कर्मचारियों ने सर्वर डाउन होने की बात कहकर काम को रोक दिया। इसके चलते नये कनेक्शन से लेकर बिल की अदायगी और मीटर को रीचार्ज के लिए लोग डेढ़ घंटे से अधिक समय तक इंतजार करते रहें।

### पंचायत भवनों से फैमिली आईडी का होगा प्रचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** नियोजन विभाग की योजना एक परिवार एक पहचान (फैमिली आईडी) का प्रचार अब पंचायती राज विभाग करेगा। पंचायत भवनों में पोस्टर, बैनर व फ्लैक्स आदि लगाए जाएंगे। इससे वहां आने वाले ग्रामीणों को योजना की जानकारी हो सकेगी और आवेदन कर सकेंगे। नियोजना विभाग ने लाभार्थी परक योजनाओं में पारदर्शिता, सरलता और बेहतर प्रबंधन को लेकर फैमिली आईडी एक परिवार एक पहचान योजना संचालित की है। राशन कार्ड धारक परिवारों की राशन कार्ड संख्या ही फैमिली आइडी है, जबकि गैर राशन कार्ड धारकों को फैमिली आईडी बनाई जा रही है। इससे योजनाओं और सेवाओं को इस फैमिली आईडी से एकीकृत किया जाएगा। फैमिली आईडी बनाने में तेजी लाने के लिए नियोजन विभाग ने पंचायती राज विभाग को प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी दी है।

### अंतर्राष्ट्रीय खेल ओलम्पियाड स्पर्धा-2024 का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आरडीएसओ कैम्पस की ओर से आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय खेल ओलम्पियाड 'स्पर्धा-2024' का भव्य उद्घाटन बुधवार को सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि आशीष कुमार सिंह (विधायक) ने दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विश्व एकता व विश्व शान्ति के गीत गाते देश-विदेश के बाल खिलाड़ियों की उपस्थिति से लघु विश्व का दृश्य साकार हो उठा।

# लविवि में ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में प्रवेश को करें आवेदन

## 6 नए कोर्स किए गए शुरू, 250 रुपये आवेदन शुल्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में ऑफलाइन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने में जो भी छात्र चूक गए थे उनको प्रवेश का एक और मौका मिला दिया गया है। अब विश्वविद्यालय के ऑनलाइन कोर्सेज में दाखिला लेकर छात्र अपना वर्ष बचा सकते हैं। विश्वविद्यालय की ओर से ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए फार्म जारी कर दिया गया है। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित किया गया है। इसके लिए छात्रों को आवेदन शुल्क ढाई सौ रुपए जमा करना होगा।

विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ ऑनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन के निदेशक प्रोफेसर पीयूष भार्गव ने बताया कि विश्वविद्यालय में बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम पहले से संचालित हो रहा है। इस साल 6 नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। जिसमें बीबीए और अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र में एमए शामिल है। स्नातक पाठ्यक्रम तीन साल के हैं जबकि परास्नातक पाठ्यक्रम दो साल के होंगे। दोनों ही पाठ्यक्रम में सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। इन पाठ्यक्रमों की खास बात यह है कि इसमें सीटों की कोई बाध्यता नहीं है। यदि पाठ्यक्रम में प्रवेश की निर्धारित अर्हता छात्र पूरी करते हैं तो उनका दाखिला सुनिश्चित होगा।

### कॉलेजों के शिक्षकों को बनाया गया असिस्टेंट डीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय ने विभिन्न कॉलेजों में कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल का अतिरिक्त और सहायक डीन की नियुक्ति की है। कॉमर्स विभाग के डॉ. ज्ञानप्रकाश को अतिरिक्त डीन, बैसवारा डिग्री कॉलेज रायबरेली की प्रो. शीला श्रीवास्तव को अतिरिक्त डीन, प्रो. शिवाकांत पाण्डेय को वाईडीपीजी कॉलेज लखीमपुर का अतिरिक्त डीन, डॉ. तिलकराज यादव एमपी पीजी कॉलेज हरदोई को सहायक डीन, डॉ. प्रशांत सिंह एफएए कॉलेज सीतापुर को सहायक डीन और शिया पीजी कॉलेज लखनऊ के डॉ. सुधाकर प्रकाश को सहायक डीन बनाया गया है। कुलपति ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए अपनी जिम्मेदारियों को कुशलता से निर्वहन करने की अपेक्षा की है।

### 5000 रुपये बीकॉम की फीस

**अमृत विचार :** आवेदन के बाद प्रमाण पत्रों का वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू होगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के ऑनलाइन बोर्ड में बीकॉम की फीस 5000 रुपए तय की गई है, जबकि पोस्ट ग्रेजुएट के सभी पाठ्यक्रमों की फीस 8000 रुपए है। प्रोफेशनल कोर्स बीबीए की फीस 15000 रुपया निर्धारित किया गया है। ऑफलाइन कोर्स की तुलना में ऑनलाइन की फीस आधी से भी काम है। सभी छात्रों को स्टडी मैटेरियल से लेकर क्लासेस तक ऑनलाइन मुहैया कराई जाएगी। असाइनमेंट भी छात्रों को ऑनलाइन ही जमा करना होगा, सिर्फ परीक्षा देने के लिए कैंपस आना होगा।

## लविवि के अंतर विभागीय रैंकिंग में भौतिकी विभाग प्रथम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



रैंकिंग प्रमाण पत्र देते विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आलोक राय और डीन एकेडमिक डॉ. गीतांजली मिश्रा।

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने छात्रों और शिक्षकों में वैज्ञानिक गतिविधियों और शोध को बढ़ावा देने के लिए अनूठी पहल किया है। विभिन्न विज्ञान संकायों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए रैंकिंग जारी की है। इसमें भौतिकी विज्ञान विभाग अव्वल और जैव रसायन विभाग अंतिम पायदान पर रहा। परिणाम को कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय और डीन एकेडमिक डॉ. गीतांजली मिश्र ने जारी किया।

विभागों को प्रमाण पत्र दिए गए। अंतर विभागीय रैंकिंग में छात्र प्रोफाईल, शोध में प्रगति, विज्ञान में समग्र योगदान जैसे बिंदुओं को संकेतक बनाया गया है। इन संकेतकों को 34 मात्रात्मक और गुणात्मक मापदंडों पर परखा गया है। रैंकिंग में जीवविज्ञान दूसरे स्थान पर, वनस्पति विज्ञान तीसरे, गणित चौथे, रसायन विज्ञान विभाग पांचवें स्थान पर, सांख्यिकी छठें और जैव रसायन विभाग सातवें स्थान पर रहा है।

**कुल सूचकांक गुणांक**

| | |
|---|---|
| भौतिकी | 223.97 |
| जीवविज्ञान | 217.15 |
| वनस्पति विज्ञान | 178.63 |
| गणित | 175.33 |
| रसायन विज्ञान | 136.80 |
| सांख्यिकी | 131.03 |
| जैवरसायन | 60.44 |

## दीक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शॉर्ट कोर्स करेंगे शिक्षक

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद की पहल पर शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के लिए तैयार किया जा रहा है। अब शिक्षक दीक्षा पोर्टल के माध्यम से शार्ट ऑनलाइन कोर्स करेंगे। इसके जरिए शिक्षकों की शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के साथ ही उनको डिजिटल शिक्षा में निपुण किया जाएगा। पोर्टल के माध्यम से प्राथमिक शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए लघु पाठ्यक्रम कराए जाने की व्यवस्था की गई है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में शिक्षकों के लिए डिजिटल तकनीकी के एकीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसे लेकर दीक्षा पोर्टल और मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों के निरंतर व्यवसायिक विकास के लिए लघु पाठ्यक्रमों की व्यवस्था बनाई गई है। यह सभी कोर्स डिजिटल साक्षरता और शिक्षा में प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग के लिए डिजायन किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि नई शिक्षा नीति-2020 के अनुसार प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा को संचालित करने के प्रयास शुरू हो गए हैं। इसके लिए कार्यशाला और विशेषज्ञों की समिति भी बनाई गई है।


**U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.**
(ISO 9001:2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010.

**TENDER NOTICE**

On behalf of Managing Director, U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd. General Manager (Lucknow Zone-2),(NorthZone) & (Consultancy Zone) invites online percentage rate bids in two bid system for:-
(01) NIT No. 2394/GM(L.Z-2)/E-Tender/RNN/24 Date 23.10.2024, e-tender Construction of Patient Relatives Accommodation (PRA) at K.G.M.U. Lucknow
(02) NIT No. 4006/D-11A/GM(N.Z.)/Tender/A.C.J.M/RNN/24 Date 05.11.2024, e-tender Construction of Balance work of ACJM Court Building at Deoband Distt. Saharanpur
(03) NIT No. 351/GM(Consultancy)/RNN/RNN/24 Date 06.11.2024, e-tender for Select Advertising Agency for Publication of tenders of UPRNN on Maximum Discount.
Last date of submission of offers upto 02:00PM on Dated 16.11.2024 (Sl.No.1), upto 02:00 PM on 25.11.2024 (Sl.No.2) & upto 05:00 PM on Dated 13.11.2024 (Sl.No.3). All other details on website www.etender.up.nic.in and www.uprnn.upsdc.gov.in.


# नैक ग्रेडिंग के लिए एकेटीयू ने भेजी सेल्फ स्टडी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **अब नैक की पीयर टीम विश्वविद्यालय का करेगी दौरा**

**अमृत विचार:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में पहली बार नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) से ग्रेडिंग के लिए सेल्फ स्टडी रिपोर्ट को जमा कर दिया गया। नैक के लिए बनाए गए सात मानकों को पूरा करने के लिए क्राइटेरिया चेयर व टीम ने कड़ी मेहनत कर एक-एक हिस्से को भरा है। नैक की ओर से आईआईक्यूए स्वीकृत हो जाने के 45 दिनों के भीतर एसएसआर जमा करना होता है।

विश्वविद्यालय ने 15 दिनों का अधिक समय लेकर 60 दिनों के भीतर एसएसआर सबमिट कर दिया है। इसके बाद नैक की ओर से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और वैलिडिटेशन किया जाएगा। साथ ही विश्वविद्यालय की ओर से छात्रों के दिए गए डाटा में से 30 प्रतिशत छात्रों को मेल कर नैक स्टूडेंट सटिस्फैक्शन सर्वे के जरिये उनका फीडबैक लिया जाएगा। जिससे आधार पर अंक दिये जाएंगे। इस क्रम में नैक की पीयर टीम विश्वविद्यालय का दौरा करेगी। जिसके बाद अंतिम रूप से ग्रेड मिलेगा। एसएसआर सबमिशन के दौरान कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने आईक्यूएसी की निदेशक प्रो. वंदना सहगल व टीम को बधाई दी। इस मौके पर शासन से विशेष सचिव अजीज अहमद, कुलसचिव रीना सिंह, वित्त अधिकारी केशव सिंह, आईईटी के निदेशक प्रो. विनीत कंसल, कैश के निदेशक प्रो. वीरेंद्र पाठक, प्रो. सीतालक्ष्मी, प्रो. अरूण तिवारी, प्रो. रितु गुलाटी, डॉ. अनुज कुमार शर्मा, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. आयुष, रंजीत सिंह, प्रो. सुब्रजीत बैनर्जी, डॉ. फरहीन, मो ताबिश, डॉ. राबेश, डॉ. सौरभ, डॉ. संतोष, जुबैरिया कमरुद्दीन, डॉ. चंद्रेश, डॉ. सिद्धार्थ, डॉ. उल्लास सहित पूरी टीम मौजूद रही।

### एमबीए का परीक्षा परिणाम घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2023-24 के सम सेमेस्टर परीक्षा के एमबीए पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट के वन व्यू पर देख सकते हैं।


**लखनऊ विकास प्राधिकरण**
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) टोल-फ्री 1800 1800 5000 वेबसाइट "http://www.ldaonline.co.in"

**-: सार्वजनिक सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/ भवन/ फ्लैट संख्या | योजना का नाम व सेक्टर /खण्ड | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्री गोपी शंकर वर्मा एवं श्रीमती अनीता वर्मा | भवन सं0- सी- 23/5 | पेपर मिल कालोनी | 13.11.2010 | श्री विष्णु कान्त बाजपेई | 1. श्री गोपी शंकर वर्मा (लापता) 2. श्रीमती सुष्मिता बाजपेई | सह आवंटी (लापता) मृतका की विवाहित |
| 2. | श्री केदार नाथ त्रिपाठी | भवन सं0- सी-42/11 | पेपर मिल कालोनी | 22.06.1994 | श्री अजय त्रिपाठी | 1. श्री अमित कुमार त्रिपाठी 2. कुमारी अनीता त्रिपाठी | पुत्र अविवाहित पुत्री |
| 3. | स्व0 साबिरा बेगम | भवन सं0- L-3/482 | विनीत खण्ड गोमती नगर | 22.11.2010 | मो0 जुबेर | वसीयत के आधार पर | पुत्र |
| 4. | स्व0 राम कृपाल मिश्रा | सम्पत्ति भूखण्ड सं.- C-110 सेक्टर-K | अलीगंज योजना | दिनांक 12.07.2012 | 1. श्री ब्रजेश मिश्रा-पुत्र 2. श्री वागीश मिश्रा-पुत्र | --- | पुत्रगण |
| 5. | श्री यज्ञपाल सिंह | चबूतरा संख्या- 295 | बाराबिरवा फल व सब्जी मण्डी कानपुर रोड, सेक्टर-बी | 22.07.2023 | श्रीमती रजनी देवी, उमा कुमारी, राधिका कुमारी, देव कुमार | --- | पत्नी, पुत्री, पुत्री, पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव


# चली हवा तो घट गया प्रदूषण

## मंगलवार को था प्रदूषण सूचकांक 187

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



▶▶ **एक सप्ताह बाद मिली कुछ राहत, केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के अनुसार लखनऊ में वायु प्रदूषण सूचकांक 149 रहा**

**अमृत विचार:** हवा की बदली दिशा ने बुधवार को वायु प्रदूषण से राहत दिलाई। सुबह से ही वायु प्रदूषण कम होने के कारण लोगों को सांस लेने में भी कम परेशानी हुई। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के अनुसार लखनऊ में वायु प्रदूषण सूचकांक 149 रहा।

पिछले एक सप्ताह से वायु प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। धूल उड़ने और हवा की गति बहुत कम एवं दिशा बदली होने के कारण भी प्रदूषण से राहत नहीं मिल पा रही थी। मंगलवार को केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के अनुसार लखनऊ में वायु गुणवत्ता 187 था। जबकि बुधवार को यह 149 रहा। आज हवा भी सुबह से दक्षिण दिशा से 10 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही थी। शाम को हवा का रुख दक्षिणी-पश्चिमी हो गया। हवा की गति और बदली दिशा ने भी वायु प्रदूषण से राहत दी।

**क्षेत्र का नाम--वायु की गुणवत्ता**

- बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय - 95
- सेंट्रल स्कूल - 82
- चारबाग - 89
- गोमतीनगर - 84
- हैवतमऊ मवैया - 91
- कुकरैल पिकनिक स्पाट फेस 1 - 95
- लालबाग - 97
- निशांतगंज - 89
- तालकटोरा - 84
- विजयखंड - 84

### दिन में खिली धूप, हुआ गर्मी का एहसास

**अमृत विचार :** मौसम का मिजाज आज पूरे दिन बदलता रहा। दिन में चटख धूप ने गर्मी का एहसास कराया तो दोपहर में बादलों ने आसमान में डेरा डाल दिया। अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहा। बुधवार को सुबह से ही चटख धूप खिली हुई थी। दिन चढ़ने के साथ ही गर्मी का एहसास हुआ। अधिकतम तापमान 32.4 और न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 1.5 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. दानिश ने बताया कि अभी तीन दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। रात-सुबह हल्की ठंड का एहसास होगा। अगले सप्ताह अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आने की संभावना है। तापमान गिरने के बाद दोपहर में और शाम को ठंड का एहसास होगा।

## हैंडओवर नहीं हुआ मैंगो पैक हाउस, लाखों बाकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले के रहमान खेड़ा स्थित मैंगो पैक हाउस कंपनी द्वारा बंद करने के बाद मंडी परिषद को हैंडओवर नहीं किया गया है। कंपनी पर बिजली व किराये का लाखों रुपये बकाया है। बिजली कनेक्शन भी कटा है। इस वजह से आगे अनुबंध की प्रक्रिया प्रभावित है।

मंडी परिषद का मैंगो पैक हाउस एक कंपनी ने तीन वर्ष के लिए अनुबंध पर लिया था। कंपनी ने आम की प्रोसेसिंग करके कई देशों में निर्यात किया। लेकिन, खराब गुणवत्ता और अधिक खर्च के कारण फायदा नहीं हुआ। इसकी भरपाई करने के लिए आम का सीजन खत्म होने पर कंपनी ने सब्जियों का निर्यात शुरू किया। फिर भी गुणवत्ता में सुधार न होने पर कंपनी ने नुकसान बताकर अनुबंध से पहले इस वर्ष जुलाई में काम छोड़ दिया। सीतापुर मंडी सचिव रेनू वर्ना ने बताया कि बकाया जमा कराने के साथ पैक हाउस हैंडओवर कराने की प्रक्रिया चल रही है। जो पूरी होते ही नये सिरे से नियमानुसार संचालन कराएंगे। इस संबंध में कंपनी के जनरल मैनेजर अकरम बेग ने जवाब नहीं दिया।

# घर बैठे ही अब जमा कर सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **ईपीएफओ ने किया फेशियल ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) एप लांच**

**अमृत विचार :** जीवन प्रमाण पत्र देने के लिए अब लोगों को सरकारी विभागों में इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। घर बैठे ही लोग अपने प्रमाण पत्र को जमा कर सकेंगे। इसके लिए ईपीएफओ ने फेशियल ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) एप लांच किया है।

फेस टेक्नोलॉजी पर आधारित इस एप के माध्यम सभी पेंशनर्स अपने स्मार्ट फोन का उपयोग कर अपने घर से ही अपना प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। इसके लिए फोन पर कुछ चीजों पर अमल करना होगा। पेंशनर्स के पास 5 एमपी वाला फ्रंट कैमरा होना चाहिए। इसके बाद प्ले स्टोर से आधार फेस आरडी एप और जीवन प्रमाण पत्र फेस एप्लीकेशन डाउनलोड कर इंस्टाल करना होगा। प्रमाणीकरण के लिए पेंशनर्स अपना चेहरा स्कैन करें और अपना विवरण भरें। फ्रंट कैमरा से फोटोग्राफ खींचकर सबमिट करना होगा। सबमिट होने के बाद मोबाइल पर डीएलसी, प्रमाण आईडी और पीपीओ नंबर सहित डाउनलोड करने के लिए लिंक प्राप्त होगा। इसका मतलब होगा कि आपका जीवन प्रमाण पत्र अब जमा हो चुका है। अब तक वृद्धा पेंशन, पूर्व पेंशन, दिव्यांगता पेंशन, विधवा व बाल पेंशन, नामांकित पेंशन, आश्रित माता व पिता को पेंशन, अनाथ पेंशन के लिए लोगों को बैंक, डाकघर, सामान्य सेवा केन्द्र और भविष्य कर्मचारी निधि संगठन जाकर जीवन प्रमाण पत्र जमा करना पड़ता था। प्रस्तुत होने के बाद यह एक वर्ष तक के लिए वैध रहता है। पेंशनर्स को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए तमाम जगहों के चक्कर काटने पड़ते थे। बुजुर्गों को अपना डिजीटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) बनवाने के लिए बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। इसी को देखते हुए ईपीएफओ ने अब इसे सुविधा जनक बनाते हुए मोबाइल से सरल प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किया है।

> ईपीएफओ ने पेंशनर्स की ओर से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) जमा करने को लेकर फेशियल ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) एप लांच किया है। एफएटी आधारित डीएलसी का उद्देश्य पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया को आसान और अधिक सुविधाजनक बनाना है। यह तकनीक ऐसे बुजुर्ग पेंशनर्स को सहायता प्रदान करती है जो बैंक और डाकघर आदि में शारीरिक रूप से जाने में अक्षम हैं।
>
> -प्रतीश सिंह, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वितीय


**क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?** SINCE 2006

**जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!**

**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें**

**वाचक आयुर्वेद®**

**आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश**

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



**डॉ. ओम प्रकाश वर्मा**
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

**आलमबाग**
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

**रविवार सांय अवकाश**

## एक नजर

### बलरामपुर अस्पताल को दान किए व्हील चेयर

**अमृत विचार, लखनऊ :** धन्वंतरि सेवा न्यास की ओर से बुधवार को बलरामपुर चिकित्सालय में चार व्हीलचेयर का दान किया गया। इस मौके अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी, धन्वंतरि सेवा न्यास की संरक्षक निर्मला पंत, अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत, सचिव डॉ. नीरज मिश्रा, कोषाध्यक्ष ललित जोशी सहित डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. अजय वर्मा और संतोष पटेल मौजूद रहे।

### भाकपा ने की बीमारियों से लोगों की सुरक्षा की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों और गरीब बस्तियों में डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के फैलने पर भाकपा (माले) ने गम्भीर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से जरूरी कदम उठाकर बीमारियों पर अविलंब रोक लगाकर लोगों के जीवन की सुरक्षा करने की मांग की है। भाकपा (माले) के जिला प्रभारी का. रमेश सिंह सेंगर ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि बारिश खत्म होने के बाद मौसम के उतार-चढ़ाव से मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। जिसके चलते राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में बीमारियों के फैलने और भारी संख्या में लोग डेंगू और चिकनगुनिया जैसी खतरनाक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को जिस तेजी से बदलते मौसम में मच्छरों से पैदा होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए दवा इत्यादि का छिड़काव एवं अन्य जरूरी प्रयास करना चाहिए जो नहीं किए जा रहे हैं जिसके चलते तेजी के साथ जानलेवा बीमारियां फैल रही है।

# नसबंदी फेल, छह वर्षों से मुआवजे का इंतजार

## 2018 से मुआवजे के लिए पीड़िता लगा रही अधिकारियों के चक्कर, अभी तक नहीं मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



▶▶ **काकोरी की रहने वाली महिला ने कराई थी नसबंदी**

> महिला को आपत्ति भेजी गई होगी। हो सकता है आपत्तियों का अभी तक जवाब न मिल सका हो। इस पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी। यदि महिला मुआवजे की हकदार है तो उसे मुआवजा दिलाया जायेगा।
>
> **- डॉ. बीएन यादव, नोडल अफसर, फैमिली प्लानिंग**

**अमृत विचार :** सरकार की ओर से चलाई जा रही महत्वाकांक्षी परिवार नियोजन योजना में जिम्मेदार ही अड़ंगा डाल रहे हैं। जिम्मेदारों की हीलाहवाली के चलते नसबंदी फेल्योर महिला मुआवजे के लिए छह साल से अधिकारियों के चक्कर लगाने को मजबूर है। यहां तक जिलाधिकारी से शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही। इससे दंपति को बच्चे की परवरिश करने में कठिनाई हो रही है।

परिवार नियोजन योजना के तहत नसबंदी फेल्योर होने की स्थिति में पीड़ित को 60 हजार रूपये की आर्थिक मदद मिलने का प्राविधान है। काकोरी के एक गांव की रहने वाली महिला के मुताबिक 2018 में उसने सीएचसी काकोरी में नसबंदी करवाई थी। कुछ महीनों बाद महिला को अचानक तेज दर्द हुआ, दिखाने पर डॉक्टर ने उन्हें गर्भवती होने की जानकारी दी। महिला की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह बच्चे का पालन-पोषण करने में असमर्थ थी। लिहाजा उसने नसबंदी फेल्योर होने पर सरकार की ओर से मिलने वाले मुआवजे के लिए आवेदन किया। आरोप है कि शुरुआत में सीएचसी स्तर पर ही मामला अटक गया। सीएमओ कार्यालय में जानकारी देने पर भी उन्हें सिर्फ आपत्तियों के नाम पर टरकाने का प्रयास किया गया। अधिकारियों के कहने पर महिला ने इस संबंध में शपथ पत्र भी जमा किया, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**जिलाधिकारी से भी मिली निराशा**

महिला के पति का कहना है कि मुआवजे के लिए वह जब भी सीएचसी अधीक्षक से पूछते हैं तो उन्हें डांटकर भगा दिया जाता था और कहा जाता था कि कोई पैसा नहीं मिलेगा। थक-हारकर दंपति ने जिलाधिकारी की जनसुनवाई में अपनी समस्या रखी, जहां से सीएमओ कार्यालय को फोन कर जल्द आर्थिक मदद भेजने के निर्देश दिए गए। बावजूद इसके, आज तक उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है।

**सीएमओ के आश्वासन पर भी नहीं हुई सुनवाई**

पीड़िता के मुताबिक 16 अगस्त 2019 को उसने एक बार फिर से सीएमओ कार्यालय जाकर सीएमओ से मुलाकात की। सीएमओ ने उन्हें आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर उनके खाते में आर्थिक सहायता भेज दी जाएगी। महिला का कहना है कि अब बच्चा पांच साल का हो चुका है। उसके पालन-पोषण में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

# डेंगू के 45, मलेरिया के 2 नए मरीज मिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में 24 घंटे में डेंगू के 45 और मलेरिया के 2 नए मरीज मिले है। हालांकि, राहत की बात यह है कि किसी भी मरीज की हालत नाजुक नहीं है। सभी का विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी से अब तक जनपद में डेंगू के 2195 और मलेरिया के कुल 475 रोगी मिल चुके चुके हैं।

सीएमओ प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि बुधवार को डेंगू के नए मिले मरीज अलीगंज सीएचसी क्षेत्र के 8, सरोजनीनगर-2, चन्दरनगर-7, टूडियागंज-3, गोसाईगंज-2, सिल्वर जुबली-6, इन्दिरानगर-7, एनके रोड-3, ऐशबाग-2, बीकेटी-2 और रेडक्रास सीएचसी क्षेत्र के 3 मरीज है। इसके आलावा मलेरिया के चन्दरनगर और अलीगंज में एक-एक मरीज मिला है। टीम ने बुधवार को लगभग 1190 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों की जांच की। इनमें से 2 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। टीम ने लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव कराने के साथ ही लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक भी किया।

# संक्रामक बीमारियों के इलाज संग अब पढ़ाई भी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **नेशनल मेडिकल कमीशन ने केजीएमयू में डीएम इंफेक्शियस डिजीज की चार सीटों को लेकर दी स्वीकृति**

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में अब संक्रामक बीमारियों का इलाज संग पढ़ाई भी होगी। इसके लिए संक्रामक रोग विभाग विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करेगा। बुधवार को नेशनल मेडिकल कमीशन ने केजीएमयू में डीएम इंफेक्शियस डिजीज की चार सीट स्वीकृत की हैं। यूनिट डीन मेडिकल के अधीन काम करेगी। यह प्रदेश का पहला मेडिकल संस्थान है जिसमें संक्रामक रोग में डीएम की पढ़ाई होगी।

केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह व डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि देश के चुनिंदा मेडिकल संस्थानों में डीएम इंफेक्शियस डिजीज की पढ़ाई हो रही है। कोर्स शुरू होने से मरीजों को और बेहतर इलाज मिलने की राह आसान होगी। संक्रामक रोग चिकित्सा के इंचार्ज डॉ. डी हिमांशु ने बताया कि संक्रामक बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। केजीएमयू में मौजूदा समय में संक्रामक रोग की ओपीडी प्रत्येक बुधवार को हो रही है। डीएम छात्रों के आने के बाद सभी दिन ओपीडी चलेगी।

# घायलों के इलाज में रेडियोलॉजी जांच अहम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **केजीएमयू ट्रॉमा सर्जरी विभाग के आईएसटीएसी का वार्षिक सम्मेलन कल से**

**अमृत विचार :** हादसे में गंभीर रूप से घायलों को गोल्डन ऑवर में इलाज मिलने से जान बचाई जा सकती है। इसमें रेडियोलॉजी जांचों का अहम योगदान होता हैं। इन जांचो से चोट की गंभीरता का आसानी से आकलन कर उसका जल्द ही सटीक इलाज शुरू किया जा सकता है। यह जानकारी केजीएमयू ट्रॉमा सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. संदीप तिवारी ने दी।

वह बुधवार को शताब्दी भवन स्थित ट्रॉमा सर्जरी विभाग में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि आठ से 10 नवंबर तक केजीएमयू ट्रॉमा सर्जरी, इंडियन सोसाइटी ऑफ ट्रॉमा एंड एक्यूट केयर (आईएसटीएसी) का 14 वां वार्षिक सम्मेलन किया जा रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में कार्यशाला होगी। इसमें देश-विदेश से ट्रॉमा विशेषज्ञ शिरकत करेंगे। देश भर के सभी एम्स से विशेषज्ञ सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि कई बार हादसे में घायलों को भीतरी चोट लग जाती है। जिसे बाहर से देखकर उसकी गंभीरता का अंदाजा लगा पाना कठिन होता है। जांच व इलाज में देरी से घायल की जान जोखिम में पड़ सकती है। सिटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे समेत दूसरी जांच कराकर चोट का आसानी से प्रबंधन किया जा सकता है। सम्मेलन में ट्रॉमा विशेषज्ञ घायलों के इलाज प्रबंधन की जानकारी साझा करेंगे। कार्यशाला में यूएसए से डॉ. मयूर नारायण, डॉ. ओलिविया, डॉ. डैन व्हाइटली और डॉ. एमसी मिश्रा, डॉ. सुषमा सागर, डॉ. सुबोध कुमार, डॉ. अमित गुप्ता व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

## सार-संक्षेप



डॉ. अमरजोत सिंह बग्गा को बधाई देते सिख समुदाय के लोग।

### प्रबंध समिति के अध्यक्ष बने डॉ. अमरजोत सिंह बग्गा

**अमृत विचार, लखनऊ :** एतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में गुरु सिंह सभा की प्रबंध कमेटी के चुनाव में डॉ. अमरजोत सिंह बग्गा अध्यक्ष और मंजीत सिंह बंटी महामंत्री पद पर निर्वाचित हुए। इनके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर तरनजीत सिंह मक्कड़, उपाध्यक्ष पद पर हरमिंदर सिंह टीटू, कोषाध्यक्ष के पद पर सुरेन्द्र पाल सिंह (मोनू बख्शी), पीआरओ के पद पर आज्ञा पाल सिंह तथा धार्मिक सचिव के पद पर सरबजीत सिंह और राजिंदर सिंह पप्पू का निर्वाचन हुआ। यूपी टिम्बर एसोसिएशन ने डॉ. अमरजोत सिंह को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा नाका हिंडोला की प्रबंध समिति का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर दी बधाई दी है। उनके निर्वाचन पर उत्तर प्रदेश टिंबर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अख्तर खान, विधिक सलाहकार आशीष त्रिवेदी, उपाध्यक्ष एजाज खान उर्फ अच्चू एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी दिवाकर प्रताप सिंह ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की बधाई दी।

### 28 रेल कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 28 रेल कर्मचारी अपनी रेल सेवा से निवृत्त हुए। इन सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बुधवार मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह में प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया, जिसका भुगतान कर्मी के नामांकित बैंक खाते में सीधे आरटीजीएस के माध्यम से भेजा जायेगा। इसकी धनराशि कर्मचारी के खाते में स्वत: क्रेडिट हो जायेगी। यह जानकारी उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि इन कर्मचारियों को कुल 11 करोड़, 64 लाख, 92 हजार, 275 रुपये का भुगतान किया गया। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, अमित पाण्डेय ने सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का स्वागत किया। इसके बाद डीआरएम एसएम शर्मा ने प्रत्येक कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र एवं गोल्ड कोटेड चांदी का पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

### पेंशनरों की वार्षिक आम सभा की बैठक आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल ऑर्गेनाइजेशन आफ इंश्योरेंस पेंशनर (एनओआईपी) के तत्वाधान में लखनऊ मंडल की वार्षिक आम सभा की बैठक महाराणा प्रताप मार्ग स्थित एक होटल में आयोजित की गई। जिसमें अखिल भारतीय महासचिव अशोक जोशी, अश्विनी श्रीवास्तव उपाध्यक्ष और अरविंद संगठन सचिव उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के पश्चात एनओआईडब्लू के सचिव सोमेंद्र श्रीवास्तव, एनओआईएनओ के सचिव हर्षवर्धन ने पेंशनर्स की सुविधाओं पर चर्चा की। सभा का संचालन डीपी सिंह राठौर ने किया। एनओआईपी के सचिव ने केंद्रीय स्तर पर वित्त मंत्री से पेंशन सुविधाओं पर विगत दिनों दिल्ली में हुई मीटिंग को सभी सदस्यों को अवगत कराया। भारतीय मजदूर संघ के अनुवांशिक संगठन के सदस्य योगेंद्र ने मजदूर संघों पर चिंतन किया। जीएसएल श्रीवास्तव और वाईके भटनागर ने संगठन पर समीक्षा की। सभा का समापन संजय जौहरी ने किया।

### मुकेश के गानों ने मचाया धमाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर स्थित होटल द गोल्डन एप्पल की ओर से कारपोरेट जगत व लखनऊ वासियों ने प्रतिष्ठित सिंगर मुकेश के गानों से म्यूजिक व डांस पार्टी का जमकर आनंद उठाया। सभी मेहमानों ने लखनऊ की शाम समां बांध दिया। होटल के महाप्रबंधक पदम दीक्षित ने सभी मेहमानों को आभार व्यक्त करते हुए उपलब्धियों व विशेषताओं से अवगत कराया।

### साइकिल से बिजली बनाकर छात्र ने किया हैरान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मंडल स्तरीय बाल विज्ञान प्रतियोगिता में राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज के छात्र वजाहत हुसैन ने मंडल स्तरीय प्रथम पुरस्कार जीता है। वजाहत के अनुसार साइकिल चलाकर 50 वोल्ट की बिजली पैदा किया जा सकता है। बैट्री के चार्ज होने पर इसका प्रयोग घर में बल्ब जलाने से लेकर मोबाइल चार्ज करने और अन्य कार्यों में किया जा सकता है। जूनियर वर्ग में वजाहत हुसैन को जबकि सीनियर वर्ग में हरदोई के जेके पब्लिक इंटर कॉलेज के दिव्यांश शुक्ला को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि अब दोनों ही छात्र राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता में कुल 31 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

### गेम्स के लिए 11 व 12 को होगा ट्रायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स 2024-25 नार्थ जोन में शामिल होने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की टीमें तैयार हो रही हैं। इसके लिए विभिन्न खेलों के लिए ट्रायल शुरू किया जा रहा है। महिला बैडमिंटन टीम के लिए ट्रायल 11 नवंबर को रजत पीजी कॉलेज चिनहट में आयोजित किया गया है। इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 10 को 5 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। जबकि पुरुष और महिला टीमें क्रॉस कंट्री रेस के लिए 12 को शाम 5 बजे ट्रायल रखा गया है। जो कि परांजपे पैवेलियन ग्राउंड लखनऊ विश्वविद्यालय में होगा।



## एक नजर

### शटर तोड़कर चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ/आलमबाग :** कृष्णानगर के विजय नगर पंडित खेड़ा में दीपावली की रात बेखौफ चोरों ने एक ट्रेडिंग दुकान का शटर तोड़कर हजारों रुपये के सामान एवं गल्ला तोड़ नकदी चोरी कर लिए। पुलिस ने जांच के बाद मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि रामदास खेड़ा निवासी राजेश कुमार श्रीवास्तव का पंडित खेड़ा में अंजू ट्रेडिंग नाम से दुकान है। 31 अक्टूबर को शाम समय दुकान का पूजा पाठ कर ताला लगाकर अपने घर चले गए थे। अगले दिन सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि शटर टूटा हुआ था। अंदर गये तो हजारों का सामान और दुकान का गल्ला भी चोरी हो गया था।

### चोरी के आरोप में नौकर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ/आलमबाग :** गढ़ी कनौरा स्थित आजाद बाल विद्यालय इंटर कॉलेज में प्रिंसिपल की मेज की दराज तोड़कर 2 .50 लाख चोरी करने वाले नौकर को आलमबाग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से खर्च रुपयों में बचे करीब 2530 रुपये बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि 7 मार्च को स्कूल में चोरी की रिपोर्ट 23 अप्रैल को दर्ज हुई थी। जांच के दौरान आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी गौरव कुमार उर्फ राहुल नई दिल्ली भजनपुरा का रहने वाला है।

### दो आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** जमीन के जाली दस्तावेज बनाकर कब्जा करने वाले दो जालसाजों को चिनहट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शिवराज निवासी धावा चिनहट और अभय कुमार श्रीवास्तव निवासी वरदानखंड गोमतीनगर विस्तार हैं। एसओ भरत पाठक ने बताया कि एसीपी विभूतिखंड के आदेश पर 21 मार्च को इलाके में रहने वाले दीपक यादव ने शिवराज, जगदीश प्रसाद, अभय कुमार, सुनीत वर्मा, सौरभ कुमार और सुनील कुमार के खिलाफ जाली दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी और कब्जे के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी दिन गांव की ही कामिनी ने भी शिवराज, जितेंद्र, जगदीश, अभय कुमार, वीरेंद्र यादव और अधिवक्ता सुधीर कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# संपत्ति को लेकर पुत्र ने की थी पुरोहित की हत्या

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

▶▶ हत्या में एक महिला और रिश्तेदार की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई, जांच जारी

**अमृत विचार :** दुबग्गा के मौरा खेड़ा गांव में पुरोहित हरि शरण शुक्ला (75) की हत्या उनके बेटे जयशंकर उर्फ गोपाल ने ही की थी। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

संपत्ति के बंटवारे में कम हिस्सा मिलने पर गोपाल नाखुश रहा था। इसी चिढ़ में उसने लकड़ी के फंटे से पिता हरि शरण के सिर पर ताबड़तोड़ प्रहार कर उन्हें मार डाला था। आरोपी गोपाल पिता के मकान में छत के रास्ते पहुंचा। हत्या करने के बाद वह बहन रजनी के घर चला गया। अभी तक की जांच में एक महिला और रिश्तेदार की भूमिका भी संदिग्ध मिली है। डीसीपी पश्चिम डॉ. ओमवीर सिंह ने बताया कि गोपाल सआदतगंज के वजीरबाग में रहता है। पिता, मां और बहन मौरा खेड़ा शिव सिटी में रहते हैं। जांच में सामने आया कि परिवार से जुड़े एक करीबी रिश्तेदार ने गोपाल को पिता की हत्या करने के लिए भड़काया था। रिश्तेदार ने कहा था कि अगर पुलिस तुम्हें पकड़ ले तो पागलों की तरह हरकत करने लगना। इससे सजा कम होगी। इसलिए जब पुलिस ने उसे पकड़ा तो पागलपन करने लगा।

# अनिस्तारित वाद के संबंध में जारी होगा अधिकारियों को मेमो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों की समीक्षा की

**अमृत विचार :** तहसीलों में पांच वर्ष से अधिक के वाद लगभग निस्तारित हो चुके हैं। जबकि निर्धारित समय सीमा में निस्तारित न होने वाले वादों के संबंध में अधिकारियों को मेमो जारी किया जाएगा।

जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस माह के बाद अगर निर्धारित समय सीमा वाला कोई भी वाद मिला तो उस अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि नायब तहसीलदारों के लिए जो नए कोर्ट सृजित किए गए हैं, वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाए। धारा 80 के समय सीमा के ऊपर का कोई वाद तहसील में लंबित नहीं है। धारा 24 के तहसीलों में 1 वर्ष के ऊपर के वाद लंबित नहीं हैं। 6 माह से ऊपर के लंबित वादों को लेकर निर्देश दिए कि लेखपाल और कानूनगो बैठक बुलाकर पैमाइश का लिखित शेड्यूल जारी कराया जाए। शेड्यूल का अनुपालन न करने वाले लेखपाल और कानूनगो के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने धारा 116 के वादों का अंश निर्धारण अगले 3 दिनों में किया जाए। उन्होंने आईजीआरएस प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व, एडीएम प्रशासन आदि मौजूद रहे।




कलेक्ट्रेट में राजस्व कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

### जमीन कब्जे के मामले में सात दिनों में एसडीएम देंगे रिपोर्ट

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने कहा कि अतिक्रमण के मामलों में एसडीएम के सात दिनों के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट देनी होगी। रिपोर्ट में बताना होगा कि सरकारी भूमियों पर अवैध कब्जे को लेकर जो शिकायत हुई उसको लेकर क्या कार्रवाई की गई। 15 दिनों में कानूनगो अपने लेखपाल के साथ ग्राम के सभी चक रोड का निरीक्षण/पैमाइश करते हुए फोटो सहित रिपोर्ट देंगे। किसी चक मार्ग पर अतिक्रमण मिलता है तो तत्काल अतिक्रमणकर्ता को नोटिस जारी करते हुए चक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि आय, जाति, निवास और हैसियत प्रमाण पत्र वरीयता से बनाए जाएं।

# सिटी बस ने पासपोर्ट एजेंट को कुचला, मौत

## बापू भवन के पास हुआ हादसा, ड्राइवर बस छोड़कर भागा, पिता ने कैसरबाग कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बापू भवन के पास बुधवार सुबह सिटी बस ने पासपोर्ट एजेंट को कुचल दिया। टक्कर के बाद पहिए के नीचे सिर आने से एजेंट ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दर्दनाक हादसा देख सवारियां चीख पड़ीं। इस बीच ड्राइवर बस छोड़ कर भाग गया। सूचना मिलते ही कैसरबाग पुलिस मौके पर पहुंची। शव की पहचान कराते हुए परिवार को सूचना दी। सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी ने बताया कि झगड़े के दौरान एजेंट बस के नीचे आया था।



संदीप गुप्ता

मूल रूप से हरदोई माधवगंज निवासी संदीप गुप्ता (36) रतन स्क्वायर स्थित पासपोर्ट ऑफिस में एजेंट था। पिता विनोद गुप्ता ने बताया कि करीब दस साल से संदीप नरही में किराए के मकान में रहता था। बुधवार को पुलिस ने फोन कर हादसा होने की जानकारी दी। बताया गया कि संदीप को गम्भीर हालत में केजीएमयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। खबर मिलते ही वे हरदोई से ट्रामा सेंटर पहुंचने पर पिता को बेटे का शव मिला। विनोद ने बताया कि सड़क पर गिरते ही सिटी बस का अगला पहिया संदीप के सिर पर चढ़ गया था।

बताया जा रहा है कि रूट नंबर 201 की सिटी बस चारबाग से गोमतीनगर की तरफ जा रही थी। इसी बीच संदीप अगले पहिए के नीचे आ गया। बस के पहिए के नीचे युवक के दबने पर सवारियां शोर मचाने लगीं। राहगीर भी जमा हो गए। मुख्य मार्ग पर हादसे के बाद बस खड़ी होने से जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर कैसरबाग पुलिस ने बस को रास्ते से हटवाया। अतिरिक्त इंस्पेक्टर कैसरबाग ने बताया कि एजेंट के पिता विनोद गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है। जिसमें बस ड्राइवर पर आरोप लगाया है। पुलिस ड्राइवर की तलाश कर रही है। पिता गल्ले का काम करते हैं। करीब 5 साल पहले संदीप की शादी नेपाल की रहने वाली कमला से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद दोनों अलग हो गए थे।

### भाई बोला- झगड़े के बाद संदीप को दिया धक्का

संदीप के बड़े भाई शैलेश का आरोप है कि उन्होंने घटनास्थल पर जाकर जानकारी की। इस दौरान पता चला कि संदीप का चाय की दुकान पर किसी से विवाद हुआ था। झगड़े के दौरान कुछ लोगों ने उसे धक्का दे दिया, जिससे वह सिटी बस के सामने आ गया था। पीड़ित परिवार ने पुलिस से घटना स्थल की सीसीटीवी फुटेज खंगालने की मांग की है। संदीप प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी करता था।

### बाइक फिसलकर ट्रैक्टर ट्राली के नीचे घुसी, बाल बाल बचा युवक

**अमृत विचार, लखनऊ/काकोरी :** पारा के मोहान रोड बी होप अस्पताल के पास बुधवार सुबह अचानक बाइक फिसल गई। घिसटता हुआ बाइक सवार सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली के नीचे आ गया। जिससे वह बाल-बाल बच गया। मायापुरम निवासी हर्ष राय बाइक से मोहान रोड की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में बी होप अस्पताल के पास अचानक हर्ष राय की बाइक फिसल गई और हर्ष बाइक समेत सड़क किनारे खड़ी सीमेंट से लदी ट्रैक्टर ट्राली के नीचे घुस गया।

# मंत्री पुत्र के घर से ड्राइवर ने चुराए थे 5 .75 लाख रुपये और जेवर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ हुसैनगंज पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल, साथी की तलाश

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं (सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी) प्रमुख ओपी राजभर के बेटे के फ्लैट से ड्राइवर रामजीत ने 5.75 लाख रुपये, चेन और दो अंगूठी चोरी की थी। हुसैनगंज पुलिस ने अंबेडकर नगर टांडा जगदीशपुर मोहिद्दीनपुर से गिरफ्तार चालक रामजीत को बुधवार को जेल भेज दिया।

इंस्पेक्टर हुसैनगंज राम कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी रामजीत के पास से 4,46,500 रुपये बरामद किए गए हैं। वहीं, उसके साथी गौरख साहनी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही हैं। गौरख साहनी महाराजगंज के धानीगांव का रहने वाला है। रामजीत, केंद्रीय मंत्री के बेटे अरविंद राजभर के यहां गाड़ी चलाता था। उसके और गौरख साहनी के खिलाफ अरविंद राजभर के ड्राइवर संजय ने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

कैंसर पीड़ित संजय ने बताया था कि सितंबर माह में अपनी पत्नी के साथ यहां रहकर मेदांता से इलाज करा रहा था। 2 सितंबर की सुबह 9 बजे पत्नी के साथ मेदांता में जांच कराने के लिए गया था। करीब 10 बजे रामजीत ने फोन कर फ्लैट की चाबी के बारे में पूछा। उसे बता दिया कि चाबी गार्ड के पास है। वह गार्ड से चाबी लेकर अपने साथी गौरख साहनी के साथ फ्लैट में गया। शाम को संजय पहुंचा तो फ्लैट में बैग खुला पड़ा था और लाखों रुपये, सोने की चेन व अंगूठी नदारद थी।

# मकान बेचने का सौदा कर दंपति ने ऐंठे 3 .50 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ बैनामे का दबाव बनाने पर पीड़ित की पीटा, दी धमकी

▶▶ एसीपी अलीगंज के निर्देश पर मड़ियांव थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** सीतापुर रोड पर मकान बेचने का झांसा देकर दंपति ने विकासनगर के मनोज गुप्ता से 3.50 लाख रुपये ऐंठ लिए। बैनामे में आनाकानी देख पीड़ित ने दबाव बनाया तो हाथापाई की। कोर्ट ने पीड़ित के पक्ष में आदेश देते हुए खरीदने बेचने पर रोक लगा दी। इसपर दंपति ने आदेश कॉपी फाड़ते हुए पीड़ित को धमकाया। एसीपी अलीगंज बृज नारायण सिंह के निर्देश पर मड़ियांव पुलिस ने दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

विकासनगर सेक्टर-4 में मनोज गुप्ता परिवार के साथ रहते हैं। वे एक मकान खरीदने के इच्छुक थे। वर्ष 2021 में मड़ियांव स्थित मकान के बारे में पता चला। संपर्क करने पर मनीषा सक्सेना और उनके पति सौरभ निवासी सेक्टर क्यू अलीगंज से मुलाकात हुई। बातचीत में सौदा 5 लाख रुपये में तय हुआ। मनोज ने 3.50 लाख का चेक बतौर बयाना दिया। जिसके बाद विक्रय अनुबंध 29 जुलाई 2021 को उपनिबंधक चतुर्थ कार्यालय में पंजीकृत कराया गया। मनोज ने बताया कि शेष रकम की व्यवस्था कर उन्होंने बैनामे के लिए संपर्क किया तो मनीषा ने टालमटोल शुरू कर दी। दबाव बनाने पर दंपति ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित ने कोर्ट में वाद दायर किया। जिसपर 8 अप्रैल 2024 को कोर्ट ने संपत्ति खरीदने बेचने पर रोक लगा दी। पीड़ित आदेश कॉपी लेकर गया तो दंपति ने आदेश कॉपी फाड़ दी। गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि दंपति जाली दस्तावेज बनाकर संपति दूसरे को बेचने का प्रयास कर रहे हैं। मनोज ने एसीपी अलीगंज से शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर मड़ियांव पुलिस ने मनीषा और सौरभ के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, मारपीट, गाली-गलौज और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### काकोरी में मिला नवजात शिशु का हाथ

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी इलाके में बुधवार देर शाम को काजीखेड़ा गांव में बने एक तालाब के पास कुत्ता कहीं से लेकर एक नवजात शिशु का हाथ नोच कर खा रहा था। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात शिशु के हाथ को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद के मुताबिक काजीखेड़ा गांव में बने एक तालाब के पास आम के पेड़ के नीचे एक नवजात शिशु के हाथ मिलने की सूचना ग्रामीणों के द्वारा मिली थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद नवजात शिशु के हाथ को कब्जे में लेकर वहीं पास में एक गड्ढा खोदवा कर नवजात शिशु के हाथ को दफन करवा दिया।

# जालसाजों ने व्यापारी समेत 4 के खातों से उड़ाए 5 .49 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ सुशांत गोल्फ सिटी, विकासनगर आलमबाग और पारा क्षेत्र से सामने आए मामले

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने व्यापारी समेत 4 के खातों से 5.49 लाख रुपये पार कर दिए। कहीं जालसाज ने पार्ट टाइम जॉब और कस्टमर केयर कर्मी बनकर फंसाया तो कहीं क्लोन बनाकर ठगी की। ठगी के यह मामले सुशांत गोल्फ सिटी, विकासनगर, आलमबाग और पारा से सामने आए हैं। पुलिस सभी मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

सुशांत गोल्फ सिटी के तुलसियानी गोल्फ व्यू अपार्टमेंट निवासी रवि प्रताप शाही ने बताया कि उनके पास 31 अक्टूबर को कॉल आई। फोनकर्ता ने गेल इंडिया सेवा का कस्टमर केयर कर्मी बनकर फंसाया। फिर एक लिंक भेजकर खाते से 99 हजार रुपये पार कर दिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वहीं, विकासनगर सेक्टर-13 निवासी पंकज कुमार श्रीवास्तव का बचत खाता एसबीआई सबौली शाखा में है। बीते सोमवार को पीड़ित ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करने का प्रयास किया। रुपये नहीं जाने पर बैलेंस नहीं था। पीड़ित ने स्टेटमेंट निकाला तो पैरों तले जमीन खिसक गई। खाते से 1,64,554 रुपये गायब थे। पंकज का कहना है कि न ही उन्होंने कोई ओटीपी शेयर किया और न ही किसी लिंक पर क्लिक किया था। पीड़ित ने विकासनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, मूल रूप से फतेहपुर निवासी अखिलेश कुमार आलमबाग के भीमनगर सुजानपुरा में रहते हैं। उन्होंने बताया कि व्हाट्सएप पर पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया। संपर्क करने पर जालसाज ने ग्रुप पर एड किया। शुरुआत में टास्क पूरा कराकर रुपये दिए। फिर पैड टास्क और क्रिप्टो की फर्जी ट्रेडिंग के नाम पर कई बार में 1.22 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने आलमबाग कोतवाली में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इसके अलावा पारा के सूर्यनगर निवासी अमरेश यादव के पास इंडसइंड बैंक का क्रेडिट कार्ड है। पीड़ित ने बताया कि साइबर जालसाज ने उनके कार्ड का क्लोन बनाकर 22 से 25 अक्टूबर के बीच खाते से 1,63,581 रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने कस्टमर केयर पर कॉल कर कार्ड ब्लॉक कराया। फिर पारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### जेब से गिरा मोबाइल, बैंक एप से निकले 6.50 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** दीपावली पर फूलमंडी गए युवक का मोबाइल जेब से गिरकर गुम हो गया। फोन गायब होने की पीड़ित ने यूपी कॉप पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद भी मोबाइल में लोड बैंक एप का इस्तेमाल कर शातिर ने करीब 6.50 लाख रुपये उड़ा लिए। उक्त रुपये से ऑनलाइन शॉपिंग, पेमेंट और मनी ट्रांसफर की गई। ट्रांजेक्शन मैसेज आने पर पीड़ित को धोखाधड़ी का पता चला। पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वृंदावन योजना स्थित गैलेक्सी हाइट में चंद्रभान सिंह यादव परिवार के साथ रहते हैं। 31 अक्टूबर को घर का सामान लेने फूलमंडी चौक गए थे। इसी दौरान उनका मोबाइल गिरकर गुम हो गया।

# प्लॉट का एग्रीमेंट कर ठगे 3.65 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ फर्जीवाड़े में दंपति ने 6 साल में 4 लोगों को बेची जमीन

▶▶ काकोरी थाने में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** काकोरी के ग्राम बेहटा में जमीन बेचने का एग्रीमेंट कर दंपति ने 3.65 लाख रुपये ठगे। फिर उक्त जमीन 6 साल में व्यापारी समेत 4 को रजिस्ट्री कर लाखों रुपये हड़प लिए। फर्जीवाड़ा देख पीड़ित ने विरोध किया तो दंपति ने गाली गलौज करते हुए धमकाया। मुख्यमंत्री के पास शिकायत भेजने के बाद काकोरी पुलिस ने दंपति समेत 3 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर नबाब अहमद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

फर्रुखाबाद के जहानगंज इलाके में विरजू नागर परिवार के साथ रहते हैं। वे लखनऊ में एक प्लॉट खरीदना चाहते थे। वर्ष 2015 में काकोरी के बेहटा निवासी रामलखन से संपर्क हुआ। आरोपी और उसकी पत्नी गीता ने अपनी जमीन बेचने की बात की। आरोपी ने बताया कि जमीन की खतौनी पिता राजाराम के नाम पर है। जिसपर वरासत विक्रेता का नाम दर्ज कराने के बाद रजिस्ट्री कर देगा। जमीन का कोई भी विवाद नहीं है। बातचीत में सौदा 8 लाख में तय हुआ। पीड़ित विरजू ने 2 लाख रुपये बतौर बयाना दे दिया। जिसके बाद दिसम्बर 2015 में उपनिबंधक प्रथम कार्यालय में विक्रय अनुबंध पंजीकृत हुआ।

पीड़ित ने बताया कि कुछ दिन बाद आरोपी रामलखन ने जरूरत बताकर 1.65 लाख और लिए। जिसकी स्टांप पेपर पर लिखापढ़ी हुई। कुछ समय बाद पीड़ित को पता चला कि जमीन विवादित है। आरोपी का अपनी मां राजरानी से सिविल कोर्ट और तहसील सरोजनीनगर में दूसरा वाद चल रहा है। छानबीन करने पर पता चला कि रामलखन और उसकी मां ने मिलकर 2018 में बिजनौर निवासी कुलदीप को बेच दी। फिर वहीं के रहने वाले अभिषेक को 2020 और ठाकुरगंज के जितेंद्र रस्तोगी को बेचकर लाखों रुपये हड़प लिए। काकोरी पुलिस ने रामलखन, पत्नी गीता और मां राजरानी के खिलाफ जाली दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, गाली गलौज और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप

### शादी तोड़ने के लिए रची साजिश, भेजी अश्लील फोटो

**अमृत विचार, लखनऊ :** एक युवती की शादी तोड़ने के लिए युवक ने उसके नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाई। इसके बाद युवती और परिवार की महिलाओं की एडिटेड अश्लील फोटो होने वाले पति को भेज दी। अभद्र मैसेज करते हुए फोटो वायरल की धमकी दी। होने वाले पति ने इंस्टाग्राम पर अश्लील फोटो देखी तो होश उड़ गए। पीड़िता को सारी बात बताई। जिसके बाद पीड़िता के पिता ने साइबर थाने में मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस घटना के बाद से पूरा परिवार परेशान है। अमीनाबाद निवासी 62 वर्षीय अब्दुल (काल्पनिक नाम) ने बताया कि इंस्टाग्राम की एक फर्जी आईडी से उनके होने वाले दामाद की इंस्टा आईडी पर 17 अक्टूबर को अभद्र मैसेज किए गए। मैसेज में उनकी बेटी और परिवार की महिलाओं की एडिट की हुई अश्लील और आपत्तिजनक फोटो थी। साथ ही सभी के बारे में आपत्तिजनक बातें भी लिखी थीं। आरोपी ने आईडी डिलीट करने से पहले कई धमकी भरे मैसेज भी लोगों को भेजे थे। यही नहीं परिजनों को भी अश्लील फोटो भेजकर युवती को बदनाम करने की साजिश रची। पीड़ित बुजुर्ग ने मामले की शिकायत साइबर थाने में की। इंस्पेक्टर साइबर थाना ब्रजेश यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### पत्नी को जहर खाने के लिए उकसाने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज पुलिस ने पत्नी को जहर खाने के लिए उकसाने वाले पति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मृतका के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि कुंदनखेड़ा निवासी शिवराज को बुधवार सुबह उसके घर के पास से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि 2 नवंबर को शिवराज की पत्नी पूनम ने जहरीला पदार्थ खाया था। हालत बिगड़ने पर अस्पताल में उसकी मौत हुई। बेटी की मौत के बाद पिता दयाराम निवासी उन्नाव ने गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में पता चला कि शिवराज अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करता था। 2 नवंबर को भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद पूनम ने जहर खाकर खुदकुशी की थी। ऐसे में गैर इरादतन हत्या की धारा हटा कर आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा लगाई गई है।

### एंबुलेंस पर पथराव करने वाले व्यापारी समेत तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज के अहमदखेड़ा में गर्भवती को ले जा रही एंबुलेंस के ड्राइवर और सहायक पर टेंट व्यापारी ने हमला किया था। नशे में धुत व्यापारी के साथ 5 लोग और थे। घायल ड्राइवर की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर मोहनलालगंज पुलिस ने टेंट व्यापारी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में शामिल दो आरोपी फरार हैं। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि मंगलवार शाम अमेठी निवासी एंबुलेंस ड्राइवर हंसराज साथी (ईएमटी) देवेंद्र के साथ अहमदखेड़ा गांव आया था। वह लोग गर्भवती को इलाज के लिए सीएचसी ले जा रहे थे। अहमदखेड़ा के पास बाइक सवार युवकों से साइड देने को लेकर विवाद हुआ। इस दौरान टेंट व्यापारी छत्रपाल, मोतीलाल और छज्जू ने एंबुलेंस पर हमला कर दिया। ड्राइवर हंसराज को सड़क पर गिरा कर बुरी तरह पीटा गया। बीच बचाव करने पर देवेंद्र के साथ भी मारपीट की थी। एसीपी ने बताया कि टेंट व्यापारी छत्रपाल, मोतीलाल और छज्जू को गिरफ्तार किया गया है।

### ट्रैफिक इंस्पेक्टर-सिपाही पर अभद्रता व घूसखोरी का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ/पीजीआई :** पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन कॉलोनी में बुधवार दोपहर ट्रैक्टर पर ईंट लेकर जा रहे ट्रैक्टर चालक ने ट्रैफिक इंस्पेक्टर और सिपाही पर घूसखोरी व अभद्रता का आरोप लगाया है। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक के विरोध करने पर टीआई ने खुद की मुख्यमंत्री तक पहुंच बताई। ट्रैक्टर चालक दुर्गेश कुमार निगोहां के एक भट्टे से ईंट लेकर पीजीआई थाने के पीछे वाले नहर के रास्ते से बाबू खेड़ा वृन्दावन जा रहा था। वृंदावन कॉलोनी में टीआई शैलेश पांडेय और उनके हमराही करन ने हाथ देकर उसे रोक लिया। पहले ट्रैफिक कर्मियों ने उनसे कागजात दिखाने को कहा। कागजात सही होने के बावजूद उससे 2 हजार रुपये मांगने लगे। आरोप है कि जब ट्रैक्टर चालक ने रुपये देने से मना किया तो ट्रैफिक इंस्पेक्टर अभद्रता पर आमादा हो गये। कार्रवाई के डर से ट्रैक्टर चालक ने 2 हजार रुपये दे दिए। जैसे ही इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी है। डीसीपी ट्रैफिक प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर जांच की जा रही है। उनका कहना है या तो ट्रैक्टर चालक अवैध कार्य कर रहा था या फिर ट्रैफिक कर्मियों द्वारा गलत कार्य किया गया। जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

### सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों के विरुद्ध चला अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** आबकारी निरीक्षक सेक्टर-5 की टीम द्वारा ग्वारी चौराहा गोमतीनगर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान शराब दुकान के आस-पास चेकिंग कर अवैध रूप से मदिरापान न करने के लिए, दुकानों पर आवश्यक सभी सूचनाएं लिखने, पीओएस मशीन से बिक्री करने, ग्राहकों से उचित व्यवहार करते हुए निर्धारित मूल्य पर ही शराब बिक्री करने के निर्देश दिये गये। जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम के दृष्टिगत चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत मंगलवार देर रात्रि तक मदिरा दुकानों की चेकिंग की गई। आबकारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह द्वारा बिजनौर, नटकुर, गौरी गांव, ट्रांसपोर्ट नगर, लेबर चौराहा, आबकारी निरीक्षक ऋचा सिंह द्वारा निशातगंज, महानगर क्षेत्र और आबकारी निरीक्षक अखिल गुप्ता द्वारा पारा, ठाकुरगंज की मदिरा दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट के घर पर चोरों का धावा, लाखों का माल साफ

संवाददाता, लखनऊ/आशियाना

▶▶ आशियाना के सेक्टर-एच का मामला

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के सेक्टर-एच में रहने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट के बंद घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने लाखों रुपये के जेवर व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मंगलवार शाम जब परिजन घर आये तब उन्हें जानकारी हुई। कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।



सेक्टर-एच में चार्टर्ड अकाउंटेंट श्याम बाबू सिंह परिवार के साथ रहते है। बीते रविवार को भाई दूज पर पत्नी वंदिता मायके और श्याम बाबू मूल निवास बंथरा गए थे। मंगलवार शाम उनकी पत्नी वंदिता घर पहुंची। मुख्य द्वार का ताला खोलकर अंदर पहुंची तो घर के दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था और अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। वंदिता ने तुरंत इस बात की जानकारी पति को दी। जिसके बाद पति ने पुलिस को सूचना दी।

श्याम बाबू ने बताया कि चोर उनके घर से लगभग 7 लाख के जेवरात, 1.35 लाख नकद और डेढ़ किलो चांदी के सिक्के बटोरकर ले गए। पुलिस ने श्याम बाबू सिंह की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### त्योहार मनाने गए थे पैतृक निवास, 4 मकानों में चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना, चिनहट और मड़ियांव में चोरों ने 4 बंद मकानों का निशाना बनाया। वारदात के दौरान पीड़ित परिवार त्यौहार मनाने गृह जनपद गए थे। इसी दौरान चोरों ने ताले तोड़कर पूरे घर को खंगाला। नकदी, जेवर, घरेलू सामान, इलेक्ट्रॉनिक सामान पर हाथ साफ करने के साथ ही पोर्च में खड़ी दो बाइक भी उठा ले गए। पुलिस चारों मामलों को दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। गणेशपुर रहमानपुर निवासी सरिता सिंह के मकान में ओम प्रकाश श्रीवास्तव परिवार संग किराए पर रहते हैं। 31 अक्टूबर को वे परिवार संग दीपावली पर गृह जनपद गए थे। 4 नवंबर की देर शाम वापस लौटे तो कमरों के ताले टूटे और सामान बिखरा मिला। उन्होंने बताया कि चोर अलमारी में रखे 1.50 लाख और लाखों के जेवर चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही चिनहट पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। वहीं, इसी क्षेत्र के पार्वती नगर निवासी विजय मिश्रा 3 नवंबर को भाई दूज पर गांव गए थे। वापस लौटे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। उनका कहना है कि चोर नकदी और जेवर बटोरकर ले गए। पीड़ित ने मंगलवार को चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, मड़ियांव के प्रियदर्शिनी कालोनी सेक्टर-बी में प्रशांत तिवारी परिवार के साथ रहते हैं। दीपावली पर वे परिवार संग गांव गए थे। 4 नवंबर को वापस लौटे तो ताला टूटा और अंदर लाइट ऑन मिली। वे अंदर गए तो मोटरसाइकिल और जेवर गायब मिले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसी थाना क्षेत्र के सीतापुर रोड न्याय विहार कॉलोनी निवासी अशोक कुमार 30 अक्टूबर को परिवार संग लखीमपुर खीरी त्यौहार मनाने गए थे। मकान के ऊपर वाले हिस्से में अर्जित शुक्ला रहते हैं। वे भी गांव गए थे। 3 नवंबर को अर्जित लौटा तो अशोक के पोर्शन का ताला टूटा मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची। पीड़ित अशोक ने बताया कि चोर उनकी बाइक, इलेक्ट्रॉनिक और घरेलू सामान समेत लाखों का माल लेकर फरार हो गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### लापता किशोर का कुकरैल जंगल में लटका मिला शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा इलाके में रहने वाले 16 साल के किशोर का शव बुधवार सुबह इंदिरानगर स्थित कुकरैल जंगल में पेड़ से लटका मिला। परिजन ने अनहोनी की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है। बहादुरपुर निवासी सचिन (16) गुडंबा स्थित एक दुकान में नौकरी करता था। पिता मोहनलाल ने बताया कि बेटा मंगलवार सुबह ड्यूटी पर गया था। वहां से 900 रुपये लेकर निकला था। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। देर रात परिजन ने सचिन को तलाशना शुरू किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। बुधवार सुबह कुकरैल जंगल में पेड़ में गमछे के सहारे सचिन का शव फंदे से लटकता मिला।

## एक नजर

### राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता 18 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता शहर के गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित की जायेगी। क्षेत्रीय खेल कार्यालय की देखरेख में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में लखनऊ मंडल टीम प्रतिभाग करेगी। लखनऊ मंडल टीम के गठन को चयन ट्रायल 11 और 13 नवंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित किये जायेंगे। 11 नवंबर को जिला स्तरीय ट्रायल आयोजित होंगे। इस ट्रायल में चयनित खिलाड़ी 13 नवंबर को आयोजित होने वाले मंडल स्तरीय ट्रायल में शामिल होंगे। इस ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों को लखनऊ टीम में जगह दी जायेगी।

### महिला टेनिस प्रतियोगिता 18 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य स्तरीय महिला टेनिस प्रतियोगिता में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 18 और 19 नवंबर को आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली लखनऊ टीम के गठन को चयन ट्रायल 14 नवंबर को गोमती नगर स्थित विजयंतखंड मिनी स्टेडियम में आयोजित किये जायेंगे। यह जानकारी क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय कुमार सेठी ने बुधवार को दी।

### लखनऊ महिला बॉक्सिंग के गठन के लिए ट्रायल 14 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीनियर महिला राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता स्पोर्ट्स स्टेडियम टांडा आवास विकास खंड द्वितीय, बुलंदशहर में आयोजित की जायेगी। 14 से 13 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली लखनऊ महिला बॉक्सिंग टीम के गठन को चयन ट्रायल 9 और 11 नवंबर को आयोजित किये जायेंगे। 9 को जिला और 11 को मंडल स्तर पर ट्रायल होंगे।

# लखनऊ के सिद्धांत ने ध्वस्त की झांसी की किलेबंदी

## श्री हनुमान कप के लिए राज्य स्तरीय प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट, साई लखनऊ ने एसएसबी लखनऊ को हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमती नगर स्थित पद्मश्री मो. शाहिद हॉकी स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता
- लखनऊ छात्रावास और झांसी छात्रावास के बीच जीत के लिए जोरदार संघर्ष देखने को मिला

**अमृत विचार :** श्री हनुमान कप के लिए खेले जा रहे राज्य स्तरीय प्राइमनी हॉकी टूर्नामेंट में बुधवार को लखनऊ छात्रावास और साई लखनऊ ने एकतरफा जीत दर्ज की। गोमती नगर स्थित पद्मश्री मो. शाहिद हॉकी स्टेडियम में लखनऊ छात्रावास ने झांसी छात्रावास को 4-2 से हराया। इसके बाद खेले गए मुकाबले में साई लखनऊ ने एसएसबी लखनऊ को 5-0 से शिकस्त दी।

लखनऊ छात्रावास और झांसी छात्रावास के बीच जीत के लिए जोरदार संग्राम देखने को मिला। झांसी टीम ने पहले क्वार्टर में जिस तरह से खेल दिखाया, ऐसा लग रहा था कि लखनऊ के खिलाड़ियों को उनसे पार पाना आसान नहीं होगा।

लेकिन दूसरे क्वार्टर में ही मो. कैफ के नेतृत्व में उतरी लखनऊ छात्रावास की टीम ने झांसी की रक्षापंक्ति को न केवल ध्वस्त किया, बल्कि धमाकेदार प्रदर्शन के बलबूते पूरे मैच में उन पर दबाव बनाये रखा। दूसरे क्ववार्टर में लखनऊ के खिलाड़ियों ने दो, तीसरे और चौथे क्वार्टर में एक-एक गोल दागे। झांसी की टीम चौथे क्वार्टर में मात्र दो गोल कर सकी।


बॉल पर कब्जे के प्रयास में खिलाड़ी। अमृत विचार

लखनऊ की ओर से सिद्धांत सिंह ने दो गोल 25वें और 53वें मिनट में किये। उन्होंने पेनाल्टी कार्नर को गोल में बदला। फहद खान ने 29वें और केतन कुशवाहा ने एक-एक गोल किये। झांसी की ओर से 49 वें मिनट में करण ने और 51वें मिनट में सोनू ने गोल किया।

साई लखनऊ और एसएसबी लखनऊ के बीच खेला गया मुकाबला एकतरफा रहा। साई लखनऊ के खिलाड़ियों ने मैच में शुरू से दबाव बना लिया। साई की ओर से 19वें, 33वें, 42वें, 47वें और 51वें मिनट में क्रमशः कप्तान दीपक पटेल, इद्रीश, रोराश इक्का, दीपू रावत और नितिन ने गोल किये।

# प्रदीप और आरती निषाद 800 मी. दौड़ में अव्वल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- श्रीजेएनएमपीजी 52वीं वार्षिक एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** बीए के प्रदीप कुमार और आरती निषाद ने श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय की 52वीं वार्षिक एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में 800 मी.दौड़ में पुरुष व महिलाओं में पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय प्रबंध समिति के मंत्री प्रबंधक जीसी शुक्ल ने दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती के चित्र व जय नारायण मिश्र 'काकाजी' की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। इसके बाद उन्होंने प्राचार्य प्रो.विनोद चन्द्र के साथ मार्च पास्ट की सलामी लेकर व गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की।

पहले दिन पुरुष 800 मी. में प्रदीप कुमार ने पहला, बीपीएड के अमन वर्मा ने दूसरा व सुभाष ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी वर्ग में महिलाओं में आरती निषाद पहले, ज्योति दूसरे व अनन्या तीसरे स्थान पर रहे। इसके बाद 5000 मी. दौड़ में पुरुषों में अमन पहले, प्रदीप दूसरे व मंजीत कुमार तीसरे स्थान पर जबकि महिलाओं में में ज्योति माली पहले, शीतल दूसरे व कुसुमलता तीसरे स्थान पर रहे।

# लखनऊ के सामने आज होगी झांसी की चुनौती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 16वीं जमन लाल शर्मा राज्य बालक सब जूनियर हॉकी टूर्नामेंट

**अमृत विचार :** रामपुर, झांसी, भदोही व प्रयागराज ने 16वीं पद्मश्री जमन लाल शर्मा राज्य बालक सब जूनियर (अंडर-14) हॉकी टूर्नामेंट में लीग दौर के मुकाबले जीत लिए। इसी के साथ टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल की लाइनअप तय हो गयी है।

केडी सिंह बाबू सोसायटी के देखरेख में चंद्र भान गुप्त मैदान पर गुरुवार को क्वार्टर फाइनल में लखनऊ का मुकाबला झांसी से होगा। लखनऊ टीम खिताब बचाने उतरेगी।

आज भदोही और एसकेएचए गाजीपुर के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 की बराबरी छूटा। पहला गोल भदोही से रोहित बिंद ने 14वें मिनट में दागा। जवाब में गाजीपुर से अंशुमान ने 29वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। निर्धारित समय के बाद शूटआउट का सहारा लिया गया जिसे भदोही ने 3-2 से अपने नाम कर लिया। भदोही से प्रिंस यादव व करन ने सफल शॉट खेले जबकि गाजीपुर से अंशुमान ही गोल दाग सके।

दूसरे मैच में रामपुर ने भदोही को 3-0 गोल से हराया। विजेता टीम से रेयान, अमित व मेहवार ने गोल दागे।

झांसी ने मेरठ को 2-1 से हराया। एक अन्य मैच में प्रयागराज ने प्रतापगढ़ को 4-1 गोल से शिकस्त दी। प्रयागराज से अनिकेत ने 26वें व 39वें मिनट में मैदानी गोल दागे। प्रिंस ने 25वें मिनट में मैच का पहला गोल दागा। वहीं सिमरन खान ने 28वें मिनट में मिले पेनाल्टी कार्नर को गोल में बदला। प्रतापगढ़ से एकमात्र गोल रिंकू ने 44वें मिनट में किया। आज के मुकाबलों में ओलंपियन आरएस रावत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। गुरुवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में करमपुर बनाम भदोही, गाजीपुर बनाम रामपुर, झांसी बनाम लखनऊ और प्रयागराज बनाम विवेक अकादमी वाराणसी के बीच टक्कर होगी।

# बरेली मंडल बना ओवरऑल चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बरेली मंडल ने राज्य स्तरीय माध्यमिक विद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता में सर्वाधिक 22 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियनशिप जीत ली। वहीं लखनऊ की टीम ने बालिका अंडर-19 वर्ग में विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

चौक स्टेडियम के बहुद्देशीय हाल में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता के दूसरे दिन में सहारनपुर मंडल 18 अंक के साथ ओवरऑल उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के अंडर-19 आयु वर्ग में बालिकाओं में लखनऊ विजेता व बरेली उपविजेता रहा। बालकों में सहारनपुर पहले व कानपुर दूसरे स्थान पर रही।


राज्य स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय शतरंज प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने वाली लखनऊ की बालिका टीम। अमृत विचार

अंडर-17 आयु वर्ग में बालिकाओं में बरेली विजेता व सहारनपुर उपविजेता, बालकों में आजमगढ़ विजेता व सहारनपुर उपविजेता रहा। अंडर-14 आयु वर्ग में बालक व बालिका दोनों वर्गों में कानपुर विजेता बना जबकि दोनो ही श्रेणियों में बरेली उपविजेता रही।

इस प्रतियोगिता में 11 मंडलों की टीमों ने प्रतिभाग किया था। समापन समारोह में राजेश शाही (सहायक निदेशक सेवाएं, माध्यमिक शिक्षा शिविर कार्यालय) ने पुरस्कार वितरित किया।

- लखनऊ की बालिकाओं ने बिखेरा जलवा

**छठ पूजा के चलते आज ही खत्म कर दी प्रतियोगिता:** राज्य स्तरीय माध्यमिक विद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता 5, 6 और 7 नवंबर तक आयोजित की जानी थी। लेकिन 7 नवंबर को छठ पूजा को लेकर घोषित किये गए सार्वजनिक अवकाश के चलते प्रतियोगिता के सभी आयु वर्ग के फाइनल मुकाबले आज खेले गये। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आई टीमों को शाम को ही वापस भेज दिया गया।

## सार-संक्षेप

### लखनऊ बालक हॉकी टीम के गठन को ट्रायल 9 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता स्पोर्ट्स स्टेडियम रामपुर में 11 से 16 नवंबर तक आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने को लखनऊ मंडल की टीम को चयन ट्रायल 9 नवंबर को होंगे। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय सेठी ने बताया कि जिला और मंडल स्तरीय चयन ट्रायल एक दिन में पूरे किये जायेंगे।

### दीपक ने दिलाई इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मीडिया टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को मैन ऑफ द मैच दीपक की शानदार गेंदबाज की बदौलत इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने अमर उजाला को 54 रनों से हरा दिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 164 रन चढ़ाए। विशाल ने दो चौके व दो छक्के की सहायता से 36 रन बनाये। अभिषेक ने 30 ने रन बनाए। अमर उजाला के अर्जुन साहू ने 3 विकेट चटकाए। जवाब में अमर उजाला 20 ओवर में 110 रन ही जोड़ सकी। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के दीपक ने तीन विकेट झटके। फहीम को दो, गनेश, अभिषेक, मयूर और विशाल को एक-एक विकेट मिला।

### ऑल इंडिया आरपीएफ वॉलीबाल टूर्नामेंट 11 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** मानकनगर स्थित बाबू जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी के सामने बनी थर्ड बटालियन आरपीएफ में ऑल इंडिया आरपीएफ वॉलीबॉल टूर्नामेंट 11 नवंबर से आयोजित किया जा रहा है। पहला मौका है, जब लखनऊ में यह टूर्नामेंट हो रहा है। पांच दिवसीय इस टूर्नामेंट में देशभर से आरपीएफ की 27 टीमें हिस्सा ले रही हैं। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के आरपीएफ कमांडेंट देवांश शुक्ल को कप्तान बनाया गया है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में पहली बार ऑल इंडिया आरपीएफ वॉलीबॉल टूर्नामेंट हो रहा है। इसमें उत्तर रेलवे के अतिरिक्त उत्तर मध्य, पूर्वोत्तर सहित सभी रेलवे जोनों की वॉलीबॉल टीमें शामिल होंगी। कुल 27 टीमों को टूर्नामेंट के लिए आमंत्रित किया गया है। टूर्नामेंट महिला व पुरुष वर्ग में होगा। इसकी शुरुआत 11 नवंबर को होगी और प्रतियोगिता 15 तक चलेगी। तकरीबन 500 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में शामिल होंगे।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय कमेरा में खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** विकासखंड गोसाईगंज क्षेत्र के गंगागंज कस्बे से दो किमी दूर कमेरा मदारपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में खेल कूद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह द्वारा सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करने व दीप प्रज्वलित करके किया गया। अध्यक्ष के साथ महामंत्री अतीश भी मौजूद रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय बघौली तथा जूनियर में भी बघौली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में गुदौली प्रथम रहा। प्राथमिक स्तर में बालक 50 मीटर और 100 मीटर अंश बघौली जीतू गुदौली, बालिका वर्ग में 50 और 100 मीटर अंजली रामपुर नेहा अस्ती ने क्रमश: प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में किरन श्रीवास्तव, जगतपाल, अजय शुक्ला, संदीप, संतोष शुक्ला, अनिल शुक्ला, मेराज रसूल, उपमा मिश्रा, ज्ञान सिंह वर्मा, राजेन्द्र, धर्मेश, मिश्रीलाल, इंद्रजीत, मनोज आदि शिक्षकों ने सहयोग किया।

### रोगी सेवा में उत्कृष्टता को लेकर पीजीआई को मिला सम्मान

**अमृत विचार, पीजीआई :** संजय गांधी पीजीआई संस्थान को सार्वजनिक अस्पतालों के लिए रोगी सेवा वितरण में उत्कृष्टता की श्रेणी में प्रतिष्ठित फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स (फिक्की) द्वारा हेल्थकेयर उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान एसजीपीजीआई-टेली-आईसीयू-सेवा पहल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा में योगदान के लिए दिया गया है। अस्पताल प्रशासन विभाग के प्रमुख प्रोफेसर राजेश हर्षवर्धनन बताया इसके जरिए पूरे उत्तर प्रदेश में गंभीर मरीजों के लिए आईसीयू की कमी को दूर करना है।

### साइबर स्वच्छता पर पुस्तक का विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम 6 नवंबर 2024 को साइबर जागरूकता दिवस पर ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महिला महाविद्यालय के माध्यम से उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए साइबर स्वच्छता की मूल बातें पर पुस्तिका का विमोचन एवं पूर्व आईपीएस संजय सहाय द्वारा शीर्षक पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रो. आरसी वर्मा जी के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अगुवाई विपिन कुमार शुक्ल एवं डॉ.शीलधर दुबे के द्वारा किया गया। सहाय जी के व्याख्यान से महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण एवं छात्राएं भी शामिल रहीं।

### डीएम बड़े इमामबाड़े की पवित्रता और सुरक्षा सुनिश्चित करें

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी के पत्र पर कार्रवाई करते हुए लखनऊ की मंडलायुक्त डॉ. रौशन जैकब ने पुलिस कमिश्नर और जिलाधिकारी को आदेश दिया है कि वह बड़े इमामबाड़े की पवित्रता और सुरक्षा को सुनिश्चित कराएं। इस आदेश में कहा गया है कि बड़ा इमामबाड़ा हमारी समृद्ध विरासत और आस्था का प्रतीक है। बड़े इमामबाड़े में आपत्तिजनक रील और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किये जाने से धार्मिक स्थल की पवित्रता कमजोर होती है और एतिहासिक स्मारक की सुरक्षा पर गम्भीर सवाल उठाती है। मंडलायुक्त ने कहा है कि अली जैदी के अनुरोध के मद्देनजर बड़ा इमामबाड़ा की पवित्रता और सुरक्षा की कार्यवाही कराई जाए।

# केवि के बालक-बालिकाओं ने किया दमदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जूनियर (अंडर 18) खो-खो प्रतियोगिता में पहले दिन केंद्रीय विद्यालय की बालक और बालिका टीम ने दमदार प्रदर्शन किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम खेले गई प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय (केवि) आइआइएम, एसजीपीजीआई और कैंट की टीमों ने नॉकआउट दौर में जगह बनाई।


केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खो-खो खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

- जूनियर अंडर 18 खो-खो प्रतियोगिता

बालक वर्ग में केवि एसजीपीजीआई ने ब्राइटलैंड इंटर कॉलेज को 16-8, केवि कैंट ने कैपिटल पब्लिक स्कूल को 5-3, केवि आइआइएम रेड ने ब्लू को 3-1, बीकेटी इंटर कॉलेज ने महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल गोमती नगर ब्लू को 11-5, महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल गोमती नगर रेड ने कैपिटल पब्लिक स्कूल को 19-1 से, ब्राइटलैंड इंटर कालेज ने सेंट जूडस स्कूल को 14-9, केवि एसजीपीजीआइ ने सेंट जूडस को 18-3, सेंट फ्रांसिस निगोहां ने केवि आइआइएम ब्लू को 11-7 और महाराजा अग्रसेन रेड ने ब्लू को 6-4 से हराया।

बालिका वर्ग में केवि कैंट ने महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल को 21-1 से, केवि आइआइएम ने सेंट फ्रांसिस निगोहां को 23-2 से, बीकेटी इंटर कालेज ने सेंट लारेंस बीकेटी एवं ब्राइटलैंड इंटर कालेज ने बीकेटी ब्लू को 8-2 से, बीकेटी रेड ने महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल को 18-0 से, केवि आइआइएम ने बीकेटी ब्लू को 15-0 से, केवि कैंट ने सेंट लारेंस और सेंट फ्रांसिस निगोहां ने ब्राइटलैंड इंटर कालेज को 8-7 रोमांचक मुकाबले में शिकस्त दी।

# आर्डर लेट होने पर फूड डिलीवरी ब्वॉय को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में महज 13 मिनट आर्डर लेट होने पर दबंगों ने सोमवार रात फूड डिलीवरी ब्वॉय की पिटाई कर दी। पुलिस ने 3 नामजद समेत 6 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

देवामऊ निवासी धीरज कुमार ने बताया कि सोमवार रात खुर्दही बाजार का आर्डर आया था। रात 9:30 बजे 13 मिनट देरी से आर्डर लेकर पहुंचे। उसके पहुंचते ही देरी से आने का आरोप लगाते हुए अंश, आमिर व राईन अपने साथियों के साथ मिलकर पिटाई कर दी।

# उर्दू अकादमी : आईएएस स्टडी सेंटर की सहायक लाइब्रेरियन की सेवाएं समाप्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सचिव ने सभी कर्मचारियों के विभाग बदले

**अमृत विचार :** उर्दू अकादमी के कर्मचारियों ने सचिव के खिलाफ मोर्चा खोला और उनके साथ काम न करने का एलान किया तो सचिव ने भी अपने तेवर बदल लिए। उन्होंने दिन भर कर्मचारियों को धमकाया और शाम को निष्कासन की कार्रवाई शुरू कर दी। आईएएस स्टडी सेंटर की सहायक लाइब्रेरियन शकीला बेगम की सेवायें समाप्त कर दी गई हैं और उनसे 7 नवम्बर से कार्यालय नहीं आने को कहा गया है।

अकादमी सचिव की कार्यप्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले सभी कर्मचारियों को सचिव शौकत अली ने नोटिस देते हुए पूछा है कि क्यों न आपके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाये और क्यों न एक दिन का वेतन काट लिया जाए। सचिव ने सभी कर्मचारियों के विभाग बदले जाने का आदेश भी जारी कर दिया।

कर्मचारियों का आरोप है कि कर्मचारियों के विभाग इस तरह से बदले गए हैं कि सचिव की मंशा में किसी भी प्रकार की बाधा न पहुंचे। सचिव ने अपर मुख्य सचिव से दो कर्मचारियों को सचिवालय से प्रतिनियुक्ति पर उर्दू अकादमी से हासिल कर लिया है। कर्मचारियों का कहना है कि 10 साल से अकादमी के आईएएस स्टडी सेंटर में कार्यरत शकीला बेगम को बर्खास्त कर सचिव हवा का रुख देखेंगे। सब कुछ अनुकूल रहा तो एक और कर्मचारी मोहसिन को भी बर्खास्त कर दिया जाएगा। मोहसिन भी 10 साल से उर्दू अकादमी में कार्यरत हैं।


**उपलब्धि** यूएसए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से किया गया सम्मानित

# नवीन ने भारतीय चिकित्सा का बढ़ाया मान

संवाददाता, आशियाना

**अमृत विचार :** लोकबंधु अस्पताल के नर्सिंग संवर्ग के स्टॉफ योगाचार्य पं नवीन ने अपने संस्थान के साथ साथ देश का भी गौरव बढ़ाया है। उन्हें यूएसए बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड से सम्मानित किया गया है।

इस उपलब्धि के लिये लोकबंधु अस्पताल के डायरेक्टर सुरेश चंद्र कौशल और सीएमएस राजीव दीक्षित ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने बताया योग गुरु नवीन को नर्सिंग कार्य के साथ-साथ चिकित्सालय में योग आचार्य के रूप में भी जाना जाता है। नर्सिंग कार्य के साथ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आई हुई गर्भवती महिलाओं को गर्भ संस्कार योग कराने और सिखाने के साथ साथ उनमें गुणवत्ता कार्यों में विशेष रुचि रखने के कारण इमरजेंसी विभाग में नर्सिंग ऑफिसर की ड्यूटी प्रदान की गई थी। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के लिए लोकबंधु चिकित्सालय प्रशासन और चिकित्सा अधिकारियों ने उनकी सराहना की।


रिकार्ड के साथ लोकबंधु अस्पताल के नर्सिंग संवर्ग के स्टॉफ योगाचार्य पं नवीन।

# मोबाइल लूट कर भागा ई-रिक्शा चालक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** मोहनलालगंज पुलिस ने मोबाइल लूट कर फरार हुए ई-रिक्शा ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। माधवखेड़ा निवासी दीपू दुर्गा ट्रेडर्स में रहता है। मंगलवार देर रात एक युवक मोबाइल लूट कर भाग रहा था। जिसे दीपू ने दबोच कर पुलिस को सौंपा था।

इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि बलरामपुर निवासी मोहन पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी मोहन पाण्डेय ई-रिक्शा चलाता है और पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **प्रियंका पुत्री सुखारी लाल ग्राम संगवा परगना – बभनी पायर तहसील–मनकापुर जिला गोण्डा** की निवासिनी है। डाक विभाग द्वारा खरीदे गये किसान विकास पत्र में कुमारी पूजा देवी पुत्री सुखारी देवी लिखा है।जबकि दोनों नाम एक ही व्यक्ति हैं।

**सूचना**
मैंने अपना नाम NAJIM से बदलकर NAJEEM रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: MOHAMMAD EHASAN, R/o 108/301 TALAB GAGNI SHUKL VTC LUCKNOW G.P.O-226001

**सूचना**
मैंने अपना नाम JASNOORPREET KAUR से बदलकर JASNOORPREET SIDHU रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O: SURJIT SINGH SIDHU R/O: 411/240, NIWAZ GANJ PANNI WALI GALI THAKURGANJ, LUCKNOW.

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र रोल नंबर 1154197 वर्ष 2015 और इंटरमीडिएट का अंकपत्र रोल नंबर 5676807 वर्ष 2017 वास्तव में खो गया है। **ऋषभ कुमार मौर्या पुत्र राजेश कुमार मौर्या निवासी गंगापुर वारिद हाल पता टीचर कालोनी मिहीपुरवा थाना मोतीपुर बहराइच।**

**Notice**
SMT SUTTA DEVI MOTHER of No. 14439708A Rank BHM (TA) Name RAKESH KUMAR YADAV Unit 163 FD REGT resident of H.No-587A/363 GANDHI NAGAR TELIBAGH LUCKNOW UP PIN - 226025As per my Husband/Father/Brother service documents, my Date of Birth has been mentioned as SMT SUTTA DEVI which is incorrect. My correct Date of Birth as per my birth certificate issued by Registrar of Birth & Death/Matric certificate is SMT SUTTA The Date of Birth declared by my Son as 01-01-1945 which is existing in his service-documents is not correct All documents issued by government organization /offices have been signed by authorized designated and government officials.

**Notice**
I have changed my name from SAROJ DEVI to SAROJ due to culture Husband's surname and my date of birth is 04 Jun 1984 (Four June Nineteen Eighty four). That both Names SAROJ DEVI and SAROJ pertain to one and the same person. SAROJ DEVI spouse of No 14439708A BHM(TA) RAKESH KUMAR YADAV presently resident at Hno.587A/363 Gandhi Nagar, Telibagh, Lucknow (U.P.)

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **राजपती पत्नी श्रीराम निवासी– मो0 21 ऊपरी अशराफ टोला, परगना व तहसील– सण्डीला जनपद हरदोई** की निवासिनी है। मैने अपने बड़े पुत्र प्रदीप कुमार जायसवाल को उसके गलत आचरण के चलते बेदखल कर दिया था अब उसने अपने आचरण में सुधार कर लिया है एवं पूरे परिवार के साथ मिलजुलकर रहता है तथा घर पर किसी से भी झगड़ा नहीं करता है और न ही अब यह किसी गलत संगति में है इसके आचरण से मैं व मेरा पूरा परिवार संतुष्ट व प्रसन्न है। इस कारण हमारे द्वारा मेरे सगे पुत्र प्रदीप कुमार जायसवाल को बेदखली कार्यवाही जो पूर्व में की गई थी उसे निरस्त करती हूँ आज के बाद से मेरी चल अचल सम्पत्ति पर प्रदीप कुमार जायसवाल का अपने सभी भाईयो के बराबर का हक व अंश होगा। अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि मेरे द्वारा मेरे सगे पुत्र को आज की दिनाक से मेरी सब चल अचल सम्पत्ति से बेदखली का निरस्तीकरण किया जा रहा है।

**सूचना**
मैं, JC 829803W Nb Sub Clk Bechu Kumar, ग्राम– जमदरा, पोस्ट चकरा, जिला–मऊ, उत्तर प्रदेश 221705 ,निवासी का हूं, मेरी पुत्री का नाम कुछ कागजातों में गलत नाम संजना दर्ज हो गया है जबकि सही नाम संजना राजभर है, भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम को सही माना जाए।

**सूचना**
मैंने अपना नाम AMITABH से बदलकर AMITABH VISHWAKARMA रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: JAYDEV VISHWAKARMA, निवासी– 134 सुल्तानपुर घुघुरी जिला जौनपुर उ0 प्र0 223103

**सूचना**
मेरे LDA भवन संख्या E- III/89 सेक्टर– H, अलीगंज लखनऊ का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र की मूलप्रति कहीं खो गई है जिसका प्रयोग अवैध होगा– **अभिलाष कुमार आनन्द पुत्र राम भजन लाल नि. – 1060, सेक्टर–4, विकास नगर, लखनऊ**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र राघवेन्द्र यादव व पुत्रवधु मनीषा यादव को उसके गलत चाल–चलन व ख़राब आचरण के कारण उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **– बृजेश कुमार पुत्र राम आधार, निवासी– 545का 063/27, जे0बी0 गार्डेन, पारा, लखनऊ, उ0प्र0– 226017**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी जीवन बीमा पॉलिसी जिसका नं0 219604780 में मेरा नाम त्रुटिवश रिनित अंकित हो गया है जो कि गलत है। जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम रंजीता दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है। **रंजीता पुत्री स्व0 रामकिशोर, निवासी – मानखेड़ा, मल्हौर रोड़, चिनहट, लखनऊ।**

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या UP33 - 20100012269 और पेन कार्ड संख्या BDCPC 2065 B में मेरा नाम सुभाष चंद्र अंकित है , जो अपूर्ण है । जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुभाष चंद्र जायसवाल अंकित है , जो पूर्ण है । अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेंस और पेन कार्ड में मेरा पूर्ण नाम सुभाष चंद्र जायसवाल अंकित किया जाए । **सुभाष चंद्र जायसवाल पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद जायसवाल निवासी – वार्ड नंबर 5 अकोढीया रोड , नगर पंचायत ऊंचाहार – रायबरेली**

## एक नजर

### हत्यारोपी की बाइक डीएम कंपाउंड में मिली

**कानपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस निवासी शेयर कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता गुप्ता हत्याकांड में बुधवार को एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। हत्यारोपी जिम ट्रेनर विमल सोनी की बाइक पिछले चार माह से जिलाधिकारी कंपाउंड के अंदर खड़ी है। इसकी जानकारी जिलाधिकारी की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को नहीं है या वह लोग जानकर भी पूरी तरह से नजरअंदाज किए हुए हैं। कोतवाली पुलिस हत्यारोपी को 48 घंटे की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। एकता गुप्ता हत्याकांड के विवेचक धर्मेंद्र कुमार फोर्स के साथ बुधवार सुबह करीब 9 बजे जिम ट्रेनर विमल सोनी को कस्टडी रिमांड पर लेने जिला कारागार पहुंचे। वहां कागजी कार्यवाही व मेडिकल कराने के बाद उसे 9 .30 बजे लेकर कोतवाली पहुंचे।

### सीएसजेएमयू को क्यूएस एशिया रैंकिंग में स्थान

**कानपुर, अमृत विचार :** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर ने क्यूएस एशिया और क्यूएस साउथ एशिया रैंकिंग में पहली बार स्थान बनाया है। एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अनुसार सीएसजेएमयू एशियाई विश्वविद्यालयों में 801-850 के बैंड में है। दक्षिण एशिया क्षेत्र में विश्वविद्यालय का 263वां स्थान है। नैक ए प्लस प्लस और एनआईआरएफ के बाद विवि के लिए यह सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। विवि के अधिकारियों ने बताया कि एशिया और दक्षिण एशिया रैंकिंग में सीएसजेएमयू के शामिल होने से छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान में अध्ययन करने का गौरव मिलता है। यह मान्यता उनकी डिग्री को अधिक मूल्यवान बनाएगी। छात्र-छात्राएं वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे। नियोक्ता आमतौर पर रैंकिंग वाले संस्थानों के छात्रों को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में सीएसजेएमयू के स्नातकों को भारत और विदेश के नौकरी बाजार में विशेष पहचान मिलेगी। उच्च रैंकिंग विश्वविद्यालय के लिए दुनिया भर के सम्मानित संस्थानों के साथ नई साझेदारियां स्थापित करने में मददगार होगी।

# हरदोई : बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ऑटो डीसीएम में जा घुसा

## बिल्हौर-कटरा स्टेट हाईवे पर भीषण सड़क हादसे में 11 लोगों की चली गई जान

संवाददाता, हरदोई,



डीसीएम की टक्कर से क्षतिग्रस्त ऑटो। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिल्हौर-कटरा हाईवे पर अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने के लिए डीसीएम चालक ने तेज ब्रेक लगाई। इस कारण डीसीएम पूरी सड़क पर बेड़ा हो गया। इसी बीच सवारियों से भरे ऑटो के चालक ने भी अचानक ब्रेक लगाई। डीसीएम में टकराने से ऑटो में सवार 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ऑटो में 15 सवारी थी। वह बहुत तेजी के साथ जा रहा था, तभी अचानक सड़क पर सामने से आ रही डीसीएम ने उसे रौंद दिया। काफी दूर तक ऑटो घिसटता चला गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बिलग्राम-मल्लावां मार्ग पर हुए भीषण हादसे के बाद घटनास्थल और अस्पतालों में पहुंचकर राहत कार्यों का जायजा लिया। जिला अस्पताल में डाक्टरों से कहा कि घायलों का अच्छी तरह से उपचार किया जाये। इसके बाद जिलाधिकारी 100 शैय्या अस्पताल में स्थित मुर्दाघर पहुंचे। उन्होंने कहा कि नियमानुसार सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर शव परिजनों को सौंपे जाएं। जिलाधिकारी ने घटना पर गहरा दुःख जताया कि प्रशासन दुःख की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ है।



दुर्घटना में घायल से जानकारी लेते डीएम एमपी सिंह। अमृत विचार

### हम बीच में बैठे थे...इसलिए बच गए

हादसे में घायल संजय ने बताया- वह माधोगंज से ऑटो में बिलग्राम जाने के लिए बैठा था। रोशनपुर के पास सामने से आ रही डीसीएम ने बाइक सवार को टक्कर मारते हुए ऑटो को रौंद दिया। ऑटो में मेरा दोस्त और भतीजा था। वह भी घायल हैं। हम लोग बीच में बैठे थे, इसलिए बच गए। जब हादसा हुआ तो कुछ समझ ही नहीं आया। थोड़ी देर बाद चारों तरफ लाशें ही लाशें थीं। हम भी सड़क पर पड़े थे। उधर, मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। लोग परिवारीजन को ढांढस बंधाते रहे।

### बिलग्राम सीएचसी पर उमड़ी लोगों की भीड़

**हरदोई, अमृत विचार।** हादसे का शिकार हुए लोगों को रोशनपुर से कुछ ही दूरी पर बिलग्राम सीएचसी पहुंचाया गया। वहां तैनात चिकित्साधिकारी डा.राजेंद्र कुमार और उनकी टीम घायलों का इलाज करने में जुट गई। भीड़ की वजह से वहां तिल रखने की भी जगह नहीं थी, लेकिन फिर भी डा.राजेंद्र कुमार एक-एक घायल को उसके पास पहुंच कर देख रहे थे। उसी बीच सीएमओ डा.रोहिताश्व भी वहां पहुंच गए। उन्होने घायलों के इलाज के बारे में पूरी जानकारी ली और उनका हाल-चाल भी जाना।

# मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य पर दर्ज किया जाए मुकदमा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शननगर के प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, दो डॉक्टर व 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना करें। ये आदेश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंशुमाली पांडेय की अदालत से बुधवार को कोतवाल अयोध्या को दिया गया है।

अधिवक्ता मार्तंड प्रताप सिंह ने बताया कि हैदरगंज थाना क्षेत्र के बिंदा मिश्र का पूरा पछियाना निवासी जगदीश चंद्र मिश्र का पुत्र प्रभुनाथ मिश्रा दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में एक कंपनी के आउटसोर्सिंग के माध्यम से कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर 2019 से कार्यरत था। 29 जुलाई को सुबह 11:30 बजे वह अपनी ड्यूटी पर था। इस समय मेडिकल कॉलेज की 2020 बैच की छात्रा रितु व निर्मला कुमावत बलपूर्वक बिना लाइन के उसकी केबिन के अंदर घुसकर रजिस्ट्रेशन पर्चा काटने का प्रयास व दबाव बनाने लगीं। प्रभुनाथ ने दोनों से लाइन में लगकर पर्चा कटवाने को कहा। इस पर वह दोनों 10-12 अज्ञात सामाजिक तत्वों व अन्य अज्ञात डॉक्टर के साथ मौके पर आ गईं और प्रभु नाथ को मारा पीटा। प्रभुनाथ ने घर पहुंचने पर अपने पिता से पूरी बात बताई।

### मृत्यु की जानकारी हुई तो रघुनाथ को बना दिया आरोपी

आरोप है कि प्रभुनाथ के इलाज में भी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने लापरवाही की और उसे मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। डॉ. राम मनोहर लोहिया पहुंचने पर डॉक्टरों ने 8 अगस्त को उसे मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की संभावना की जानकारी होने पर साजिश करके झूठी घटना दिखाकर प्रभुनाथ मिश्रा का गलत नाम रघुनाथ मिश्रा दर्शाकर एक अन्य सहयोगी को भी सह आरोपी बनाकर अश्लील हरकत और धमकी देने की धारा में रिपोर्ट भी दर्ज करा दी गई। इस मामले में पुलिस ने कोई रिपोर्ट नहीं दर्ज की तब मृतक के पिता ने अदालत में रिपोर्ट दर्ज करने की अर्जी दी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने व परिणाम से न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया है।

## रामलला के साथ होगा पंचवटी रामेश्वरम में मौजूदगी का एहसास

**राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या, अमृत विचारः** अब अयोध्या में रामलला के दर्शन के साथ पंचवटी, रामेश्वरम जैसे स्थानों के दर्शन और वहां मौजूदगी की अनुभूति भी की जा सकेगी। यह सब संभव होगा वर्चुअल रियलिटी (वीआर) के जरिए। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। श्रीराम वन गमन स्थलों का वर्चुअल रियलिटी (आभासी वास्तविक) पर डेमों शुरू कराया है। जल्द ही श्रद्धालुओं को पूरी अयोध्या के दुर्लभ स्थानों के दर्शन के लिए इसके अन्य केंद्र खोले जाएंगे।

हनुमानगढ़ी से श्रीराम जन्मभूमि मार्ग स्थित राजद्वार पार्क के गेट पर दुर्लभ दर्शन केंद्र पर डेमो की व्यवस्था की गई है। आधुनिक तकनीक से सुसज्जित इस केंद्र में हेडफोन के जरिए श्रीराम वन गमन की अनुभूतिक पूरा यात्रा कराई जाती है। इसमें थ्री डी नियर-आई डिस्प्ले और पोज ट्रैकिंग का प्रयोग किया जाता है। इसमें हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके एक नकली दृश्य बनाया जाता है। दर्शकों को दृश्य इतना वास्तविक लगता है कि कई लोग वीआर से यात्रा के दौरान दुर्गम ऊंचे पहाड़ों के दृश्य के साथ यात्रा करते अपने को उसके इतना करीब पाते हैं कि गिरने के भय में चिल्लाने लगते हैं। शो रुकवा देते हैं। इस आभासी लेकिन वास्तविक यात्रा में तमसा तट के बाद श्रृंगबेरपुर, प्रयागराज में भारद्वाजमुनि के आश्रम के बाद चित्रकूट के अनुसूइया आश्रम के वास्तविक दृश्यों के साथ घटनाओं को दिखाया और इसके बारे जानकारी दी।

# सुलतानपुर में असलहे के बट से मारकर सर्राफा व्यापारी से लूट

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** दुकान बंद कर घर जा रहे बाइक सवार सर्राफा व्यापारी को कार सवार चार बदमाशों ने ओवरटेक कर असलहे की बट से मारकर आभूषणों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल व्यापारी को सीएचसी कूरेभार में भर्ती कराया गया है। एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर बदमाशों की तलाश में पुलिस टीम लगा दी है। घायल व्यापारी ने बताया कि उसके 14 से 15 लाख के आभूषण लूटे गए हैं। वही रात करीब 9 बजे आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं।

मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भरथीपुर नहर के समीप का है।

भरथीपुर गांव निवासी सुरेश चंद्र सोनी की गोसाईगंज थाने के सुदनापुर बाजार में सुरेश ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। सुरेश बुधवार की शाम करीब 6 बजे दुकान बंद कर आभूषण को बाइक की डिक्की में रखकर घर के लिए निकले। करीब साढ़े छह बजे वह भरथीपुर नहर के समीप पहुंचे थे, तभी पीछे से आई ऑल्टो कार ने ओवर टेक किया और उसे टक्कर मारकर गिरा दिया। जब तक वह कुछ समझ पाता कार से उतरे लुटेरे आभूषण से भरे झोले को छीनने लगे। व्यापारी ने विरोध किया तो बदमाशों ने व्यापारी पर असलहे की बट से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया और आभूषण से भरा झोला लेकर भाग निकले। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस घायल व्यापारी को सीएचसी कूरेभार में भर्ती कराया। मौके पर पहुंचकर एसपी सोमेन बर्मा ने जांच-पड़ताल की है। उन्होंने स्वाट टीम व सीओ जयसिंहपुर के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि अभी जांच चल रही है।

### पुलिस ने की घेराबंदी, नहीं मिले बदमाश

लूट की सूचना मिलते ही मौके पर सीओ रमेश कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा और चौकी इंचार्ज शैलेंद्र प्रताप सिंह पहुंचे। बदमाशों की घेराबंदी की, लेकिन उनका सफलता नहीं मिली। वहीं, मौके पर स्वाट टीम के साथ पहुंचे एसपी सोमेन बर्मा जांच पड़ताल की और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। रात करीब नौ बजे घटनास्थल पर आईजी आयोध्या प्रवीन कुमार भी पहुंच गए। एसपी व अन्य अधिकारियों घटना की जानकारी ली। सीओ रमेश कुमार ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए एसओजी सहित पुलिस की टीमें लगाई गई है। जल्द बदमाशों को पकड़ लिया जायेगा।

## रेलवे ने ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड की आबादी से ज्यादा लोगों को कराई यात्रा

**संवाददाता, नई दिल्लीः** चार नवम्बर 2024 को भारतीय रेल ने एक दिन में सबसे ज्यादा यात्रियों को यात्रा कराई। तीन करोड़ यात्री रेलवे में सवार हुए जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की संयुक्त आबादी से भी ज्यादा है। इस दिन 120.72 लाख (19.43 लाख आरक्षित एवं 101.29 लाख अनारक्षित गैर-उपनगरीय) यात्रियों ने यात्रा की। 180 लाख उपनगरीय यातायात भारतीय रेल द्वारा नियंत्रित किया गया। यह चालू वर्ष के लिये एक दिन में यात्रियों की सबसे अधिक संख्या है। पूजा/दिवाली/छठ की भीड़ के लिए 2024 में 01 अक्टूबर, 2024 से 30 नवम्बर, 2024 के बीच कुल 7,666 विशेष ट्रेनें अधिसूचित की गई हैं। अब तक 01 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक 4521 विशेष ट्रेनें चलाई गई हैं। छठ वापसी की भीड़ 8 को सुबह होगी जिसके लिये विशेष ट्रेनों को अधिसूचित कर दिया गया है।

### जंगल सफारी के साथ बोटिंग का आनंद लेंगे पर्यटक

**बिछिया, बहराइचः** कतर्नियाघाट ईको पर्यटन सत्र की शुरुआत वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने की। इस मौके पर वन मंत्री ने प्रोजेक्टर पर जंगल व पर्यटन पर बनी वीडियो शॉर्ट फिल्म दिखाते हुए लोगों के इसकी विशेषताएं बताईं। पर्यटन प्रभारी वन दरोगा मयंक पांडे ने बताया पर्यटक सत्र के पहले दिन से ही यहां जंगल सफारी कर जंगल की सुंदरता का दीदार कर सकेंगे साथ ही गेरुआ नदी में बोटिंग का आनंद ले सकेंगे।

## शराब पिलाई फिर पेट में मारी गोली

**महोली, सीतापुरः** दोस्त को घर से बुलाकर शराब पिलाई और फिर गोलियां दाग दीं। एक गोली पेट में लगने से ग्रामीण घायल हो गया। उसे इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जाकर भर्ती कराया गया है। महोली कोतवाली क्षेत्र के अढ़ौरा गांव में हुई वारदात को लेकर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उधर, क्षेत्राधिकारी महोली का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है। घायल ग्रामीण का उपचार जारी है। महोली कोतवाली क्षेत्र के अढ़ौरा गांव वासी रामजीवन और सतीश दोनों पुराने दोस्त बताए जाते हैं। सतीश के पुत्र अरुण के मुताबिक, रामजीवन उसके घर आए और पिता सतीश को अपने साथ घर ले गए। मंगलवार रात करीब दस बजे अचानक दो फायर की आवाज सुनकर परिवार और पड़ोसी घर से बाहर निकल आए, कुछ ही देर में गांव के लोग इकट्ठा हो गए। पता चला कि सतीश के पेट में गोली लगी है। अफरा-तफरी के बीच परिजन 45 वर्षीय सतीश को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।

# राज्यमंत्री की बनाई फर्जी आईडी

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचारः** साइबर ठग अब बड़े अधिकारियों और मंत्रियों को भी नहीं छोड़ रहे। ताजा मामले में साइबर ठगों ने राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर उनके परिचितों को संदेश भेजे और रुपये मांगने शुरू कर दिए। जानकारी होने पर राज्यमंत्री ने दरियाबाद थाने में सूचना दी और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। साथ ही फेसबुक और एक्स समेत अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से लोगों से सचेत रहने की अपील की।

सतीश शर्मा दरियाबाद विधानसभा सीट से भाजपा विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग के राज्यमंत्री हैं। साइबर ठगों ने उनके नाम की फर्जी आईडी बनाई और उनके परिचितों से रुपयों की मांग करने लगे। जब लोगों ने राज्यमंत्री को जानकारी दी तो वह हैरान रह गये। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी दरियाबाद थाना पुलिस को दी। राज्यमंत्री के समर्थक थाना बदोसराय के गांव थाना डीह निवासी पुष्पेंद्र शुक्ला उर्फ अंशु की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ। साथ ही सतीश शर्मा ने अपने फेसबुक और एक्स समेत अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से पोस्ट करते हुए लोगों से अपील करते हुए लिखा कि मेरे नाम की फर्जी आईडी बनाकर शुभ चिंतकों से पैसे की मांग का मामला सामने आया है। मेरी इस आईडी के अलावा दूसरी कोई अन्य आईडी नहीं है।



### रेलवे ने 28 कर्मचारियों को किया सम्मानित

**संवाददाता, नई दिल्ली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के रिटायर्ड 28 कर्मचारियों को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया। अपनी रेल सेवा का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए 31 अक्टूबर 2024 को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के ये कर्मचारी सेवा से निवृत्त हुए हैं। इन कर्मचारियों को कुल 11,64,92,275/ का भुगतान किया गया। इस कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अमित पाण्डेय ने कर्मचारियों का स्वागत किया। इसके बाद मण्डल रेल प्रबंधक एस एम शर्मा ने प्रत्येक कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र एवं गोल्ड कोटेड चांदी का पदक प्रदान कर सम्मानित किया। मण्डल रेल प्रबंधक ने कर्मियों के साथ उनके सेवा संबंधी अनुभवों एवं विचारों को साझा करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं।

## वर्ग पहेली-244

**बाएं से दाएं**

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो, टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण 2. अप्रिय अनुभव, हेठी, अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | 2 | 3 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ |
| ■ | 5 | | | ■ | 6 |
| 7 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 8 | | | |

### वर्ग पहेली -243 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | ■ | ■ | 2 कृ |
| व | ■ | ■ | 3 पै | ■ | पा |
| 4 डे | ढ़ी | ■ | 5 गं | धा | लु |
| र | ■ | ■ | ब | ■ | ■ |
| ■ | 6 झिं | गा | र | 7 ना | ■ |
| 8 पू | ■ | ■ | ■ | जु | ■ |
| ती | ■ | 9 रे | खां | क | न |

## सुडोकू -157

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 5 | | 9 | | 8 | 6 | |
| | 9 | | 5 | | | 1 | | |
| | 7 | | 2 | | | | | |
| | 8 | | 4 | 1 | | 9 | | 3 |
| 5 | | | | | | | | 8 |
| 9 | | 2 | | 6 | 5 | | 4 | |
| | | | | | 4 | | 1 | |
| | | 3 | | | 7 | | 8 | |
| | 6 | 8 | | 5 | | 2 | 9 | |

### सुडोकू - 156 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 4 | 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 | 6 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 | 1 | 9 | 8 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 नवंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 8 नवंबर 00 .34 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 11 .47 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष:** आज नई तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। आपको दूसरों की मदद करने के कारण लोकप्रिय रहेंगे। साधु प्रवृत्ति के लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा। दांपत्य जीवन का असंतोष भी आप संवाद के बल पर दूर कर सकते हैं।

**वृष:** आज दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। घर और कार्यक्षेत्र आवश्यक वस्तुओं की कमी के कारण आप क्रोधित हो सकते हैं। नए प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। पाचन शक्ति कमजोर होने के कारण दस्त और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**मिथुन:** आज नव विवाहित जोड़े परिवार आगे बढ़ाने के फैमिली प्लानिंग करने का विचार बना सकते हैं। जॉब व व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय पूर्व ही निपटा लेंगे। आपको एक बड़ा पद सौंपा जा सकता है। ससुराल पक्ष से शुभ सूचना मिल सकती है।

**कर्क:** आज नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के व्यवहार से परेशानी होगी। अपने लक्ष्य के प्रति आप एकाग्र रहेंगे। व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है। आपके मस्तिष्क में कुछ बेहतरीन रचनात्मक विचार आएंगे। इसका प्रयोग आप नए स्टार्टअप के लिए भी कर सकते हैं।

**सिंह:** आज का पूरा दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। आप लोगों के बीच आपकी लोकप्रिय रहेंगे। प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या:** आज पुरानी उलझनों को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घर के बुजुर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे। प्रेमीजन के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। ऑफिस में काम ज्यादा न होने के बाद भी आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। दृढ़ निश्चय के दम पर आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज लोन से जुड़े मामले उलझने की आशंका है। कब्ज के रोगियों को परेशानी होगी। बेवजह के मुद्दों पर आप घिर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। फाइनेंस से जुड़े कार्यों में देरी हो सकती है।

**धनु:** आज कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण पाने में सफल रहेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दांपत्य जीवन बेहद सुखद रहेगा। आप परिजनों के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे।

**मकर:** आज पुराने रोग दोबारा उभर सकते हैं। शाम के समय आप दिखावे में धन खर्च करेंगे। विदेशी स्रोतों से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ने की आशंका है।

**कुंभ:** आज पैतृक कारोबार में आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपके द्वारा बनाई हुई योजना सफल होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतरीन अवसर प्राप्त होने की संभावना है। आप अपने घर में किसी उत्सव का आयोजन कर सकते हैं।

**मीन:** आज नए कार्य की योजना बनाने के लिए दिन शुभ है। व्यापार में पार्टनरशिप करने के मौके मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रति आपके मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
हिरासत — सुबह : 08 .17
मि. नटवरलाल — शाम : 06 .23

&pictures
एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11.07
कोई...मिल गया — रात : 08 .00

SONY PIX
इट चैप्टर 2 — सुबह : 10 .31
2012 — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
बिजनेसमैन 2 — सुबह : 10 .08
खिचड़ी 2 — रात : 08 .00

ZEE ACTION
फूल और अंगार — सुबह : 10 .49
जलजला — रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुलिस- हम पुलिस वाले हैं, दरवाजा खोलो।
चिंटू- क्या काम है?
पुलिस- बात करनी है।
चिंटू- कितने लोग हो?
पुलिस- चार लोग हैं।
चिंटू- तो फिर मेरा क्या काम है, आपस में बात कर लो।

चेन स्नैचिंग वाले महिला के गले से हार खींच कर ले गए।
अगले दिन महिला बहुत ज्यादा दुखी हुई। हार के लिए नहीं , अखबार वालों ने छाप दिया- वृद्ध महिला के गले से हार छीन भागे चेन स्नैचर।

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्या प्रियवादिनी च।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन्॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या का ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं।

## संपादकीय

# असाधारण वापसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के प्रमुख कमांडर के रूप में अपनी भूमिका को फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। बुधवार को ट्रंप को उनकी जीत पर बधाई देते हुए दुनिया भर के नेताओं ने उनकी वापसी को इतिहास की सबसे बड़ी वापसी कहा है। चुनाव में जीत हासिल करके ट्रंप ने सिद्ध कर दिया कि वे राजनीति में एक बड़े खिलाड़ी थे और रहेंगे। वह पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन्हें आपराधिक आरोपों में दोषी करार दिए जाने के बाद भी इस पद के लिए नामांकन का अवसर मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। ट्रंप अगले वर्ष जनवरी में कार्यभार संभालेंगे। ट्रंप की जीत के बाद भारत के संदर्भ में कई ऐसे सवाल हैं, जो सामने आना शुरू हो चुके हैं। ट्रंप प्रशासन के नेतृत्व में भारत अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर पड़ेगा?

गौरतलब है कि दीपावली के अवसर पर ट्रंप ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताया था। उन्होंने भारत और अमेरिका के संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही अपनी सरकार आने पर दोनों देशों के बीच की साझेदारी को और आगे बढ़ाने का वादा किया। चीन मामले में भी ट्रंप ने भारत का समर्थन किया है। पिछली बार ट्रंप के कार्यकाल में ही इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीनी प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच सुरक्षा साझेदारी क्वाड को मजबूत किया गया था। हालांकि भारत के प्रति ट्रंप की वीजा नीति प्रवासियों के लिए काफी मुश्किलें पैदा कर सकती है। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में एच-1 बी वीजा नियमों पर सख्ती दिखाई थी। इसका भारतीय पेशेवरों और टेक्नोलॉजी कंपनियों पर असर दिखा था। अगर ये नीति जारी रही तो भारतीयों के लिए अमेरिका में नौकरियों के अवसर कम होंगे। महत्वपूर्ण है कि भारत और अमेरिका के बीच एक मजबूत व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो लंबे समय से साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, साझा हितों और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों पर आधारित है। ऐसे में भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग और बेहतर व मजबूत होने की संभावनाएं हैं।

# कैंसर से जंग की नई उम्मीदें


निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टेबलेट विकसित की है, जिसमें मुख्य बातें ये हैं कि विकसित की गई टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानी कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और दवाओं ने कई असाध्य रोगों पर विजय प्राप्त कर ली है, लेकिन खतरनाक कैंसर सभी चिकित्सा विधियों को चकमा देकर आगे बढ़ने वाला रोग साबित हुआ है। पिछले 20 सालों में दुनियाभर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। भारत में कैंसर के मामलों पर किए गए और बीएमसी कैंसर जर्नल में प्रकाशित आइसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) के 2022 के एक अध्ययन ने अनुमान जाहिर किया कि 2025 तक भारत में कैंसर के 2.98 करोड़ मामले हो सकते हैं। ये नीति आयोग के अनुमान के हिसाब से इस साल भारत की 1.4 अरब आबादी की दो फीसदी होगी।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी एक प्रकार का कैंसर उपचार है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने व नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है। उधर कैंसर के इलाज में भारतीय मसाले बेहद कारगर हैं। आईआईटी मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने कैंसर के इलाज के लिए इनका पेटेंट करवाया है। 2028 तक बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुंबई स्थित देश के सबसे बड़े टाटा मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर की तरफ से अब इस जानलेवा बीमारी को लेकर एक उम्मीद जगाने वाली खबर सामने आई है। मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर के एक शोध में यह दावा किया गया है कि उन्होंने कैंसर की एक बेहद किफायती संभावित दवा ढूंढ ली है, जो कैंसर सेल्स को फिर से बढ़ने से रोक सकती है और कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक है।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टेबलेट विकसित की है, जिसमें मुख्य बातें ये हैं कि विकसित की गई टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानी कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा। यह टैबलेट


राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस

कीमोथेरेपी जैसे ट्रीटमेंट के बुरे प्रभावों को 50 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। कैंसर के दोबारा बढ़ने या होने से रोकने के लिए संभावित दवा हो सकती है। कैंसर के दोबारा होने की संभावना को 30 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। टाटा रिसर्च ने जो दवा विकसित की है डॉक्टर्स करीब 12 साल से काम कर रहे हैं। चूहों पर प्रयोग कर इस दवा का सकारात्मक असर दिखा। कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्परिणामों पर असर का परीक्षण चूहों और इंसानों दोनों पर किया गया, लेकिन इसकी रोकथाम का परीक्षण अभी सिर्फ चूहों पर किया गया है। इसके लिए मानव परीक्षण यानी ह्यूमन ट्रायल पूरा करने में लगभग पांच साल यानी 2028 तक का समय लगेगा। लोगों को इसका लाभ मिलने के लिए कुछ वर्षों तक इंतजार करना पड़ सकता है।

वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई दशकों से काम करने वाली संस्था डीएस रिसर्च सेंटर ने पोषक ऊर्जा से कैंसर की औषधि तैयार करके यही काम किया है। वैज्ञानिक परीक्षणों में भी इस औषधि के नतीजे बेहतर पाए गए हैं। कोलकाता के जाधवपुर विश्वविद्यालय के नैदानिक अनुसंधान केन्द्र (सीआरसी) के निदेशक डॉ. टीके चटर्जी के अनुसार- 'डीएस रिसर्च सेंटर की पोषक ऊर्जा से तैयार की गई औषधि सर्वपिष्टी के पशुओं पर किए गए परीक्षण के परिणाम उत्साहजनक पाए गए हैं। यदि पशुओं के शरीर पर सर्वपिष्टी का प्रयोग किए जाने के बाद सीआरसी ने उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किए हैं तो ऐसे ही परिणाम इसे मानव शरीर पर प्रयोग करने से भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो कैंसर उपचार के इतिहास में युगांतकारी घटना होगी। सीआरसी विभिन्न रोगों के लिए दवाइयों का नैदानिक परीक्षण करता है।

इसी सिलसिले में उन्होंने सर्वपिष्टी का भी नैदानिक परीक्षण किया था। किसी दवाई की प्रभावकारिता का स्तर सुनिश्चित करने के लिए सामान्यतः दो प्रकार का परीक्षण किया जाता है- पहला, औषधीय (फार्माकोलॉजिकल) परीक्षण और दूसरा, विष विद्या संबंधी (टॉक्सिकोलॉजिकल) परीक्षण। ये परीक्षण आयातित सफेद चूहों पर किए गए। पशु शरीर में कैंसर कोशिकाओं को प्रविष्ट कराया गया और जब ट्यूमर निर्मित हो गया तब हमने दवा देना शुरू किया। 'पोषक ऊर्जा' के परीक्षण की स्थिति में 14 दिनों बाद जो प्रतिक्रिया देखी गई उनमें कोशिकाओं की संख्या स्पष्ट रूप से कम होना शुरू हो गई थी। पशु शरीर में कोई अल्सर पैदा नहीं हुआ। ट्यूमर विकास दर 46 प्रतिशत तक कम हो गई थी और दवाई की विषाक्तता लगभग शून्य थी। ऐसे सकारात्मक परिणाम हाल के समय में नहीं देखे गए थे। इस औषधि में कैंसर को रोकने और उससे लड़ने की अपरिमित संभावनाएं हैं।'

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी, लेकिन डीएस रिसर्च सेंटर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सन्निहित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं इसलिए वे औषधियां मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वथा अनुकूल थीं। यहां तक कि औषधि के सेवन का माध्यम भी दुग्ध शर्करा को बनाया गया था, जो एक मानवीय भोज्य है और स्वास्थ्य पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। डीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक वैज्ञानिक डॉ. उमाशंकर तिवारी के अनुसार सर्वपिष्टी कोई औषधीय सूत्र नहीं है, बल्कि पोषक ऊर्जा वर्ग की औषधीय का प्रतिनिधित्व करती है। सन 1982 में सेंटर ने कैंसर की औषधि तैयार की। इस औषधि के परीक्षण के लिए प्रारंभ से ही नीति बनी कि केवल ऐसे रोगियों की तलाश की जाए, जिन्हें अस्पताली चिकित्सा के धर्मकांटे ने चिकित्सा के लिए अयोग्य मानकर अंतिम रूप से छोड़ दिया हो। खोजबीन करके इस तरह के रोगियों तक पोषक ऊर्जा की खुराकें पहुंचाई जाने लगी। उन्हें यह भी कह दिया गया कि अपने कष्टों के लिए और स्वास्थ्य के विकास के लिए जो भी औषधियां वे लेते रहे हैं उन्हें लेते रहें। सेंटर के वैज्ञानिक तिवारी के निर्देशन में परीक्षण अभियान शुरू हुआ। अंततः औषधि की सफलता और उसके प्रभाव-परिणाम की सकारात्मकता, रोगियों के अपने अनुभवों तक सीमित नहीं रही, वह जांच रिपोर्टों से भी प्रमाणित हुई और पारंपरिक चिकित्सा के वर्तमान सूत्रधारों को अक्सर विस्मित भी करती रही, पर यह औषधि बाजार में उपलब्ध नहीं है।

हमारे भोजन में प्रयोग होने वाले मसालों से तैयार नैनोमेडिसिन ने फेफड़े स्तन सर्विकल, मुख, बृहदांत्र व थॉयराइड सेल लाइन के खिलाफ कैंसर रोधी गतिविधि दिखाई है, लेकिन ये सामान्य कोशिकाओं के लिए सुरक्षित है। पशुओं पर यह अध्ययन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है, अब क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी चालू है। प्रोफेसर नागराज नैनो इमल्शन की स्थिरता महत्वपूर्ण विचार था। हालांकि कैंसर कोशिकाओं के साथ सक्रिय अवयवों व उनके संपर्क के तरीकों की पहचान करने के लिए और अधिक अध्ययन प्रयोगशालाओं में जारी रखेंगे। वास्तव में पारंपरिक कैंसर उपचार में थेरेपी की तुलना में नैनो-ऑन्कोलॉजी के ढेरों फायदे तो हैं ही, इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। अपने भोजन में इन मसालों का महत्व हमेशा से है। हमारी रसोई में हल्दी, जीरा, मेथी, इलायची, काली मिर्च, अजवाइन, तेजपत्ता व गरम मसालों की मौजूदगी बताती है। हम पुरातन वक्त से इनके महत्व को समझ रहे हैं। इस तरह से तैयार की जाने वाली दवाएं बेहद सुरक्षित साबित हो सकती हैं। साथ ही इन मसालों के शुद्ध रूप को रोजाना के भोजन में शामिल कर हम इन रोगों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रयास भी कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# शारदा सिन्हा का पान भी सुरीला था

छठ मईया की आवाज, लोकसंगीत की लता मंगेशकर, स्वर कोकिला, बिहारी माटी की सुगंध, भोजपुरी-मैथिली गीतों की पवित्रता, मां शारदा की शक्ति, जैसी पहचान बनाने वाली शारदा सिन्हा का जिक्र और गीत गूंज रहे हैं। ये छठ महापर्व का शोक काल है। उनके कई गीत भावुक कर देते हैं, छठ की संगीतमय फिजाओं में शारदा की विदाई बेहद भावुक करने वाली है।

आस्था को चरम पर पहुंचाने वाले उनके गीतों की स्वर लहरियां जब फिजाओं में तैर रहीं हैं। ऐसे में उनकी रुखसती ने कइयों को रुला दिया। त्योहारों के अलावा मांगलिक आयोजनों में भी बिहार की इस स्वर कोकिला के गीत गूंजे बिना यहां सब कुछ अधूरा सा लगता है। सुपर हिट फिल्म- 'मैंने प्यार किया' के अलावा दर्जनों फिल्मों में भी उनके लोकगीतों ने धमाल मचा दिया था। साड़ी, बिंदी, सिंदूर। भारतीय संस्कारमय महिला का रूप, मां का स्वरूप शारदा ने छठ मईया की आस्था को भावनात्मक परंपराओं की उन ऊंचाइयों तक पंहुचा दिया, जहां आस्था के आगे कोई टिक ही नहीं सकता। पाश्चात्य संस्कृति की गोद में रहने वाले बिहार, यूपी, झारखंड इत्यादि सूबों के एनआरआई भी छठ पर्व पर शारदा के गीत सुनने की तलब में बेचैन हो जाता है, उनकी एक धुन से तड़प उठते हैं। धर्म, आस्था, सनातन धर्म और अपनी जड़ों की तरफ खिंचे चले आते हैं। जैसे उनकी मिट्टी की सुगंध उन्हें आवाज दे रही हो। ये बेचैनी साबित करती है कि किसी भी धर्म की आस्था तलवार की रक्षा से नहीं, सत्ता के स्वार्थ वाली धर्म-जाति की राजनीति से नहीं, बल्कि संगीत की ताकत से सुरक्षित होती है, आगे बढ़ती है और फलती-फूलती है।


नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

धर्म कोई भी हो पारंपरिक धुन, लय, गीत और संगीत की परंपराओं से धार्मिक आस्था परवान चढ़ती है। सनातन, सिख, क्रिश्चियनिटी तो छोड़िए इस्लाम धर्म तक में धुनों के बिना मजहबी अरकान अधूरे हैं। हालांकि इस्लाम के बहत्तर फिरकों में कुछ संगीत को गैर इस्लामी मानते हैं। जबकि अजान तक रिदम और लय के बिना अधूरी समझी जाती है। कुरआन की तिलावत भी लयबद्ध होती है। मिलाद, नात, कव्वाली, सलाम, पेशखानी, मातम, नौहा ख्वानी सबमें संगीत है, लय, रिदम और धुन के साथ ही ये आस्था में धार पैदा करते हैं। परंपराएं शुरू करते हैं, जो अटूट बन जाती हैं। ये रवायतें लोगों को खींचती हैं, जोड़ती हैं और आकर्षित करती हैं। शारदा सिन्हा ने अपने गीत-संगीत और मधुर आवाज की जादूगरी से सनातन धर्म की सेवा की, रक्षा की और पाश्चात्य युग में भी नई पीढ़ी को संगीत के माध्यम से धार्मिक परंपराओं से जोड़ा। क्योंकि संगीत में जोड़ने की जो शक्ति है वो तलवार से डराकर, सियासत से रिझाकर भी नहीं पैदा की जा सकती।

संगीत फेविकोल से कहीं अधिक जोड़ना की ताकत रखता है। चौबीस बरस पहले भी शारदा सिन्हा की तूती बोलती थी, उस जमाने में लखनऊ महोत्सव में देश के नामी-गिरामी कलाकार महोत्सव की रौनक बनते थे। यहां उनकी परफार्मेंस थी। गोमती होटल में वो ठहरी थीं। महोत्सव के दौरान लखनऊ के सांस्कृतिक संवाददाता बहुत व्यस्त रहते थे। मैं भी व्यस्त था। उन दिनों पान की लत थी। ये लत लगाई थी लखनऊ के जागरण चौराहे पर दीवान पान वाले ने। आजकल जिस चौराहे पर पुलिस बूथ है यहां दीवान की बड़ी सी पान की गुमटी हुआ करती थी। दीवान के पान की दीवानगी ये थी कि उसके हाथ के लगे पान के अलावा कहीं का पान अच्छा नहीं लगता था। उस दिन व्यस्तता के कारण उसके हाथ का लगा पान नहीं खा सका था। गोमती होटल में शारदा सिन्हा का इंटरव्यू लेने गया। बात करते-करते उन्होंने अपना पानदान निकाला और पान निकालकर खाया। बताया कि वो ये छोटा सा पानदान हमेशा अपने पास रखती हैं। बात करते-करते मैं रुक गया और मेरी लालच भरी निगाहों को उन्होंने ताड़ लिया। बोलीं-पान खाना है? झिझक से बोला जी खिला दीजिए। उनका पान खाकर दीवान का पान का स्वाद फीका पड़ गया। उनके पान में ऐसी मुलायमियत, ताजगी और अपनी मट्टी के सौंधे पन जैसा संगीत था। इतना स्वादिष्ट और सुरीले पान का स्वाद आज भी महसूस करता हूं।

चौबीस बरस हो गए अभी भी मुंह में उनके पान का स्वाद है। छठ महापर्व पर जब-जब शारदा सिन्हा के गीत कानों तक पहुंचे मुंह में उनके पान का स्वाद ताजा हो गया। सच तो ये है कि मां शारदा की भक्तन शारदा सशरीर नहीं रहीं, लेकिन उनकी आवाज, लोकगीत, धुने, भक्ति हमेशा जीवित रहेगी। छठ हो, मांगलिक कार्य या जीवन का संघर्ष, हर मौके पर शारदा सिन्हा का लोकसंगीत मिट्टी की सुगंध के साथ महकता रहेगा।

# पहाड़ों का मौन संघर्ष


जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

यह सिस्टम, यह समाज क्या कभी इन आवाजों को सुन पाएगा या केवल उन्हें इसी दर्द के साथ जीने का हुक्म देगा?

अल्मोड़ा में बीते दिनों फिर एक बस, किसी पुरानी घड़ी की टूटी सुई की तरह, खाई में गिर गई। हर बार की तरह, इस बार भी बस में भीड़ थी, उतनी ही जितनी अमूमन होती है- जैसे लोग अपनी जिंदगियों का बोझ साथ लेकर चल रहे हों और मौत एक बेजान पहरेदार हो, जो हर मोड़ पर मौन घात लगाए बैठा है। बसें तो वैसे भी पहाड़ों में उस संयम से नहीं दौड़तीं, जैसा मैदानों में।

यहां की बसें, अनियमित हैं-कभी आती हैं, कभी नहीं। लोग अपने भाग्य को बस की सीट पर यूं फेंक देते हैं, जैसे कोई सिक्का उछालते हों, जिसमें सामने मौत और पीठ पर जिंदगी हो। कोई विकल्प नहीं है उनके पास, शायद पहाड़ों ने उन्हें यही सिखाया है कि भीड़-भाड़, अनिश्चितता और असुरक्षित सफर ही उनकी नियति है। सरकार का ध्यान इस पर क्यों नहीं जाता कि इन संकरे रास्तों पर हर मोड़ पर एक बैरियर की जरूरत है। यहां हर खाई जैसे चुपचाप इंतजार कर रही है-किसी अनजान यात्री के लिए, जो उसे भरने आ सके। क्या ये सारे सुरक्षा उपाय, ये मापदंड, केवल आंकड़ों तक सीमित हैं? इस तरह जैसे पहाड़ों ने अपनी नियति को स्वीकार कर लिया हो, यहां हर सफर एक अंतिम सफर की तरह लगता है।

रात का अंधेरा...वह पहाड़ों का अपना है, जो रास्तों को मौन की चादर में लपेट देता है। इन अंधेरी सड़कों पर रोशनी नहीं है, शायद यह संदेश देने के लिए कि अंधेरा ही यहां का स्थाई साथी है। समय जैसे ठहर जाता है और हर मोड़ पर जिंदगी कहीं खो सी जाती है। बसें जब गुजरती हैं तो जैसे कोई प्राचीन गाथा की प्रतिध्वनि सुनाई देती है, जो हर साल थोड़ी और धुंधली होती जाती है। हर साल सरकार बजट बनाती है, जिनमें पर्वतीय क्षेत्रों का भी जिक्र होता है, लेकिन यह बजट किस खाई में गिरकर खो जाता है, यह सवाल हर पहाड़ी के दिल में कहीं चुपचाप बैठा है। वे अनायास ही इस खोखले आश्वासन को महसूस करते हैं, जैसे कोई बरसात के बाद की कुहासा हो, जो कुछ पल को तो दिखे, लेकिन छूते ही बिखर जाए। ये संकरी सड़कें बस प्रतीक्षारत हैं, जैसे किसी ने उनके हिस्से का इंतजार उन पर थोप दिया हो और बस दुर्घटनाएं हैं, जो उनकी जीवंतता की याद दिलाती हैं।

अस्पताल, जैसे एक ऐसी उम्मीद, जो खुद अपने अस्तित्व को लेकर अनिश्चित है और फिर वही परिचित घटना। कोई हादसा होता है, अधिकारी आते हैं, निरीक्षण करते हैं और कुछ आश्वासनों के कागजों पर हस्ताक्षर करके लौट जाते हैं। ऐसा लगता है जैसे पहाड़ के लोग केवल दुर्घटनाओं का इंतजार करें और उनके दर्द को किसी पुराने इतिहास के धूल भरे पन्नों में दफन कर दिया जाए। लोग कुछ दिनों के शोक में डूबते हैं और फिर इस दुख को कहीं गहरे छिपा लेते हैं। यह मान लिया गया है कि पहाड़ के लोग बस यूं ही जिएं, जैसे जीवन एक लंबा रास्ता हो, जिसमें हर मोड़ पर एक खाई इंतजार कर रही है। पहाड़ों में असुरक्षा एक अनिवार्य सत्य बन गई है। यहां हर दिन लोग इस अनिश्चितता के बीच रहते हैं- भीड़ से भरी बसों का सफर, मोड़ों पर बैरियर का न होना, और अस्पतालों में इलाज की उम्मीद न होना। जैसे यह सब महज घटनाएं नहीं, बल्कि यहां के लोगों के जीवन का स्थायी हिस्सा हैं। शायद यह लोग सोचते हैं कि एक दिन कोई उनकी चीखें सुनेगा, लेकिन तब तक अनगिनत आवाजें इन वादियों में कहीं खो जाती हैं।

यह त्रासदी सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि उन अनकही चीखों का स्वर है, जो इन वादियों में गूंजता है। हर झरने की धारा, हर खाई की गहराई, मानो इस पीड़ा को अपने भीतर समेटे हुए है। यह खामोशियां एक इंतजार हैं कि एक दिन कोई इनकी बात सुनेगा। पर कब? कब तक पहाड़ों के लोग यूं ही खाइयों में गुम होते रहेंगे? कब तक उनकी आवाजें इस सन्नाटे में डूबी रहेंगी? कहते हैं, पहाड़ों में धैर्य होता है- हर शिखर तक पहुंचने का, हर मौसम की मार सहने का। पर क्या यही धैर्य उनकी नियति बन गया है? यह चीखें, जो पहाड़ के सन्नाटे में दबी हैं, क्या हमेशा के लिए मौन ही रहेंगी? यह सिस्टम, यह समाज क्या कभी इन आवाजों को सुन पाएगा या केवल उन्हें इसी दर्द के साथ जीने का हुक्म देगा? हर हादसे के बाद एक उम्मीद जन्म लेती है कि शायद अब कुछ बदलेगा। शायद अब पहाड़ों की तकलीफें सुनी जाएंगी। पर क्या यह एक भ्रम नहीं? क्या यह पर्वतों की ऊंचाइयों में गूंजता एक असंभव प्रश्न है, जिसका उत्तर शायद कभी न मिले?

## सोशल फोरम

# तेजी से बढ़ रहा कैंसर

घोर यातना से गुजर जाना है कैंसर इंस्टीट्यूट में चंद घंटे गुजारना। हर तीसरे चौथे आदमी के चेहरे के हिस्से कटे-पिटे देखना पड़ता है। कच्चे टांके और ताजी उगती खाल, रिसता पस और उधड़ी हुई मुंह के अंदर की सफेद चर्बी के साथ लाल गुलाबी खाल ज्यादातर ने अंगोछे से अपना मुंह ढक रखा है और कुछ ऐसे ही डॉक्टर को दिखाने के लिए बैठे या लेटे हैं।



सुहेल वहीद अंसारी
उर्दू लेखक

लखनऊ में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टिट्यूट के हर कोने आतर में मरीज और उनके तीमारदार इधर उधर बैठे हैं। डॉक्टर रोजाना औसतन सौ सवा सौ की ओपीडी कर रहे हैं। डब्ल्यूएचओ कहता है हर साल करीब एक करोड़ से ज्यादा लोगों की मौत कैंसर से होती है। भारत में कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। इंडिया अगेंस्ट कैंसर के मुताबिक भारत में सन 2020 में कैंसर से करीब 8.5 लाख लोगों की मौत हुई। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में छपे एक पेपर में कहा गया है कि अगर लाइफस्टाइल में बदलाव कर लिया जाए तो कैंसर को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। एक हालिया रिसर्च में खुलासा हुआ है कि मुंह के कैंसर के मामले साउथ एशिया में सबसे ज्यादा हैं और इसकी सबसे बड़ी वजह तंबाकू है। इंटरनेशनल कैंसर रिसर्च एजेंसी की स्टडी कहती है कि सन बाइस में कुल 3,89,800 ओरल कैंसर मामलों में से 1,20,200 मामले बिना धुएं वाली तंबाकू से भारत में हुए थे।

स्टडी में यह भी बताया गया है कि महिलाओं में मुंह के कैंसर के मामलों का सबसे बड़ा कारण सुपारी 30 प्रतिशत और तंबाकू वाले पान मसाले 28 प्रतिशत हैं। इसके बाद गुटखा 21 प्रतिशत और खैनी 21 प्रतिशत का नंबर आता है। पुरुषों में ओरल कैंसर की सबसे बड़ी वजह खैनी 47 प्रतिशत, गुटखा 43 प्रतिशत, तंबाकू वाला पान मसाला 33 प्रतिशत और सुपारी 32 प्रतिशत है। इंस्टीट्यूट में जगह-जगह तंबाकू खाकर न आने के लिए तो लिखा है, लेकिन यह कहीं नहीं लिखा है कि गुटखा न खाएं, जो सबसे ज्यादा तेजी से कैंसर फैला रहा है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की तारीफ करनी ही पड़ेगी, जिन्होंने अपने स्टेट में गुटखे के प्रोडक्शन, कंजम्पशन और बिक्री, तीनों पर कड़ा प्रतिबंध लगाया। कैंसर इंस्टीट्यूट जाकर लगता है कि गुटखा यहां कैंसर की आपदा लाकर ही रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

# मीराबाई और प्रेतकल्प आलोचक


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

क्या वह आलोचक कल्पना कर सकता है कि सत्ता के विरुद्ध बगावत करने का अर्थ क्या होता है? मीरा का काव्य किसी आलोचक की संपत्ति नहीं है, वह समस्त लोक की संपदा है और ऐरा गैरा कोई आलोचक नहीं, लोकपरंपरा उसका प्रमाण है।

मीरा भारत के लोकजीवन और लोकमानस की इतनी और इतनी गहराइयों में व्याप्त है, जितनी गहराइयों में उसका मोल में खरीदा हुआ गिरिधर-गोविंद व्याप्त है-माई मैंने गिरिधर लीयौ मोल! कोई कहै सस्ता कोई कहै महंगा अरी मैंने लियौ तराजू तोल। जब मीरा ने गिरिधर को मोल में ले ही लिया तो फिर मीरा और कृष्ण में भेद ही नहीं रहा। उपास्य और उपासक का भेद मिट गया। दोनों एक रूप-एक रस हो गए। मीरा और कृष्ण एक हो गए-राधा के भी श्याम और मीरा के भी श्याम। भारत के भक्त संगीत में मीरा एक धारा या परंपरा बन चुकी है। मीरा की वाणी भारत के लोकमानस के साथ एक रस हो चुकी है, जहां तक मीरा की साहित्य संपदा की बात है, मीरा की साहित्य संपदा बहुत ही विशाल है।


मीरा की क्रांति चेतना ने राणा को चुनौती दी थी। ऐसी चुनौती कि महात्मा गांधी ने सत्याग्रह दर्शन की चर्चा में मीरा बाई का स्मरण किया था। मीरा की क्रांति चेतना अपनी आन-मरजाद, कुल परंपरा को छोड़ने की घोषणा कर दी। मीरा की विद्रोही चेतना ने निस्संकोच होकर कह दिया था कि संतन ढिंग बैठि बैठि लोकलाज खोई। अथवा लोग कहें मीरा भई रे बाबरी सास कहे घर नासी रे। राणा जी के विरुद्ध विद्रोह की नायिका थी मीरा। जहर का प्याला राणा जी ने भेजा पीबत मीरा नाची रे। सुकरात को भी जहर दिया गया था और मीरा को भी। सुकरात मर गया और मीरा जीवित बच गई, लेकिन सत्य तो दोनों के पास था। उन दिनों वृंदावन में श्री जीवगोस्वामी भक्ति संप्रदाय के बड़े आचार्य थे, मीराबाई जब उनसे मिलने गईं तो उन्होंने कहलवा दिया कि "मैं स्त्रियों से नहीं मिलता।" मीराबाई ने कहने वाले को उत्तर दिया कि "अच्छा, वृंदावन में श्रीकृष्ण के अतिरिक्त भी कोई पुरुष रहता है, यह मुझे आपसे ही ज्ञात हुआ है" और तुरंत चली गईं,

## विमर्श में कंवल भारती का व्याख्यान

जब जीव गोस्वामी के पास मीरा का उत्तर पहुंचा तब वे पहचान सके कि जो स्त्री आई थी, वह तो असाधारण थी। मीरा के दर्शन शास्त्र में पुरुष ही एक है: ऐसे वर को क्या वरों, जो जन्में और मर जाय।/ ऐसे वर को मैं वरों, जो मेरा चुलड़ा अमर है जाय। मीरा वृंदावन से द्वारका की ओर चल दीं। उस मीराबाई को लेकर कोई आलोचक यह लिखे कि कोई आदमी था गिरिधर जोगी और मीरा उससे सांसारिक प्रेम करती थी तो उस आलोचक को आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के शब्दों में "प्रेतकल्प" ही कहा जा सकता है। क्या वह आलोचक कल्पना कर सकता है कि सत्ता के विरुद्ध बगावत करने का अर्थ क्या होता है? मीरा का काव्य किसी आलोचक की संपत्ति नहीं है, वह समस्त लोक की संपदा है और ऐरा गैरा कोई आलोचक नहीं, लोकपरंपरा उसका प्रमाण है। ध्यान से समझने की बात यह है कि लोकचेतना में मीराबाई का क्या स्वरूप है?

# जगदंबा घर में दियराबारने चली गईं शारदा

जगदंबा घर में दियरा बार अइनी हे, जगतारन घर में दियरा बार अइनी हे। शारदा सिन्हा का यह गीत उनकी पहचान था। शारदा जिज्जी जगदंबा घर में दियराबारने चली गईं। भोजपुरी की ख्यातनाम गायिका शारदा सिन्हा के गीतों के बिना छठ के पर्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। छठ के घाटों पर उनके गीत न बजें, ऐसा हो ही नहीं सकता। छठ के गीत गाने वालों की कोई कमी नहीं है।


डॉ. राहुल मिश्र
मुंबई

भोजपुरी के गायक भी कम संख्या में नहीं होंगे, लेकिन भोजपुरी माटी के सोंधेपन की जो अनुभूति शारदा जिज्जी के गीतों में मिलती है, वह दुर्लभ है। वह आवाज शांत हो गई। उनके गाए गीतों का संकल हमारे सबके साथ रहेगा और उनकी स्मृतियों को सदैव जीवंत रखेगा। शारदा सिन्हा जीवनभर भोजपुरी की पहचान के लिए कार्य करती रहीं। भोजपुरी गीतों में आए फूहड़पन को वे बिल्कुल पसंद नहीं करती थीं। आज भी भोजपुरी गीतों की मिठास और जीवंतता इसी फूहड़पन के कारण समाज के बड़े वर्ग से दूर है। शारदा जी ने इस रिक्तता को भरा था। उनका स्वर जितना सुरीला और भोजपुरिया लहजे से पूर्ण था, उतना ही शब्दों की मर्यादा, गीतों के मुखड़े-बोल-अर्थ की मर्यादा का उन्होंने ध्यान रखा। इसी कारण उनके सामाजिक-सांस्कृतिक गीतों को आज भी अनेक पारिवारिक कार्यक्रमों में, विभिन्न संस्कारों में संस्कार के गीतों के रूप में गाया जाता है, सुना जाता है। शारदा सिन्हा जी जीवनपर्यंत भोजपुरिया संगीत, साहित्य व संस्कृति के लिए सक्रिय रहीं। इससे बड़ी बात उनकी भारतीयता के प्रति आस्था की है।

आज देश ही नहीं, विदेशों में भी भोजपुरी गीत-संगीत सहित समग्र भारतीय सांस्कृतिक चेतना की सशक्त हस्ताक्षर के रूप में शारदा सिन्हा की जो छवि है, उसे किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। शारदा सिन्हा जी का देहावसान ऐसी रिक्तता दे गया है, जो कभी नहीं भर पाएगी। शारदा सिन्हा जी के गीत न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान को जिलाए रखेंगे, वरन भोजपुरिया गीत-संगीत के भविष्य को एक दिशा भी देते रहेंगे, पथ प्रदर्शन करते रहेंगे।

## एक नजर

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले की सुनवाई 19 को

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह मामले में बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी, क्योंकि उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष हो रही थी और अब उनके सेवानिवृत होने के कारण एक नई पीठ का गठन होना है, जिसके लिए न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ को नामित किया गया है। बेंच (पीठ) में बदलाव के कारण आज इस मामले की सुनवाई टाल दी गई है। अब नई पीठ के समक्ष मामले की सुनवाई आगामी 19 नवंबर को दोपहर 2:00 बजे होगी। बता दें कि पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की रिकॉल अर्जी खारिज कर दी थी और इस मामले से संबंधित सभी 15 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करने का फैसला दिया था।

### वृद्धा की कंडे के बटिहा में जलकर मौत

**शाहजहांपुर :** बंडा क्षेत्र के गांव उगनापुर निवासी जागेश्वर के मकान के सामने कंडे रखने के लिए बटिहा है। उसे पुआल से ढक दिया था। मंगलवार की रात 9 बजे उसकी मां ललकोरा (70) कमरे में सोने चली गईं। सुबह 5 बजे उसे मां की चीख सुनाई दीं तो वह बाहर की ओर दौड़ा। देखा कि बटिहा और पुआल में आग लगी हुई थी और मां भी जल रही थी। उसके शोर मचाने पर गांव वाले एकत्रित हो गए और आग को बुझाया। वह गंभीर रूप से झुलसी मां को सीएचसी ले गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बटिहा और पुआल में आग कैसे लगी पुलिस जांच कर रही है।

# मां के उकसाने पर नाबालिग बेटे ने की थी उप प्रधानाचार्य की हत्या

## पुलिस ने नाबालिग, उसके दोस्त, भाई व मां को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उप प्रधानाचार्य की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्याकांड को अंजाम देने वाला नाबालिग निकला। नाबालिग ने भाई की मौत का बदला लेने के लिए मां के उकसाने पर दोस्त से बाइक चलवाई और खुद पैदल जा रहे उप प्रधानाचार्य की गोली मारकर हत्या कर दी। बुधवार को पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए वारदात की साजिश रचने वाली महिला, उसके 2 बेटों और नाबालिग के दोस्त को गिरफ्तार कर लिया।

थाना मझोला के लाकड़ी फाजलपुर निवासी शबाबुल आलम (28) रोजाना की तरह बीते मंगलवार की सुबह घर से लगभग 200 मीटर दूर स्थित स्कूल के लिए पैदल जा रहे थे। तभी पीछे से बाइक सवार दो युवक आ गए, उनमें से पीछे बैठे युवक ने तमंचा निकाल कर शबाबुल के सिर में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। इस मामले में मृतक के भाई रियाजुद्दीन की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपी शिवम राघव और नाबालिग भाई के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



▸▸ छोटे बेटे की मौत का बदला लेने के लिए महिला ने बेटों संग मिलकर घटना को दिया अंजाम

बुधवार को पुलिस लाइन में हुई प्रेसवार्ता में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि लाकड़ी फाजलपुर निवासी शबाबुल आलम की हत्या में बुधवार को थाना मझोला क्षेत्र की आफत नगरी निवासी कविता, उसके बेटे शिवम राघव, दूसरे नाबालिग बेटे और बेटे के दोस्त हर्ष चौधरी निवासी एकता कॉलोनी थाना मझोला को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी कविता ने बताया कि उसका छोटा बेटा प्रिंस राघव श्री साईं विद्या मंदिर स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ता था। 13 फरवरी को उसने स्कूल में उप प्रधानाचार्य शबाबुल को एक शिक्षिका के साथ बातचीत करते देख लिया था। इससे गुस्साए शबाबुल और शिक्षिका ने उसकी पिटाई कर दी थी। जिससे परेशान होकर बेटे ने आत्महत्या कर ली थी। वह अपने बेटे की मौत का बदला लेने के लिए शबाबुल को सजा दिलाना चाहती थी, लेकिन उसकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही थी। जिसके बाद उसने अपने दोनों बेटों को उकसाया और शबाबुल की हत्या की साजिश रची।

महिला ने अपने दोनों बेटे और उनके दोस्त हर्ष के साथ मिलकर हत्याकांड की साजिश रची। घटना वाले दिन दोनों बेटे अपने दोस्त को लेकर लाकड़ी फाजलपुर पहुंच गए थे। शिवम की बाइक को हर्ष चला रहा था। इसी दौरान स्कूल के पास आकर बाइक पर पीछे बैठे नाबालिग बेटे ने शबाबुल के सिर में गोली मार दी। इसके बाद दोनों वहां से भाग गए और घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर खड़े शिवम को बाइक पर बैठाकर फरार हो गए थे। पुलिस ने कविता, उसके बेटे शिवम, दोस्त हर्ष व नाबालिग बेटे को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से एक तमंचा, कारतूस, घटना में इस्तेमाल की गई बाइक व 5 मोबाइल बरामद किए। जिसके बाद पुलिस ने कविता, शिवम और हर्ष को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है, जबकि चौथे नाबालिग आरोपी को राजकीय संप्रेक्षण गृह में भेजा गया है।

## संदिग्ध हालात में लखनऊ के लेखपाल की मौत

**रामपुर :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की रामनाथ कॉलोनी में कमरे में लेखपाल का शव मिला। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है।

लखनऊ के मुंशीगंज निवासी सुरेंद्र कुमार (48) की तैनाती तहसील सदर में राजस्व लेखपाल के रूप में हुई थी। वह काफी समय से सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रामनाथ कॉलोनी में किराये के मकान में रह रहे थे। तीन दिनों से वह घर से बाहर नहीं आए। बुधवार देर शाम कुछ लोगों ने खिड़की से देखा तो उनका शव बिस्तर पर पड़ा था। सूचना के बाद डीएम और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। मृतक लेखपाल की पत्नी हल्द्वानी में चिकित्सक बताई जा रही हैं।

# किच्छा स्टेशन के पास पटरी से उतरी बीसीएम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ बहेड़ी-किच्छा सेक्शन में चार घंटे ठप रहा रेल संचालन

▸▸ रास्ते में रोकी गईं कई ट्रेनें और मालगाड़ियां, परेशान हुए यात्री

**अमृत विचार :** किच्छा स्टेशन के पास बुधवार सुबह यार्ड में जाते समय ब्लास्ट क्लिनिंग मशीन (बीसीएम) डिरेल हो गई। इस घटना से रेल प्रशासन में खलबली मच गई। घटना के बाद बहेड़ी-किच्छा रेल मार्ग चार घंटे तक बंद रहा। इसकी वजह से दो यात्री ट्रेन और कई मालगाड़ियों का संचालन प्रभावित हुआ।

बताया जा रहा है कि बुधवार तड़के तीन बजे बहेड़ी स्टेशन पर दो बीसीएम काम करके किच्छा लौट रही थीं। आगे वाली बीसीएम तो निकल गई लेकिन पीछे से आ रही दूसरी बीसीएम ने जैसे ही शंट सिग्नल पार किया, ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर ने प्वाइंट रिवर्स से नॉर्मल कर दिया। इस वजह से बीसीएम पटरी से उतर गई। आगे की ट्रॉली के चारों चक्के पटरी से उतर गए। इसके बाद आनन-फानन लालकुआं से रिलीफ टीम बुलाकर बीसीएम को पटरी से लाने का काम शुरू किया गया।

सेल्फ प्रोपेल्ड एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन (स्पार्ट मशीन) की मदद से करीब 5:45 बजे उसे पटरी पर लाया जा सका लेकिन रेलवे ट्रैक बहाल करने में कई घंटे लग गए। चार घंटे बाद सुबह करीब सात बजे ट्रैक को फिट घोषित करने के बाद इस रेलवे लाइन पर ट्रेनों का संचालन बहाल हो सका। घटना की रिपोर्ट मंडलीय अधिकारियों को सौंपी गई है।

### ढाई घंटे खड़ी रहीं आगरा फोर्ट और लालकुआं स्पेशल

बीसीएम डिरेल होने की वजह से ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। 15055 आगरा फोर्ट–रामनगर एक्सप्रेस को देवरनिया स्टेशन पर करीब सवा दो घंटा रोकना पड़ा तो दूसरी तरफ 05046 राजकोट–लालकुआं स्पेशल ट्रेन को भी ढाई घंटा से ज्यादा खड़ा रखा गया। इससे इन दोनों ट्रेनों के यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। कई मालगाड़ियों का संचालन भी प्रभावित हुआ।

### डिरेलमेंट से इनकार

इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने डिरेलमेंट की घटना से ही इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि ब्लॉक लेकर काम किया जा रहा था जिसके लंबा खिंच जाने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ।

# पेट्रोल पंप कर्मियों से लूट मामले में चार पुलिसकर्मी निलंबित

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पेट्रोल पंप के कैशियर के साथ हुई साढ़े पांच लाख रुपये की लूट के मामले में कड़ी कार्रवाई की है। एसपी ने हल्का के दरोगा, हेड कांस्टेबल और दो कांस्टेबलों को निलंबित कर दिया है।

हाईवे किनारे पर एक होटल के पास 4 नवंबर की दोपहर करीब 3:30 बजे भारत पेट्रोल पंप के




▸▸ तीन बदमाशों ने बैंक के गार्ड पर हमला कर लूट लिए थे साढ़े पांच लाख

कैशियर गांव दरियापुर निवासी जबर सिंह बाइक से सुरक्षा गार्ड सोमपाल सिंह के साथ हसनपुर मार्ग पर एसबीआई में कैश जमा करने जा रहे थे। इसी बीच तीन नकाबपोश बदमाशों ने बाइक की चाबी निकालकर गार्ड पर पेचकस से वार कर कैशियर से रुपयों से भरा बैग लूट लिया था। हालांकि सुरक्षा गार्ड ने बचाव में दो राउंड फायरिंग की थी। इसमें एक गोली बदमाश को लगने की बात मानी जा रही है।

### 10 टीमें कर रही बदमाशों की तलाश

घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस, एसओजी, सर्विलांस टीम और क्राइम ब्रांच सहित 10 टीमें जांच कर रही हैं। मगर, अभी कोई सुराग नहीं मिला है। इसी प्रकरण में पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बुधवार को घटना क्षेत्र के हल्का उपनिरीक्षक संजय कुमार, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार और जितेंद्र को निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मचा है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि बदमाशों की तलाश में सभी टीमें कार्य कर रही हैं। सभी अहम बिंदुओं पर काम किया जा रहा है।



नई दिल्ली में छठ पर्व को लेकर कालिंदी कुंज में प्रदूषित यमुना नदी में जहरीला झाग घोलने के लिए रसायनों का छिड़काव करते श्रमिक।

# भाजपाइयों की नौटंकी और भाषणबाजी से किसान परेशान : अखिलेश यादव

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को बर्बाद कर दिया है। आज किसान सबसे ज्यादा बदहाल और परेशान है। भाजपाइयों की नौटंकी और भाषणबाजी से किसान परेशान हैं।



अगर काटने-बांटने की भाषणबाजी और राजनीतिक पर्यटन से मुख्यमंत्री को फुर्सत मिले तो अपने गृह जिले समेत पूरे राज्य में डीएपी बंटवा दें, बुवाई का सीजन फिर साल भर बाद ही आएगा।

सपा प्रमुख ने बुधवार को अपने बयान में कहा कि भाजपा ने किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया था किन्तु उसका अब कहीं जिक्र तक नहीं होता है। थोपे गये तीन काले कानूनों की वापसी के लिए सात सौ से ज्यादा किसानों की मौतें हो गईं, फिर भी सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का कानून नहीं बनाया। किसानों पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं।

# अविवाहित युवती ने प्रेमी के साथ मिलकर जमीन में दबाई थी नवजात, दोनों गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ गांव के ही एक व्यक्ति से था युवती का अवैध संबंध, बदनामी के डर से उठाया कदम

**अमृत विचार :** संभल जनपद के नखासा थाना क्षेत्र में चार दिन पहले नवजात को मिट्टी में दबाने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।

शादीशुदा ग्रामीण के साथ अवैध संबंध के चलते युवती गर्भवती हुई और उसने नवजात बच्ची को जन्म देने के बाद उसकी जान लेने के लिए प्रेमी के साथ मिलकर उसे जमीन में दबाया था। पुलिस ने अविवाहित युवती व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं जिला अस्पताल में भर्ती नवजात बच्ची की हालत में अब सुधार है।

थाना क्षेत्र के गांव मन्नीखेड़ा गांव में चार दिन पहले मनोज के खेत में सरसो की फसल के बीच नवजात बच्ची जमीन में दबी मिली थी। गांव चौकीदार अख्तर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस को पता चला कि गांव के शादीशुदा व एक बच्ची के पिता नरेंद्र का गांव में एक युवती के घर आना जाना था। इसी दौरान नरेंद्र व युवती के बीच अवैध संबंध हो गए। नरेंद्र व युवती ने मिलकर जंगल में नवजात बच्ची को सरसो के खेत में मिट्टी में दबा दिया था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। नरेंद्र की पत्नी पांच वर्ष पहले अपने बेटी को लेकर चली गई थी। नरेंद्र की जमीन ठेके पर रखकर युवती का पिता जुताई बुबाई करता था। जिससे नरेंद्र का युवती के घर आना जाना था।

## सीबीएसई ने 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डमी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ले ली और छह स्कूलों का उच्चतर माध्यमिक का दर्जा घटाकर माध्यमिक कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम सितंबर में राजस्थान और दिल्ली के विद्यालयों में किए गए औचक निरीक्षण के बाद उठाया गया है, जिसमें कई खामियां पाई गई थीं। सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा कि डमी या बिना-उपस्थित प्रवेश की प्रथा स्कूली शिक्षा के मूल उद्देश्य के विपरीत है, तथा इससे छात्रों के आधारभूत विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

# बेटे के प्रेम विवाह करने पर पिता की हत्या करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ 29 अक्टूबर को गांव की ही युवती से किया था प्रेम विवाह

**अमृत विचार :** कोतवाली सदर के गांव फत्तेपुर में ग्रामीण का शव पेड़ से लटका मिला। परिवार वालों ने बेटे से प्रेम विवाह करने वाली युवती के परिजनों पर हत्या का आरोप लगा तहरीर दी। पुलिस जांच कर रही है।

गांव फत्तेपुर निवासी मोबीन बुधवार की सुबह करीब 5 बजे शौच करने के लिए खेतों की तरफ गया था। सुबह 6 बजे ग्रामीणों ने उसका शव नीम के पेड़ से लटका देखा तो घरवालों को जानकारी दी। मृतक के मुंह में कपड़ा ठुंसा था और गले में लोअर की डोर (नारा) कसा था। चप्पलें अलग-अलग स्थानों पर पड़ी थीं। अंदाजा लगाया जा रहा है कि हत्यारों ने मोबीन को दौड़ाकर पकड़ लिया और मुंह में कपड़ा ठूंस गला दबाकर हत्या कर दी।

परिवार वालों ने बताया कि मोबीन के बेटे मुजाहिद अली का गांव के ही यूनुस की भतीजी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 29 अक्टूबर को दोनों ने निकाह कर लिया। इससे यूनुस और उसका परिवार रंजिश मान रहा है। मंगलवार को कोतवाली गेट पर यूनुस ने मोबीन और मुजाहिद को दस दिन में हत्या की धमकी दी थी। परिवार वालों ने नामजद तहरीर दी है।

## बौद्ध स्थलों पर सुविधाओं का किया जा रहा विस्तार

**लखनऊ :** गौतम बुद्ध से जुड़े स्थल कुशीनगर में टीएफसी, गेट कांप्लेक्स व अन्य पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। श्रावस्ती में बौद्ध विहार, कौशांबी में बौद्ध थीम पार्क और गेट कांप्लेक्स निर्माण की तैयारी है। यह बात पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दिल्ली के निजी होटल में दो दिवसीय बौद्ध शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन बुधवार को कही।

अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ एवं संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त तत्ववाधान में आयोजित दो दिवसीय समिट में पर्यटन मंत्री ने बताया कि समिट का विषय 'एशिया को मजबूत करने में बुद्ध धम्म की भूमिका' रखा गया था।

# संतान न होने पर विवाहिता को जिंदा जलाया, आरोपी फरार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शादी के 9 वर्ष बाद भी संतान न होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता की जिंदा जलाकर हत्या कर दी और लाश को घर में पड़ा छोड़ फरार हो गए। गांव के लोगों की सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हरदोई जिले के गांव मझिला निवासी सुभाष सिंह के मुताबिक उन्होंने 2015 में अपनी बेटी रूबी की शादी बिथरी चैनपुर के गांव बेनीपुर सादात निवासी रितेश उर्फ माधव के साथ की थी। आरोप है कि मंगलवार दोपहर रिश्तेदारों और परिचितों ने उन्हें रूबी के अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी। वह अस्पताल पर पहुंचे तो उनकी बेटी की मौत हो चुकी थी। उन्होंने उसके ससुराल वालों से पूछताछ की तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। सुभाष ने रूबी के पति रितेश, ससुर राकेश सिंह, सास किरन और देवर भीम सिंह के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिथरी चैनपुर के थाना प्रभारी आदेश कुमार ने बताया कि सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कण्डारी - विकास खण्ड पहला सीतापुर**

पत्रांकः मेमो / कण्डारी/ सा0आपूर्ति / नि.प./2023–24 दिनांकः 06/11/2024

अल्पकालिक निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से पंचम वित्त/15 वॉ वित्त योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला/ग्राम पंचायत के पंजीकृत दुकानदारों/फर्मो से सामग्री आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.11.2024 से 12..11.2024 अपरान्ह 4.00 बजे निविदा मूल्य जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत अधिकारी कण्डारी से प्राप्त की जा सकती है। मोहरबन्द निविदा दिनांक 12.11.2024 को अपरान्ह 4.00 बजे ग्राम पंचयत अधिकारी कण्डारी एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत ठेकेदारों की उपस्थित में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री की अनुमानित लागत | सामग्री का नाम | सा0 अपूर्ति की अवधि | निविदा का शुल्क | निविदा की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सलारपुर में रामबक्श के घर से रामलाल के घर तक खड़जा मरम्मत कार्य | 142092/– | ईट | 1 माह | नि0 शुल्क | ग्रा0पं0 पंजीकृत दुकानदार |
| 2 | ग्रा0पं0 कण्डारी के विद्यालय में कायाकल्प का कार्य (प्रधानाचार्य कार्यालय बरान्डा) रसोई कक्ष 1 व 2 टायलीकरण का कार्य | 145789/– | सी0 मौरंग, ईट रोडी, टाइल्स इत्यादि | 1 माह | नि0 शुल्क | ग्रा0पं0 पंजीकृत दुकानदार |

निविदा की पात्रता :–

1– निविदा सम्बधी अन्य जानकारी दिनांक 07.11.2024 से किसी भी कार्य दिवस कार्यालय ग्राम पंचायत / ग्राम विकास अधिकारी कण्डारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती

2 – निविदा प्रपत्रो के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।

**अशीष कुमार वर्मा**
ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम कण्डारी, वि0ख0 पहला–सीतापुर


## उत्तराखंड

# प्रदेश की गरिमा का प्रतीक बनेगा उत्तराखंड निवास

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में उत्तराखंड राज्य अतिथि गृह 'उत्तराखंड निवास' का लोकार्पण किया। लगभग 120 करोड़ 52 लाख की लागत से बने उत्तराखंड निवास में राज्य की संस्कृति, लोक कला और वास्तुकला का समावेश है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति की झलक को समेटे यह भवन राष्ट्रीय राजधानी में प्रदेश की गरिमा का प्रतीक बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सब उत्तराखंड निवास के लोकार्पण के ऐतिहासिक पल के साक्षी बन रह हैं। उत्तराखंड निवास उत्तराखंड की अद्वितीय कला की छाप संजोये



नई दिल्ली में उत्तराखंड निवास का फीता काटकर लोकार्पण करते मुख्यमंत्री धामी।

हुए है। इसकी दीवार पारंपरिक रूप से पहाड़ी शैली के सुंदर पत्थरों से निर्मित है, जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत करने का कार्य करती है। यह भवन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को एक नई ऊंचाई प्रदान करने के साथ ही राज्य और देश-विदेश से आने वाले अतिथियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने यहां पारंपरिक व्यंजनों के साथ ही श्री अन्न और जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए विशेष काउंटर लगाने के निर्देश दिए। राज्य की पहचान टोपी, पिछोड़ा, शॉल, जैकेट एवं अन्य प्रसिद्ध उत्पादों की बिक्री की भी व्यवस्था हो।

▸▸ मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में किया उत्तराखंड राज्य अतिथि गृह का लोकार्पण

▸▸ उत्तराखंड निवास में राज्य की संस्कृति, लोककला व वास्तुकला का समावेश

इस अवसर पर मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, गणेश जोशी, डॉ. धन सिंह रावत, सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, सांसद अजय भट्ट, माला राज्यलक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी, विधायकगण, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु आदि थे।

## राष्ट्रीय खेलों की तिथि पर आईओए की अंतिम मुहर

**देहरादून।** उत्तराखंड में 38वें नेशनल गेम्स के आयोजन तिथि पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अपनी अंतिम मुहर लगा दी है। तिथि का औपचारिक एलान कर दिया गया है। अगले वर्ष 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 38वें नेशनल गेम्स यहां होंगे। संघ की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को विधिवत एक पत्र के माध्यम से यह सूचना दी गई है। आईओए ने पांच विभिन्न कमेटियों का गठन भी किया है। बता दें कि बीते माह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान संघ की अध्यक्ष डॉ पीटी उषा से मुलाकात कर राष्ट्रीय खेलों की तारीख घोषित किए जाने का अनुरोध किया था। डॉ. उषा ने तभी आयोजन की प्रस्तावित तिथियों को सहर्ष स्वीकृति दे दी थी। अब औपचारिक एलान कर दिया गया है। पांच विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। जिनमें सुनैना की अध्यक्षता में गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी, मधुकांत पाठक की अध्यक्षता एनएसएफ/एसओए कोऑर्डिनेशन कमेटी समेत अन्य गठित की गई है।


**कार्यालय नगर पंचायत महोली–सीतापुर**

पत्रांक: 1260 न0पं0म0 / सार्व0सूचना/2024–25 दिनांक 06/11/024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित प्रार्थना पत्र दाखिल–खारिज हेतु कार्यालय नगर पंचायत महोली को प्राप्त हुए है. जिसके सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्तियाँ लिखित रूप से कार्यालय नगर पंचायत महोली में दे सकते हैं। बाद मियाद यह समझा जायेगा कि उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति नहीं है और दाखिल खारिज की कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | वार्ड संख्या | मोहल्ला/वार्ड का नाम | मकान संख्या/ गाटा संख्या | प्रार्थना पत्र देने वाले का नाम | आधार | किससे प्राप्त किया | मकान/ प्लाट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04 | मो0 मास्टर कालोनी पूर्वी | – | श्रीमती रेशमा पत्नी ठाकुर | बैनामा | श्री गंगाराम पुत्र मैकू | प्लाट |
| 2 | 02 | मो0 विकास नगर | 309 | श्री राकेश कुमार पुत्र महादेव प्रसाद | बैनामा | श्री गुरमुखदास पुत्र स्व0 मोटूमल | प्लाट |
| 3 | 04 | मो0 मास्टर कालोनी पूर्वी | 339 | कु0 सीमा राठौर पुत्री सुन्दर लाल राठौर | वसीयत | श्रीमती मंजू राठौर पत्नी स्वः सुन्दर लाल राठौर | मकान |
| 4 | 04 | मो0 मास्टर कालोनी पूर्वी | – | श्रीमती सुमन देवी पत्नी कौशल किशोर वर्मा | बैनामा | श्री भीमसेन पुत्र श्री नेतराम | प्लाट |
| 5 | 09 | मो0 मास्टर कालोनी पश्चिमी | – | श्रीमती आशा देवी पत्नी राम निवास | बैनामा | श्रीमती फूलमती पत्नी चन्द्रमणि कटियार | प्लाट |
| 6 | 09 | मो0 मास्टर कालोनी पश्चिमी | 84 | श्री हरिशंकर व शिव शंकर व राजकुमार पुत्रगण स्व0 रामदयाल | वसीयत | श्री रामदयाल पुत्र श्री बलदेव प्रसाद | मकान |

**(श्रीश मिश्र)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत महोली**
**सीतापुर**


## दंत चिकित्सक ने भाई की पिस्टल से किए थे फायर

**रुद्रपुर :** प्रमुख कारोबारी की पत्नी एवं वरिष्ठ दंत चिकित्सक आंचल ढींगरा द्वारा फायरिंग प्रकरण की तफ्तीश तेज हो गई है। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला है कि जिस लाइसेंसी पिस्टल से महिला डॉक्टर ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर टशन दिखाने की कोशिश की, वह पिस्टल उसकी नहीं, बल्कि उसके भाई के नाम दर्ज है। अब पुलिस ने जांच के बाद लाइसेंस निरस्तीकरण की दिशा में कार्य करना शुरू कर दिया है। बता दें कि दीपावली की रात थाना गदरपुर के करतारपुर फार्म में डॉक्टर द्वारा लाइसेंसी पिस्टल से तबाड़तोड़ फायर किए जाने का वीडियो वायरल हुआ था।



पिस्टल से फायर करतीं दंत चिकित्सक।

## 275 ग्राम स्मैक के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर दबोचे

**रुद्रपुर :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं पुलभट्टा पुलिस की संयुक्त टीम ने दो अंतर्राज्यीय स्मैक तस्करों को गिरफ्तार कर 275 ग्राम स्मैक बरामद की है। बरेली से सीमावर्ती पुलभट्टा इलाके में स्मैक सप्लाई की जा रही थी। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 5 नवंबर की रात पैदल आ रहे तीन लोगों को पुलिस ने टोका तो वे भागने लगे, टीम ने बरेली निवासी वीरपाल सिंह और शेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। वहीं उनका तीसरा साथी चंद्रसेन भागने में सफल रहा। उनके पास से 275 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 85 लाख रुपये आंकी गई है।

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल :** गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 **चावल प्रति कुन्तल :** चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन :** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 **तेल तिलहन :** अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800।

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 80,600 |
| सोना रवा | 80,450 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 63,000 |
| चांदी तैयार | 96,500 |
| चांदी (999) | 96,400 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 1,20,000 |

# ट्रंप की जीत से सेंसेक्स 901 अंक चढ़ा

## निफ्टी में 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत की बढ़त, आईटी कंपनियों के शेयरों में तेजी

मुंबई, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और फार्मा शेयरों में भारी लिवाली से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 901 अंक चढ़कर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स ने दूसरे दिन भी बढ़त जारी रखी और यह 901.50 अंक या 1.13 प्रतिशत बढ़कर 80,378.13 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सूचकांक 1,093.1 अंक या 1.37 प्रतिशत बढ़कर 80,569.73 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 24,484.05 अंक पर बंद हुआ।

- टाइटन इंडसइंड बैंक हिंदुस्तान यूनिलीवर एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट



सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर टाइटन, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी चुनाव के नतीजों के बाद वैश्विक बाजारों में राहत भरी तेजी देखी गई। ट्रंप के मजबूत जनादेश के साथ राजनीतिक अनिश्चितता कम हुई है। इससे कर कटौती और सरकारी खर्च में वृद्धि की संभावना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में आईटी खर्च बढ़ने की उम्मीद के कारण घरेलू सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में लाभ रहा। नायर ने कहा, आईटी कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों के अनुसार अमेरिका में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र में खर्च बढ़ा है।

### क्रिप्टो में तेजी, बिटकॉइन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत क्रिप्टोकरेंसी के लिए वरदान साबित हुई और बिटकॉइन की कीमत बुधवार को नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। बिटकॉइन में शुरुआती कारोबार में करीब आठ प्रतिशत का उछाल आया और यह 75,000 डॉलर को पार कर गया। इस तरह इसने मार्च में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में भी उछाल आया और दुनिया की दूसरी सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी ईथर में आठ प्रतिशत की तेजी आई।

# जीडीपी वृद्धि पर आंकड़े मिले-जुले : शक्तिकांत दास

मुंबई, एजेंसी



- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा- नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं सकारात्मक कारक

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि पर आने वाले आंकड़े मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक कारक नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं। दास ने बिजनेस स्टैंडर्ड के वार्षिक बीएफएसआई कार्यक्रम में कहा कि अंतर्निहित आर्थिक गतिविधियां कुल मिलाकर मजबूत बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, जो आंकड़े आ रहे हैं, वे मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक पहलू नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं और कुल मिलाकर अंतर्निहित गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं।

कई विश्लेषक वृद्धि के बारे में चिंता जता रहे हैं। ऐसा खासकर आधिकारिक आंकड़ों के आने के बाद हुआ, जब वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वृद्धि दर 15 तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) हालांकि 2024-25 के लिए 7.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि के अपने अनुमान पर कायम है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि यह सात प्रतिशत से कम रहेगी। दास ने कहा कि आरबीआई अपने अनुमान पर पहुंचने के लिए 70 से अधिक उच्च आवृत्ति वाले संकेतकों पर नजर रखता है।

# मेड इन इंडिया अल्ट्रासाउंड मशीनों का विनिर्माण शुरू

**नई दिल्ली।** मेडिकल इमेजिंग जैसे अल्ट्रासाउंड, डेडिकेटेड मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग और स्वास्थ्य सेवा के लिए सूचना प्रौद्योगिकी में अग्रणी इटालियन इनोवेटर इसाउटे ग्रुप ने नोएडा में एक नए विनिर्माण स्थल के साथ भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए मेड इन इंडिया अल्ट्रासाउंड मशीनों का विनिर्माण शुरू करने की घोषणा की है। इटालियन कंपनी की सहायक कंपनी इसाउटे एशिया पैसिफिक डायग्नोस्टिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यह विनिर्माण किया जा रहा है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नया इसाउटे विनिर्माण स्थल मेड इन इंडिया के तहत उन्नत अल्ट्रासाउंड श्रृंखला की कंप्लीट सीरीज- माई लैब ए, माई लैब ई-सीरीज और कॉम्पैक्ट पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड का उत्पादन करेगा।

# भारत में भी इलेक्ट्रिक वाहन लाने की तैयारी कर रही है स्कोडा

**मुंबई।** प्रीमियम वाहन विनिर्माता स्कोडा ऑटो भारतीय बाजार में अपना कारोबार बढ़ाने की रणनीति के तहत यहां इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उतारने की योजना बना रही है। स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीयूष अरोड़ा ने यहां कॉम्पैक्ट एसयूवी काइलक को पेश किए जाने के मौके पर अपनी भावी योजनाओं के बारे में चर्चा की। अरोड़ा ने खास बातचीत में कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार है और स्कोडा इसे अपने कारोबार के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानती है।

# रूबिकॉन रिसर्च सहित चार कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी मिली

नई दिल्ली, एजेंसी

- रूबीकॉन रिसर्च के आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे

फार्मा कंपनी रूबिकॉन रिसर्च और टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज समेत चार कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये सामूहिक रूप से कम से कम 3,000 करोड़ रुपये जुटाने को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल गई है।

सेबी द्वारा बुधवार को जारी अपडेट' के अनुसार, आईपीओ लाने की मंजूरी पाने वाली दो अन्य कंपनियां- सनातन टेक्सटाइल्स और वाहन कलपुर्जा विनिर्माता मेटलमैन ऑटो हैं। इस बीच, सितंबर में अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल करने वाली बीएमडब्ल्यू वेंचर्स ने 28 अक्टूबर को दस्तावेज वापस ले लिए। इसमें कहा गया है कि चार कंपनियों - रूबिकॉन रिसर्च, साई लाइफ साइंसेज, सनातन टेक्सटाइल्स और मेटलमैन ऑटो ने जुलाई और अगस्त के दौरान सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। इन कंपनियों को 31 अक्टूबर को सेबी का निष्कर्ष मिला। किसी भी कंपनी को आईपीओ लाने के लिए सेबी का निष्कर्ष जरूरी होता है। आरंभिक दस्तावेजों के अनुसार, रूबीकॉन रिसर्च के 1,085 करोड़ रुपये के आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और प्रवर्तक जनरल अटलांटिक सिंगापुर आरआर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 585 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी।

# इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार बढ़ाने की योजना बना रही हीरो मोटोकॉर्प

**मिलान (इटली)।** दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रही है और अगले कुछ महीनों में किफायती मॉडल पेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी अगले साल ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन और इटली जैसे बाजारों में उतरना चाहती है। हीरो मोटोकॉर्प के सीईओ निरंजन गुप्ता ने ईआईसीएमए के मौके पर पीटीआई-भाषा से अलग से बातचीत में कहा, हम अधिक किफायती खंड में भी उत्पाद उतारेंगे।

# सैजिलिटी इंडिया के आईपीओ को 52 प्रतिशत अभिदान

नई दिल्ली, एजेंसी

- बिक्री के लिए पेश 38,70,64,594 शेयरों के मुकाबले 20,09,58,500 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवाएं प्रदान करने वाली सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बुधवार तक दो दिन में 52 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, आरंभिक शेयर बिक्री के लिए पेश 38,70,64,594 शेयरों के मुकाबले 20,09,58,500 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों की श्रेणी को 2.24 गुना अभिदान मिला, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के कोटा को 24 प्रतिशत अभिदान मिला।

पात्र संस्थागत निवेशकों के खंड को सात प्रतिशत अभिदान मिला। सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड ने एंकर (बड़े) निवेशकों से 945 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं। कंपनी ने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 28-30 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यह निर्गम सात नवंबर तक खुला रहेगा।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### महाराष्ट्र : भाजपा से 40 पदाधिकारी निष्कासित

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र ईकाई ने राज्य में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी विरोधी गतिविधियों में कथित तौर पर संलिप्त स्थानीय स्तर के 40 पदाधिकारियों को बुधवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया। भाजपा के प्रवक्ता ने बताया कि जिन लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है उनमें वे बागी भी शामिल हैं जिन्होंने पार्टी या सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के उम्मीदवारों के खिलाफ नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि बागियों का समर्थन करने पर अन्य लोगों पर कार्रवाई की गई है। भाजपा द्वारा निष्कासित किए गए पदाधिकारियों में पार्टी के नेता श्रीकांत भरतिया के भाई तुषार भरतिया भी शामिल हैं। वह बडनेरा विधानसभा सीट से बागी उम्मीदवार हैं।

### पोर्श दुर्घटना : किशोर के दोस्त के पिता का आत्मसमर्पण

**पुणे।** इस वर्ष मई महीने में पुणे में हुई पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर चालक के दोस्त के पिता ने बुधवार को यहां एक अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। च्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अरुण कुमार देवनाथ सिंह को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। सिंह का बेटा कल्याणीनगर इलाके में हुई दुर्घटना के समय कथित तौर पर कार में मौजूद था। आरोप है कि सिंह ने अपने बेटे के रक्त के नमूने बदल दिए ताकि तथ्य छिपाया जा सके कि उसका बेटा दुर्घटना के समय नाबालिग चालक के साथ नशे में था।

### आज नौसेना अभियानों का अवलोकन करेंगी राष्ट्रपति

**पणजी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को गोवा तट पर स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार होकर नौसेना के अभियानों को देखेंगी। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी आईएनएस हंस (गोवा स्थित नौसेना वायु अड्डा) पर मुर्मू की अगवानी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राष्ट्रपति के सम्मान में 150 जवानों द्वारा औपचारिक सलामी गारद दी जाएगी।

# बजरंग बली पसंद नहीं तो जो पसंद हैं, वे वहीं जाएं

## महाराष्ट्र पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूछा- आखिर भारत में कौन है, जो राम व बजरंग बली को नहीं मानता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को महाराष्ट्र के चुनावी दौरे पर रहे। वहां अमरावती की एक जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने जहां महाअघाड़ी को महाअनाड़ी गठबंधन बताया वहीं, यह भी कहा कि नवनीत राणा यहां हनुमान चालीसा के लिए भी संघर्ष कर रही थीं। त्रेतायुग में जब बजरंग बली रहे होंगे, तब इस्लाम नाम की वस्तु ही नहीं रही होगी। उन्होंने कहा कि किन कारणों से रामनवमी की शोभायात्रा निकालने और हनुमान चालीसा पढ़ने से रोका जाता है। जिन्हें बजरंग बली पसंद नहीं है, उन्हें जो पसंद हैं, वे वहीं जाएं। आखिर भारत में कौन भारतीय है, जो राम व बजरंग बली को नहीं मानता है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अमरावती, महाराष्ट्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए। • एजेंसी

मुख्यमंत्री सूचना परिसर लखनऊ से साझा की गई खबर के मुताबिक, योगी ने वहां कहा कि चुनाव में दो महागठबंधन लड़ रहे हैं। एक तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा, शिवसेना व एनसीपी का महायुति गठबंधन है तो दूसरी तरफ महाअघाड़ी के रूप में महाअनाड़ी गठबंधन है। योगी के अनुसार, महाअनाड़ी गठबंधन भारत और भारतीयता के सम्मान व स्वाभिमान के साथ खेलने वाला है। कांग्रेस और एनसीपी के लोग कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं। राम का विरोध करने वालों को भी अब राम याद आने लग गए।

### अब तो मौलवी भी राम-राम कह रहेः योगी

चुनावी जनसभा में योगी ने बताया कि वे जम्मू-कश्मीर चुनाव में जम्मू एयरपोर्ट पर उतरे तो एक मौलवी ने राम-राम किया, मैं समझा नहीं, फिर उसने कहा कि योगी जी राम-राम। यह देख एयरपोर्ट के अधिकारी भौचक हुए तो मैंने कहा कि आश्चर्य न कीजिए, यह धारा-370 हटने का इफेक्ट है।

### वे पाकिस्तान व फिलीस्तीन के लिए आंसू बहाते हैं

योगी ने कहा कि भारत में जब भी पर्व-त्योहार या शोभायात्रा निकलती है तो कुछ लोग गर्व व श्रद्धा की बजाय पाकिस्तान का झंडा लहराते दिखाई देते हैं। भारत की चिंता करने की बजाय पाकिस्तान व फिलीस्तीन के लिए घड़ियाली आंसू बहाते हैं। भारत के अंदर हमारे लिए सिर्फ राष्ट्रधर्म होना चाहिए। योगी ने यह भी कहा कि जब भी देश में संकट आता है तो कांग्रेस के नेता बाहर जाकर पिकनिक मनाते हैं। संकट के समय राहुल गांधी भारत में नहीं, इटली में होते हैं।

# महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों में कोई विचारधारा नहीं बची

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी



- अकबरुद्दीन ओवैसी का महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों पर आरोप

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों पर आरोप लगाया कि उनमें कोई विचारधारा नहीं बची है। साथ ही कहा कि विभाजनकारी राजनीति करने वाले लोग उन्हें सांप्रदायिक करार दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह देश सभी समुदायों का समान रूप से है - चाहे वे पगड़ी या टोपी पहनते हों या वे जो माथे पर तिलक लगाते हों।

तेलंगाना के एआईएमआईएम विधायक ओवैसी यहां अमखास मैदान में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों इम्तियाज जलील और नसीर सिद्दीकी के लिए प्रचार करने के वास्ते आयोजित एक सार्वजनिक रैली को संबोधित कर रहे थे। जलील 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व से जबकि सिद्दीकी औरंगाबाद मध्य से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी (एआईएमआईएम) मुस्लिम, दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और मराठों की आवाज उठाती है। मैं भड़काऊ भाषण नहीं देता। जो लोग 'बंटोगे तो कटोगे' की बात करते हैं, वे मुझे सांप्रदायिक कहते हैं।

# सिद्धरमैया से लोकायुक्त पुलिस ने पूछताछ की

मैसुरु (कर्नाटक), एजेंसी

मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) स्थल आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को मैसुरु में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सिद्धरमैया पूछताछ के लिए जारी समन के जवाब में यहां लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए और लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) टी. जे. उदेश के नेतृत्व में एक टीम के सवालों का जवाब दिया।

लोकायुक्त अधिकारी ने कहा, पूछताछ करीब दो घंटे तक चली। लोकायुक्त पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोपी संख्या एक के रूप में नामित मुख्यमंत्री एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी पार्वती बी. एम. को 14 स्थलों का आवंटन किए जाने में अनियमितताओं के आरोपों का सामना कर रहे हैं।



- एमयूडीए स्थल आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए

# सिद्दीकी हत्याकांड के चश्मदीद गवाह को मिली धमकी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के चश्मदीद को एक व्यक्ति ने धमकी भरा फोन कर पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी है। इकबाल शेख बाबा सिद्दीकी के कार्यालय में काम करता था और जब वरिष्ठ नेता की गोली मारकर हत्या की गयी, तब वह वहां मौजूद था। एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे फोन करके धमकी दी। उसने खार थाने में शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और कहा है कि प्रथम दृष्टया उन्हें घटना में कुछ स्थानीय लोगों के शामिल होने का संदेह है।

# संविधान की लाल प्रति पर भिड़ीं भाजपा-कांग्रेस

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में लाल रंग की संविधान की प्रति सियासी विवाद का विषय बन गई है, जो कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अकसर अपने साथ लेकर चलते हैं। भाजपा ने इस मामले पर बुधवार को गांधी पर निशाना साधते हुए पूछा कि वह क्या संदेश देना चाहते हैं जबकि कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में लाल रंग शुभ माना जाता है।

गांधी ने 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के सिलसिले में बुधवार को कांग्रेस-राकांपा (एसपी)-शिवसेना (यूबीटी) के विपक्षी गठबंधन के लिए प्रचार किया। वह नागपुर में संविधान सम्मान सम्मेलन में लाल कवर वाली संविधान की एक प्रति लेकर गए थे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने सांगली जिले में चुनावी रैली के दौरान सवाल किया, भारत के संविधान की लाल प्रति दिखाकर राहुल गांधी क्या संदेश देना चाहते हैं? उन्होंने कांग्रेस नेता पर अराजकतावादियों का गठबंधन बनाने का आरोप लगाया। राजनीति में लाल रंग को अक्सर मार्क्सवादी या साम्यवादी विचारधारा से जोड़ा जाता है। फडनवीस को जवाब देते हुए, कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि भाजपा नागपुर में अपने गढ़ के पास गांधी के कार्यक्रम से घबरा गई है।





- कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अकसर अपने साथ लेकर चलते हैं लाल रंग की संविधान की प्रति

### राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे पर सीबीआई जांच शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय को बुधवार को यह जानकारी दी गई कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई की जा रही जनहित याचिका पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता की सीबीआई जांच शुरू की गई है। याचिकाकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कनार्टक इकाई के कार्यकर्ता ने जब कहा कि उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की थी, मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने कहा कि पीठ कोई विरोधाभासी आदेश पारित करना नहीं चाहती।

# महिलाओं को 3,000 रुपये प्रतिमाह देने का वादा

मुंबई, एजेंसी

- महा विकास आघाडी ने महिलाओं को राज्य परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा का भी वादा किया

महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) ने बुधवार को राज्य की महिलाओं को प्रतिमाह तीन हजार रुपये देने और राज्य परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा का वादा किया। एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), राकांपा (एसपी) और कांग्रेस शामिल हैं। एमवीए के अनुसार कृषि समृद्धि योजना के तहत किसानों का तीन लाख रुपये तक का कर्ज माफ किया जाएगा और फसल ऋण के नियमित भुगतान के लिए प्रोत्साहन के रूप में 50,000 रुपये दिए जाएंगे। एमवीए ने 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों से पहले यह घोषणा की।

बीकेसी मैदान में एमवीए के शीर्ष नेताओं की एक सभा में बेरोजगार युवाओं के लिए 4,000 रुपये प्रति माह भत्ता, 25 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा और निशुल्क दवाएं देने समेत की गारंटियों की घोषणा की गई। महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना-राकांपा सरकार फिलहाल अपनी प्रमुख लाडकी बहिन योजना के तहत पात्र महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह का भुगतान कर रही है और उसने सत्ता में बने रहने पर इस राशि को बढ़ाकर 2,100 रुपये करने का वादा किया है। एमवीए ने यह भी वादा किया कि यदि वह सत्ता में आया तो राज्य में जाति आधारित गणना कराई जाएगी और केंद्र में सत्ता में आने पर आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा हटा दी जाएगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मौके पर कहा कि देश की वर्तमान राजनीति आरएसएस/भाजपा और विपक्षी गठबंधन इंडिया की विचारधाराओं के बीच लड़ाई है। पवार ने महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध पर भी चिंता व्यक्त की और दावा किया कि राज्य में 40,000 महिलाएं लापता हैं। शिवसेना अध्यक्ष (यूबीटी) उद्धव ठाकरे ने बेरोजगार युवाओं के लिए 4,000 रुपये भत्ते की घोषणा करते हुए कहा कि लोगों से सांस लेने पर भी टैक्स लिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सिर्फ धारावी ही नहीं बल्कि पूरे मुंबई को अदाणी को देना चाहती है।

# अभिषेक बनर्जी बंगाल के अगले मुख्यमंत्री हो सकते हैंः तृणमूल नेता

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने बुधवार को संकेत दिए कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल के अगले मुख्यमंत्री हो सकते हैं। विपक्षी दलों ने घोष के इस बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी और सत्तारूढ़ दल पर वंशवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया। घोष ने फेसबुक पोस्ट में कहा, अभिषेक बनर्जी ने कम उम्र में अपनी नेतृत्व क्षमता साबित कर दी है।

# त्योहारों में शांति सुनिश्चित करें : कलकत्ता हाईकोर्ट

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया कि त्योहारी सीजन के दौरान राज्य के सभी इलाकों में शांति बनी रहे। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि लोग बिना किसी व्यवधान के, पूरे हर्षोल्लास के साथ, त्योहारों का जश्न मनाएं।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि काली पूजा के एक दिन बाद कोलकाता के राजाबाजार और नारकेलडांगा में भीड़ ने कुछ वर्गों के लोगों पर हमला किया, जिससे इलाके में तनाव फैल गया।

# आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे ऋषभ



दुबई, एजेंसी

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने मुंबई टेस्ट के दौरान दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं, हालांकि भारत तीसरे और अंतिम टेस्ट में हार से श्रृंखला 0-3 से गंवा बैठा। इस प्रदर्शन से पंत को रैंकिंग में फायदा हुआ जो संकेत है कि वह गंभीर कार दुर्घटना के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। अब यह बायें हाथ का बल्लेबाज जुलाई 2022 में रैंकिंग में हासिल किए गए अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान से महज एक कदम पीछे है। शीर्ष टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाजों में बायें हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी मौजूद हैं जो एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड ने मुंबई में 25 रन की करीबी जीत से श्रृंखला में वाइटवाश किया जिससे शीर्ष 10 टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत और दौरा करने वाली टीम के डेरिल मिचेल को फायदा हुआ। मिचेल आठ पायदान की छलांग से सातवें स्थान पर पहुंच गए, उन्होंने मुंबई टेस्ट में भारत के खिलाफ पहली पारी में 82 रन की पारी खेली जिससे वह टीम के साथी केन विलियमसन (दूसरे स्थान) के साथ शामिल हो गये जो न्यूजीलैंड के शीर्ष 10 में मौजूद एकमात्र खिलाड़ी थे।

इंग्लैंड के दायें हाथ के बल्लेबाज जो रूट ने सूची में शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है जिसमें विलियमसन, हैरी ब्रूक (तीसरे), जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) उनके लिए चुनौती हैं।

## गेंदबाजी रैंकिंग में जडेजा छठे स्थान पर पहुंचे

भारत के शुभमन गिल ने मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की पारी खेली जिससे वह चार पायदान के लाभ से 16वें स्थान पर पहुंचे जबकि न्यूजीलैंड के प्लेयर ऑफ द सीरीज विल यंग 29 पायदान की छलांग से 44वें स्थान पर काबिज होने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 विकेट लेने से टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए जिससे वह रविचंद्रन अश्विन से एक स्थान पीछे हैं। कागिसो रबाडा शीर्ष रैंकिंग पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस से आगे दूसरे स्थान पर हैं। वहीं टीम साथी वाशिंगटन सुंदर टेस्ट गेंदबाजों में सात पायदान के लाभ से 46वें स्थान पर पहुंच गये। न्यूजीलैंड के स्पिन जोड़ीदार एजाज पटेल (12 पायदान के फायदे) और ईश सोढ़ी (तीन पायदान के फायदे) क्रमश: 22वें और 70वें स्थान पर बने हुए हैं।

# डेविस कप कोच आशुतोष सिंह को 16 साल के मानस धामने से काफी उम्मीदें

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कोच बोले भविष्य के लिए अहम खिलाड़ी हो सकते हैं मानस**

जीशान अली की जगह नए डेविस कप कोच बने आशुतोष सिंह को उम्मीद है कि मानस धामने अपनी कड़ी मेहनत और शानदार जज्बे की बदौलत भारतीय टेनिस के लिए भविष्य में अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। आशुतोष ने स्टॉकहोम में मालेगांव के इस युवा खिलाड़ी को देखा जहां भारत ने स्वीडन के खिलाफ डेविस कप ग्रुप एक मुकाबले में हिस्सा लिया था। हालांकि 16 वर्षीय धामने को कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन वह एक अन्य युवा खिलाड़ी आर्यन शाह के साथ स्टॉकहोम गई टीम का हिस्सा थे।

भारत को मेजबान टीम के हाथों 0-4 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कोच आशुतोष ने स्वीडन में हुए इस निराशाजनक प्रदर्शन में सकारात्मक पहलू देखा। पूर्व डेविस कप खिलाड़ी बलराम सिंह के बेटे आशुतोष ने कहा मानस एक मेहनती खिलाड़ी है। कोर्ट पर वह सिर्फ आंखों से संपर्क बनाता है और ओके करता है। उसके पास एकल में भारत के मिस्टर डिपेंडेबल बनने की क्षमता है जिसकी तलाश भारतीय टेनिस को लंबे समय से है। निश्चित रूप से अभी बहुत लंबा सफर तय करना है। लेकिन वह जिस रास्ते पर चल रहा है और उसके मेहनती दृष्टिकोण से यह संभव लगता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि मानस सिर्फ 16 साल का है और उसे अपने कार्यभार प्रबंधन के कुछ पहलुओं में सतर्कता बरतते हुए निगरानी की जरूरत है। फिलहाल वह इटली में अपने ट्रेनिंग बेस में सही ट्रेनिंग ले रहा है। भारत के पास शीर्ष-100 में केवल एक खिलाड़ी सुमित नागल (83) है। उनके बाद रामकुमार रामनाथन हैं जो 309वें नंबर पर हैं।

## खेल डायरी

### किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**इसकान सिटी (कोरिया)।** भारत के किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में वियतनाम के कुआन लिन कुओ को तीन गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के चौबीस साल के किरण ने इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम के खिलाड़ी के खिलाफ 57 मिनट में 15-21, 21-12, 21-15 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय और दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी किरण दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ची यू जेन से भिड़ेंगे। किरण ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की जिसका फायदा उठाकर किन कुओ ने 11-4 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से पहला गेम जीत लिया। किरण ने 0-1 से पिछड़ने के बाद दूसरे गेम की शुरुआत लगातार छह अंक के साथ और फिर दूसरा गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर किया।

### घरेलू वनडे और टी-20 में असलंका करेंगे कप्तानी

**कोलंबो।** चरिथ असलंका न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका टीम की कप्तानी करेंगे। श्रीलंका ने हाल ही में भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी खिलाड़ियों को भी दोनों प्रारूपों के लिए टीम में जगह दी है। नौ और 10 नवंबर को दो टी-20 मैच खेले जाएंगे। वहीं 13, 17 और 19 नवंबर को एकदिवसीय मैच होंगे। पहले तीन मैच रांगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तथा अंतिम दो एकदिवसीय मैच पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। श्रीलंका की वनडे टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), पथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो, कुसल परेरा, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, सदीरा समरविक्रमा, निशान मदुश्का, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाणा, जेफरी वांडरसे, चामिदु विक्रमसिंघे, असिथा फर्नांडो, मदुशंका और शिराज होंगे। श्रीलंका की टी-20 टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), निसंका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, कामिंदु, चंडीमल, अविष्का, भानुका, हसरंगा, थीक्षाना, डुनिथ, जेफरी वांडरसे, चामिदु, नुवान, पथिराना, बिनुरा और असिथा फर्नांडो को रखा गया है।

### पाकिस्तान के खिलाफ जोश होंगे ऑस्ट्रेलिया के कप्तान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने जोश इंग्लिस को पाकिस्तान के खिलाफ सफेद गेंद घरेलू सीरीज के लिए टीम का नया कप्तान बनाया हैं। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बुधवार को कहा जोश एकदिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीमों का अभिन्न सदस्य है और मैदान के अंदर और बाहर एक बेहद सम्मानित खिलाड़ी है। बेली ने कहा वह पहले भी ऑस्ट्रेलिया ए टीम का नेतृत्व कर चुके है और उनको मैट शॉर्ट और एडम जम्पा जैसे खिलाड़ियों के साथ-साथ ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों से भी भरपूर समर्थन मिलेगा। इंग्लिस के प्रमोशन से टेस्ट कप्तान पैट कमिंस और साथी रेड-बॉल सितारे मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ पाकिस्तान के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज के अंतिम मैच से बाहर रहेंगे। वहीं तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन और जेवियर बार्टलेट को विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप और एक अन्य तेज गेंदबाज लांस मॉरिस के साथ टीम में जगह दी गई है। पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच दो विकेट से जीत चुका है।

### डेविड वार्नर सिडनी थंडर के कप्तान नियुक्त

**सिडनी।** डेविड वार्नर को बुधवार को बिग बैश लीग की टीम सिडनी थंडर का कप्तान नियुक्त किया गया। यह छह साल बाद पहला अवसर होगा जबकि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज स्वदेश में किसी टीम का नेतृत्व करेगा। दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के विवाद के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वॉर्नर की कप्तानी पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि पिछले महीने यह प्रतिबंध हटा दिया था जिससे उनका सिडनी थंडर की कप्तानी करने का रास्ता साफ हो गया था। वार्नर ने जून में वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने कहा कि फिर से थंडर की कप्तानी मिलना उनके लिए काफी मायने रखती है। इस सत्र में फिर से थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए काफी मायने रखती है। मैं शुरू से इस टीम का हिस्सा रहा हूं और फिर से मेरे नाम के आगे कप्तान लिखा जाना शानदार है।

# ऑस्ट्रेलिया 3-1 से जीत सकती है : रिकी

## पोंटिंग ने की भविष्यवाणी- श्रृंखला में शमी के बिना 20 विकेट लेना भारत के लिए चुनौती

दुबई, एजेंसी

पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया बोर्डर-गावस्कर 3-1 से जीतेगा क्योंकि मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में मेहमान टीम के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट चटकाना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

ऑस्ट्रेलिया की नजरें बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी हैं। भारत ने 2014-15 से सभी चार श्रृंखलाएं जीती हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में हुई श्रृंखलाएं भी शामिल है। भारत को हालांकि पिछली टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार अपनी सरजमीं पर 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा जिसके बाद पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास मेहमान टीम को हराने का बेहतर मौका है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो पर ऑस्ट्रेलिया की संभावनाओं के बारे में कहा संभवतः अब पहले ही तुलना मे बेहतर है। शमी चोटों के कारण पिछले साल नवंबर से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेले हैं और पोंटिंग का मानना है कि उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और पदार्पण का इंतजार कर रहे हर्षित राणा की मौजूदगी वाले भारत के गेंदबाजी आक्रमण में कमी नजर आती है।

पोंटिंग ने कहा शमी की अनुपस्थिति में गेंदबाजी समूह में बहुत बड़ा अंतर आ गया है। उस समय (अगस्त में) कुछ अटकलें लगाई जा रही थीं कि शमी फिट होंगे या नहीं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि भारत के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट लेना सबसे बड़ी चुनौती होगी। मुझे लगता है कि वे मौजूदा बल्लेबाजों के साथ यहां अच्छी बल्लेबाजी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की एक अधिक स्थिर टीम के रूप में प्रशंसा करते हुए पोंटिंग 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली श्रृंखला में भारत को पूरी तरह से कमजोर नहीं मानते। पोंटिंग ने भविष्यवाणी की मुझे लगता है कि भारत पांच टेस्ट मैचों में से किसी एक टेस्ट मैच में जीतेगा। लेकिन मुझे अब भी लगता है कि ऑस्ट्रेलिया शायद थोड़ा अधिक स्थिर, थोड़ा अधिक अनुभवी है और हम जानते हैं कि उन्हें घर पर हराना बहुत मुश्किल है। इसलिए मैं 3-1 के साथ जाऊंगा।



### पंत बना सकते हैं सबसे ज्यादा रन

पोंटिंग को लगता है कि अनुभवी स्टीव स्मिथ या तेजतर्रार ऋषभ पंत में से कोई एक पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी होगा। उन्होंने कहा सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में मैं स्टीव स्मिथ या ऋषभ पंत को चुनूंगा। मुझे लगता है कि स्मिथ, यह तथ्य कि वह सलामी बल्लेबाज से नंबर चार पर वापस आ गया है, शायद उसके पास साबित करने के लिए और भी बहुत कुछ है... कि शायद उसे पारी का आगाज करने के लिए भेजा ही नहीं जाना चाहिए था और नंबर चार उसका स्थान है और जहां उसे संभवत: पूरे समय रहना चाहिए था और जहां वह संभवत: अपना करियर खत्म करेगा। पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस से अधिक विकेट जोश हेजलवुड चटकाएंगे। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों में से हेजलवुड इस समय अन्य गेंदबाजों की तुलना में अपनी क्षमता के चरम पर हैं। इसलिए मैं उन्हें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में चुनूंगा।

# इगा को हराकर डब्ल्यूटीए के सेमीफाइनल में गॉफ

- **बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को हराया**
- **कोको बोलीं- स्वियाटेक के साथ खेलना मेरे लिए काफी कठिन**



मैच के दौरान शॉट लगातीं स्वियाटेक >>

**रियाद।** अमेरिका की महिला टेनिस स्टार कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं।

ऑरेंज ग्रुप एकल के दूसरे दौर के मंगलवार को हुए मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट में 3-3 तक सर्विस बरकरार रखी। इसके बाद गॉफ ने लगातार दो बार स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर पहला सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने पहले आठ गेम में दो बार एक दूसरे की सर्विस तोड़ी और स्कोर 4-4 पर पहुंच गया। इसके बाद गॉफ ने एक बार फिर स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर यह सेट 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के बाद गॉफ ने कहा आज यह निश्चित रूप से मेरे लिए एक अच्छा मैच था। आप जानते हैं कि इगा के साथ खेलना मेरे लिए कठिन है, लेकिन मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं पूरा मैच में खेलने में कामयाब रही। वहीं एक अन्य मैच में चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिकी जेसिका पेगुला को एक घंटे और 9 मिनट चले मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराया।

# साक्षी मलिक ने मोदी व मांडविया से की कुश्ती बचाने की अपील

**चंडीगढ़।** पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से कुश्ती का भविष्य बचाने की अपील की।

मलिक ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रधानमंत्री और खेल मंत्री को संबोधित करते हुये जारी वीडियो सन्देश में कहा पिछले साल कुश्ती फेडरेशन के चुनाव हुये। उसके दूसरे ही दिन ब्रजभूषण की बेहूदगी और दबदबे को आपने और पूरे देश ने देखा, जिससे दुखी होकर और बड़े परेशान मन से मुझे अपनी कुश्ती को त्यागना पड़ा। साक्षी ने कहा मैं उन बच्चों की मजबूरियां समझ सकती हूं, उनका पूरा करिअर उनके आगे है।

# रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी की बड़ी हार

मिलान, एजेंसी

यूरोप की चोटी की टीमों रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी दोनों को चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड को एसी मिलान ने अपने घरेलू मैदान पर 3-1 से हरा दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी को एर्लिंग हालैंड की पेनल्टी में चूक महंगी पड़ी और चौथे मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद उसे पुर्तगाल की टीम स्पोर्टिंग लिस्बन में 4-1 से हार झेलनी पड़ी।

लिवरपूल के लिए यह शानदार दिन था जिसने लुइस डियाज की हैट्रिक और कोडी गाकपो गोल की मदद से एनफील्ड में खेले गए मैच में जर्मन चैंपियन बायर लेवरकुसेन पर 4-0 से जीत दर्ज की। लिवरपूल चार मैचों में चार जीत के साथ लीग चरण तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद स्पोर्टिंग और मोनाको का नंबर आता है जिनके तीन जीत और एक ड्रॉ के बाद समान 10 अंक हैं।

15 बार के चैंपियन रियल मैड्रिड का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह अपने दूसरे मैच में लिली से हार गया था। मलिक थियाव ने 12वें मिनट में मिलान को बढ़त दिला दी थी। विनीसियस जूनियर ने 23वें मिनट में पेनल्टी पर बराबरी का गोल किया। इसके बाद अल्वारो मोराटा और तिजानी रिजेंडर्स ने मिलान के लिए गोल किए।



गोल दागने के बाद जश्न मनाती मैनचेस्टर सिटी की टीम।

**15** बार के चैंपियन का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी

लिवरपूल की शानदार जीत

### रोनाल्डो के गोल से अल नासर की बड़ी जीत

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। इस बीच जापान के विसेल कोबे ने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू एफसी पर 2-0 से जीत से अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल कर लिया।

# रित्विक-केब्रल ने किया उलटफेर

**मेट्ज (फ्रांस)।** भारत के रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और उनके जोड़ीदार फ्रांसिस्को केब्रल ने बुधवार को यहां मोसेले ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सेंटियागो गोंजालेज और एडवर्ड रोजर वेसलीन की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारत और पुर्तगाल की गैर वरीय जोड़ी ने मैक्सिको के गोंजालेज और फ्रांस के रोजर वेसलीन की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में हराया। हैदराबाद के रित्विक ने एटीपी टूर पर पहली बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। रित्विक और केब्रल अगले दौर में मैनुएल गुइनार्ड और ग्रेगोएर जैक तथा पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट और अल्बानो ओलिवेटी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

# थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि फिल्म थामा उनके करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट है। मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में अपनी ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की नई फिल्म थामा की घोषणा की है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म थामा दिवाली 2025 पर रिलीज होगी और यह फिल्म निर्माता दिनेश विजन के साथ आयुष्मान की बाला के बाद दूसरी फिल्म है। बाला ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। आयुष्मान ने कहा मुझे खुशी है कि दिनेश विजन को लगता है कि यह मेरे लिए उनके ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में शामिल होने का सही समय है। स्त्री 2 के बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी फिल्म बनने के बाद मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूं। मुझे यकीन है कि यह एक ऐसा सिनेमाई अनुभव होगा जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे। दिनेश ने इस यूनिवर्स को जिस तरह से बनाया है, वह काबिले तारीफ है।

# पुष्पा 2: द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 : द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर रिकॉर्ड बना दिया है। पुष्पा 2 : द रूल फास्टेस्ट इंडियन फिल्म बन गई है, जो यूनाइटेड स्टेट में 15000 से ज्यादा टिकट्स बेच चुकी है। वर्ष 2021 की ब्लॉकबस्टर पुष्पा : द राइज का मच अवेटेड सीक्वल दुनिया भर में फैंस के बीच बहुत एक्साइटमेंट पैदा कर रहा है। इसका प्रीमियर 04 दिसंबर को होने वाला है और वर्ल्डवाइड रिलीज 05 दिसंबर होगी। मेकर्स ने घोषणा के साथ एक नया पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, एक-एक करके रिकॉर्ड तोड़ते हुए #पुष्पा2दरूलबनी अमेरिका में सबसे तेजी से 15 हजार से ज्यादा टिकट बेचने वाली भारतीय फिल्म यूएसएप्रीमियर 4 दि संबर को 5 दिसंबर, 2024 को वर्ल्ड वाइड ग्रैंड रिलीज होगा। पुष्पा 2 : द रूल साल में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है और इसे मैत्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, जिसमें टी-सीरीज का म्यूजिक है।

# अजय देवगन की फिल्म आजाद का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की नई फिल्म आजाद का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म आजाद में अजय देवगन के साथ डायना पेंटी, अमन देवगन और राशा थडानी नजर आएंगे। फिल्म आजाद का टीजर फिल्म के निर्देशक अभिषेक कपूर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा, हर जंग में, हर बहादुर योद्धा के साथ, एक वफादार घोड़ा जरूर रहा है। आजाद का टीजर रिलीज हुआ, जनवरी 2025 में बड़े पर्दे पर रोमांस का नजारा देखें। इस टीजर में महाराणा प्रताप को दिखाया गया है, जिन्होंने 40 हजार की एक खतरनाक दुश्मन सेना का सामना केवल आठ से नौ हजार सैनिकों के साथ किया। टीजर में महाराणा प्रताप के घोड़े पर फोकस किया गया है। टीजर में उसे हाथी जितना लंबा, मोर की तरह पतली गर्दन वाला और बिजली की तरह तेज बताया गया है। फिल्म आजाद अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की बॉलीवुड में पहली फिल्म है।

### सिंघम अगेन ने कमाए 150 करोड़

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन ने भारतीय बाजार में 150 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन दीवाली के अवसर पर 1 नवंबर को रिलीज हुई है। सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना, दीपिका, अर्जुन, टाइगर, अक्षय, रणवीर, रवि किशन और जैकी श्रॉफ की अहम भूमिका है। भारत में ओपनिंग डे पर 43 .5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फिल्म ने 42 .5 करोड़, तीसरे दिन 35 .75 करोड़, चौथे दिन 18 करोड़ और पांचवे दिन 13 .5 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म ने पांच दिन में भारत में 153 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।



# भारत ए ने बदली गेंद का किया विरोध वार्नर-कोवान ने मांगा स्पष्टीकरण

सिडनी, एजेंसी

- **डेविड बोले- जल्द ही निपटा दिया गया मामला, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को करना है अंतिम फैसला**

भारत ए के खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पिछले सप्ताह खेले गए पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के अंतिम दिन के खेल के दौरान दी गई बदली हुई गेंद की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि डेविड वार्नर और एड कोवान ने मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से स्पष्टीकरण देने को कहा है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यह मसला पिछले सप्ताह मैकाय में खेले गए चार दिवसीय मैच के अंतिम दिन सामने आया था जब अंपायरों ने भारतीय टीम को अलग गेंद दी। भारतीय खिलाड़ी, विशेषकर इशान किशन, इस फैसले से नाखुश थे तथा इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इसे मूर्खतापूर्ण फैसला करार दिया था। सिडनी मार्निंग हेराल्ड में बुधवार को प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय टीम गेंद बदलने को लेकर नहीं बल्कि बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर विरोध कर रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है इस मामले को लेकर एक तथ्य जो अभी तक पता नहीं था यह है कि भारत ए की टीम इसलिए नाराज नहीं थी कि गेंद को बदल दिया गया है बल्कि वह बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर नाखुश थी। यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं था क्योंकि खिलाड़ियों और अंपायरों के बीच बदली गई गेंद को लेकर दशकों से बहस होती रही है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाजों डेविड वार्नर और एड कोवान ने अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से यह स्पष्ट करने को कहा है कि मैकाय में मैच के अंतिम दिन क्या हुआ था। वार्नर ने कहा कि यह मामला जल्द से जल्द खत्म कर दिया गया है क्योंकि भारत की सीनियर टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर आने वाली है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## पिछले चुनाव में शिकस्त के बाद ट्रंप ने की जोरदार वापसी, अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स

# फिर चला ट्रंप कार्ड, कमला हैरिस आउट

वाशिंगटन, एजेंसी

डोनाल्ड ट्रंप चार साल पहले जो बाइडन से राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद काफी मायूस और खिन्न थे तथा इसके कुछ हफ्तों बाद उनके समर्थकों की एक हिंसक भीड़ ने जब यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर धावा बोला था तो इसे रिपब्लिकन नेता के राजनीतिक करियर का अंत माना जाने लगा था। हालांकि, ठीक चार साल बाद, ट्रंप (78) ने व्हाइट हाउस में दूसरा कार्यकाल सुनिश्चित कर अमेरिका के इतिहास में अभूतपूर्व और जोरदार राजनीतिक वापसी की है। वह भी, एक गंभीर अपराध के मामले में दोषी करार दिये जाने और उनकी हत्या की दो नाकाम कोशिशों के बाद।

ट्रंप और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच कड़े मुकाबले का नतीजा अब तक आधिकारिक रूप से घोषित नहीं किया गया है, लेकिन रिपब्लिकन नेता के व्हाइट हाउस में लौटने की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। राजनीतिक विश्लेषक अनंग मित्तल ने कहा, यह अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी में से एक है। मार्च में, ट्रंप को उनकी पार्टी की ओर से प्रत्याशी नामित किया गया और कई अदालती मामलों के कारण ट्रंप के महीनों तक राजनीतिक वनवास में रहने के बाद जुलाई में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) में इस पर मुहर लगाई गई। असल में, एक गंभीर अपराध में दोषी करार दिये जाने के बाद शीर्ष पद के लिए नामांकन पाने वाले वह पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ट्रंप अब भी चार आपराधिक अभियोगों का सामना कर रहे हैं और फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इन मुकदमों का क्या होगा। पूर्व राष्ट्रपति 2021 में महाभियोग की सुनवाई से भी बच गए, जो उनके बरी होने के साथ समाप्त हो गई।


पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में पत्नी मेलानिया ट्रंप के साथ पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।


वर्ष 2020 में अहमदाबाद में मोदी ने ट्रंप को गले लगा स्वागत किया था।

### भारतीय मूल के छह अमेरिकियों ने जीता प्रतिनिधि सभा का चुनाव

वाशिंगटन। भारतीय मूल के छह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुनाव जीत गए हैं। मौजूदा कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में इनकी संख्या पांच थी। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। भारतीय-अमेरिकी वकील सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया और पूरे ईस्ट कोस्ट से चुने जाने वाले समुदाय के पहले व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। पूर्व में राष्ट्रपति बराक ओबामा के व्हाइट हाउस सलाहकार रह चुके सुब्रमण्यम आस्था से हिंदू हैं और देशभर में भारतीय अमेरिकियों के बीच लोकप्रिय हैं। वह कांग्रेस में 'समोसा कॉकस' में शामिल हुए हैं जिसमें वर्तमान में पांच भारतीय अमेरिकी – अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं। 'समोसा कॉकस' अमेरिकी कांग्रेस में भारतीय मूल के अमेरिकियों के एक अनौपचारिक समूह को दिया गया नाम है। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है।

### दूसरे कार्यकाल में ले सकते हैं बड़े निर्णय

**आव्रजन** : ट्रंप के 2016 के अभियान का नारा दीवार बनाओ इतिहास में सबसे बड़ा सामूहिक निर्वासन कार्यक्रम बन गया है। ट्रंप ने इस बारे में बहुत कम जानकारी दी है कि यह कार्यक्रम कैसा होगा और कैसे सुनिश्चित करेंगे कि यह केवल अवैध रूप से अमेरिका में रहने वाले लोगों को लक्षित करे। उनका दृष्टिकोण न केवल अवैध प्रवास पर नकेल कसेगा, बल्कि कुल मिलाकर आव्रजन को कम करेगा।

**कर**: ट्रंप की कर नीतियां व्यापक रूप से निगमों और धनवान अमेरिकियों की ओर झुकाव वाली लगती हैं। ऐसा मुख्य रूप से उनके 2017 के कर सुधार को आगे बढ़ाने के वादे के कारण है, जिसमें कॉर्पोरेट आयकर दर को मौजूदा 21 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत करने जैसे कुछ उल्लेखनीय बदलाव शामिल हैं। इसमें जो बाइडन द्वारा सबसे धनी अमेरिकियों पर आयकर बढ़ोतरी को वापस लेना भी शामिल है।

**गर्भपात** : ट्रंप ने गर्भपात को दूसरे कार्यकाल की प्राथमिकता के रूप में ज्यादा तवज्जो नहीं दी है, हालांकि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा गर्भपात के लिए एक महिला के संघीय अधिकार को समाप्त करने और गर्भपात विनियमन राज्य सरकारों को वापस करने का श्रेय लिया है। ट्रंप के आग्रह पर, जीओपी के मंच पर पिछले कुछ दशकों में पहली बार गर्भपात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने का आह्वान नहीं किया गया है।

**व्यापार व शुल्क**: अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर ट्रंप का रुख विश्व बाजारों पर अविश्वास का है क्योंकि उनके मुताबिक वे अमेरिकी हितों के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने विदेशी वस्तुओं पर 10 से 20 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। भाषणों में उन्होंने इससे भी अधिक प्रतिशत का उल्लेख किया है। उन्होंने चीनी खरीदारों द्वारा अमेरिका में किसी भी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे' की खरीद पर रोक का संकल्प व्यक्त किया है।

**राष्ट्रीय रक्षा और दुनिया में अमेरिका की भूमिका** : विश्व मामलों में ट्रंप की बयानबाजी और नीतिगत दृष्टिकोण कूटनीतिक रूप से पृथकतावादी, सैन्य तौर पर गैर हस्तक्षेपवादी और आर्थिक दृष्टि से संरक्षणवादी है, जैसा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अमेरिका रहा है। उन्होंने सेना के विस्तार का वादा किया। ट्रंप का जोर इस बात पर रहा है कि वह यूक्रेन में रूस के युद्ध और इजराइल-हमास युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि ऐसा वह कैसे करेंगे।

**विनियमन, संघीय नौकरशाही और राष्ट्रपति के अधिकार**: ट्रंप आर्थिक क्षेत्रों में संघीय नौकरशाहों और विनियमों की भूमिका को कम करना चाहते हैं। सभी विनियामक कटौतियों को एक आर्थिक जादू की छड़ी के रूप में पेश करते हैं। उन्होंने जीवाश्म ईंधन उत्पादन में बाधाओं को दूर करके अमेरिकी घरों के बिलों में भारी गिरावट का वादा किया है। विनियमों में कटौती करके आवास निर्माण को बढ़ावा देने का वादा किया है।

**जलवायु और ऊर्जा**: ट्रंप, जो यह झूठा दावा करते हैं कि जलवायु परिवर्तन एक धोखा है, जीवाश्म ईंधन पर अमेरिकी निर्भरता को कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन को लेकर बाइडन प्रशासन में किए गए खर्च की आलोचना करते हैं। वह एक ऊर्जा नीति और परिवहन अवसंरचना व्यय का प्रस्ताव करते हैं जो जीवाश्म ईंधन पर आधारित हो।

**एलजीबीटीक्यू और नागरिक अधिकार**: ट्रंप ने विविधता पर सामाजिक जोर को वापस लेने और एलजीबीटीक्यू नागरिकों के लिए कानूनी सुरक्षा का आह्वान किया है। ट्रंप ने संघीय निधि का लाभ उठाकर सरकारी संस्थानों में विविधता, समानता और समावेशन कार्यक्रमों को समाप्त करने का आह्वान किया है।

## अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने से चूकीं हैरिस

वाशिंगटन। एक दशक से भी ज्यादा समय पहले एक पत्रकार ने कमला हैरिस को महिला ओबामा कहा था। हालांकि, भारतीय और जमैका के अप्रवासी दंपति की बेटी कमला हैरिस पहले अफ्रीकी-अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की उपलब्धियों की बराबरी करने में विफल रहीं। डेमोक्रेटिक नेता की ट्रंप के हाथों कड़े मुकाबले वाले चुनाव में हार ने अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने के उनके सपने को भी तोड़ दिया। उनके नामांकन से हालांकि महिलाओं में उत्साह पैदा हुआ कि सार्वजनिक जीवन में उनके लिए यह द्वार बंद नहीं हुआ है। हैरिस (60) के नाम कई अन्य पहली उपलब्धियां भी दर्ज हैं। वह सैन फ्रांसिस्को की डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी रह चुकी हैं – इस पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला, पहली अफ्रीकी-अमेरिकी और पहली भारतीय मूल की शख्स थीं। उपराष्ट्रपति के रूप में, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं। साथ ही, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी-अमेरिकी या भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति भी हैं।



### चुनाव हारने के बाद कमला के पैतृक गांव में उदासी की स्थिति

तिरुवरूर। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के हारने के बाद तमिलनाडु के तिरुवरूर जिले में स्थित पैतृक थुलसेंद्रपुरम गांव में उदासी का माहौल छाया हुआ है, क्योंकि रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से उनकी मामूली हार हुई है। ग्रामीणों ने जीत के लिए प्रार्थना करते हुए उनके लिए विशेष पूजा का आयोजन किया था।

### एक नजर

#### वियतनाम की सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट लापता

हनोई। वियतनाम की वायु सेना का एक लड़ाकू प्रशिक्षण विमान याक-130 मध्य बिन्ह दीन्ह प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और उसके दो पायलट लापता हैं। यह जानकारी वियतनाम की मीडिया ने बुधवार को दी। वीएन एक्सप्रेस अखबार के अनुसार, 940वीं वियतनामी वायु सेना रेजिमेंट का रूस निर्मित याक-130 फु कैट हवाई अड्डे से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर एक पहाड़ी इलाके में तकनीकी खराबी के कारण स्थानीय समयानुसार सुबह 10 :30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

#### श्रीलंका में डेंगू से 20 लोगों की मौत

कोलंबो। श्रीलंका की राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई (एनडीसीयू) ने बुधवार को कहा कि इस वर्ष अब तक देश में डेंगू से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। एनडीसीयू ने कहा कि कुल मामलों में मृत्यु दर का प्रतिशत 0 .05 है और इस वर्ष में 42,820 मामला सामने आ चुका है। पश्चिमी प्रांत में 42 .6 प्रतिशत मामले, उत्तरी प्रांत में 11 .4 प्रतिशत मामले और मध्य प्रांत में 10 .6 प्रतिशत मामले सामने आए हैं।

#### श्रीलंका में पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना बहुत महंगा

कोलंबो। श्रीलंका सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि एक समिति पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा पर होने वाले खर्च की समीक्षा कर रही है तथा इसकी रिपोर्ट के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। विदेश मंत्री एवं मंत्रिमंडल के प्रवक्ता विजिता हेराथ ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना काफी महंगा है और सरकार को इस पर सालाना 110 करोड़ श्रीलंकाई रुपये तक का खर्च करना पड़ता है।

#### सेनाओं प्रमुखों को सेवा विस्तार लोकतंत्र का नरसंहार

लाहौर। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को कहा कि थलसेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर समेत तीनों सेनाओं के प्रमुखों को दो साल का सेवा विस्तार देना "लोकतंत्र, कानून के शासन और लोगों के अधिकारों का नरसंहार है। खान ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में मीडिया और अपने वकीलों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। खान के 'एक्स' खाते से की गयी एक पोस्ट में यह जानकारी दी गई है।

## लेबनान में हवाई हमलों में 25 की मौत, 32 घायल

बेरूत, एजेंसी

लेबनान के विभिन्न इलाकों में मंगलवार को इजराइल की ओर से किये गये हवाई हमलों में कम से कम 25 लोग मारे गए और 32 अन्य घायल हो गए। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार, माउंट लेबनान के चौफ जिले के बारजा में एक आवासीय अपार्टमेंट को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में 15 लोग मारे गए।

नागरिक सुरक्षा दल मलबे के नीचे हताहतों की तलाश कर रहे हैं। वहीं, बालबेक में तालिया की नगर पालिका, बालबेक-हर्मेल गवर्नरेट, साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के कस्बों



### हिजबुल्ला ने इजराइल पर 120 रॉकेट दागे, कई घायल

यरूशलम। हिजबुल्ला ने बुधवार को उत्तरी और मध्य इजराइल में लगभग 120 रॉकेट दागे, जिससे लोग घायल हुए और नुकसान हुआ। इजराइली सेना ने कहा कि लेबनान की ओर से 15 मिनट के अंदर लगभग 50 रॉकेटों ने उत्तरी इजराइल के ऊपरी गलील में कई स्थानों पर हमला किया, जिनमें से कुछ को रोक दिया गया।

### हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा

यरूशलम। इजराइल की सेना ने दक्षिणी लेबनान में वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा किया है। इजराइली सेना ने अपने बयान में कहा कि उसके लड़ाकू विमानों ने बुधवार को दक्षिणी लेबनान पर हमला किया, जिसमें वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर हुसैन अब्द अल-हलीम हर्ब की मौत हो गयी। बयान के मुताबिक हर्ब ने गैलील में समुदायों के खिलाफ और विशेष रूप से मेट्टुला के क्षेत्र के खिलाफ कई रॉकेट हमलों को अंजाम दिया था। बयान में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में इजराइली वायु सेना ने लेबनान और गाजा पट्टी में लगभग 70 हमले किये हैं।

## नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री को किया बर्खास्त, देश भर में प्रदर्शन

यरुशलम, एजेंसी

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को देश के रक्षा मंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त कर दिया। हालांकि उनके इस कदम के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। नेतन्याहू ने यह घोषणा ऐसे समय की है, जब इजराइल क्षेत्र में कई मोर्चों पर लड़ाई लड़ रहा है। गाजा में युद्ध को लेकर नेतन्याहू और गैलेंट के बीच कथित तौर पर मतभेद रहा है।

नेतन्याहू ने मंगलवार को की गई अपनी घोषणा में विश्वास की कमी का उल्लेख किया था। नेतन्याहू ने कहा, युद्ध के बीच में, पहले से कहीं अधिक, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच पूर्ण विश्वास की आवश्यकता होती है। हालांकि युद्ध के शुरूआती महीनों में ऐसा विश्वास था और बहुत ही सार्थक काम हुआ था, लेकिन दुर्भाग्य से पिछले महीनों के दौरान मेरे और रक्षा मंत्री के बीच यह विश्वास टूट गया। युद्ध के शुरुआती दिनों में, इजराइल के नेतृत्व ने हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का जवाब देते हुए एक एकीकृत मोर्चा बनाया था। लेकिन जैसे-जैसे युद्ध लंबा खिंचता गया और लेबनान तक फैल गया, प्रमुख नीतिगत मतभेद उभर कर सामने आ गए। नेतन्याहू ने हमास पर निरंतर सैन्य दबाव बनाए रखने का आह्वान किया, जबकि गैलेंट ने अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि सेना ने कम से कम एक अस्थायी कूटनीतिक समझौते के लिए आवश्यक परिस्थितियां पैदा कर दी हैं, जिससे आतंकवादी समूह (हमास) द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सकता है। बंधकों के परिवार, साथ ही सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल हुए हजारों लोग नेतन्याहू पर सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए समझौते को विफल करने का आरोप लगा रहे हैं। नेतन्याहू के कट्टर सहयोगियों ने धमकी दी है कि अगर वह हमास को रियायतें देते हैं तो वे सरकार गिरा देंगे, जिससे ऐसे वक्त में समय से पहले चुनाव होने की आशंका बढ़ गई है जब प्रधानमंत्री (नेतन्याहू) की लोकप्रियता कम हो गई है। विपक्षी नेता येर लैपिड ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, युद्ध के बीच में, गैलेंट को बर्खास्त करना पागलपन वाला कृत्य है। नेतन्याहू अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए इजराइल की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।


रक्षा मंत्री को निकाले जाने के बाद प्रदर्शन करते लोग।

## ऑस्ट्रेलिया से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

कैनबरा, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की और द्विपक्षीय समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

जयशंकर ने इस मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अल्बनीज को अभिवादन प्रेषित किया। विदेश मंत्री तीन से सात नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा आज कैनबरा में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिलकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अभिवादन प्रेषित किया।

भारत-ऑस्ट्रेलिया समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए उनके मार्गदर्शन की प्रशंसा करता हूं। उन्होंने न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री विन्स्टन पीटर्स से भी यहां मुलाकात की।


प्रधानमंत्री एंथनी से मुलाकात विदेश मंत्री जयशंकर।

### भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश किया घोषित

लंदन। ब्रिटिश सरकार के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा चैंपियन सर स्टीव स्मिथ ने भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश घोषित किया है। लेबर पार्टी की सरकार के तहत देश की अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा रणनीति की समीक्षा की जा रही है। इस सप्ताह लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में इंडिया-यूके अचीवर्स ऑनर्स के तीसरे संस्करण पर दोहराया कि ग्रेजुएट रूट के तहत ब्रिटेन की, अध्ययन के बाद कार्य वीजा की पेशकश अपरिवर्तित रहेगी।

## बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर पर टिप्पणी से तनाव

ढाका, एजेंसी

- फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर हो चुकी है झड़प

बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव के कुछ हिस्सों में सेना के नेतृत्व में संयुक्त बलों ने बुधवार को गश्त की, यहां एक दिन पहले एक मुस्लिम किराना दुकानदार द्वारा इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉनशस्नेस) के खिलाफ फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर झड़प हो गई थी और इसमें कई लोग घायल हो गए थे।

अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि व्यापारी उस्मान अली ने फेसबुक पर इस्कॉन को आतंकवादी समूह करार दिया था जिसके बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया था और हजारी गली क्षेत्र में रहने वाले हिंदू समुदाय ने इसके खिलाफ नाराजगी जताई थी। हजारी गली में मुख्य रूप से हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं जो आभूषण की दुकानों और थोक दवा की दुकानों के मालिक हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस्कॉन पर की गई इस टिप्पणी को लेकर रातभर संक्षिप्त झड़प हुई।

इस दौरान मौके पर पहुंची सेना, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों द्वारा लाठीचार्ज करने से कई लोग घायल हो गए। इस दौरान हजारी गली इलाके में दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहां सेना के जवान पुलिस के साथ जीप में गश्त कर रहे हैं।

## कश्मीर पर झूठ फैलाने को लेकर पाकिस्तान की आलोचना

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंच में किया झूठ का इस्तेमाल
- भारत ने कहा- दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाने और इस वैश्विक मंच का इस्तेमाल झूठ फैलाने के लिए करने को लेकर इस्लामाबाद की आलोचना करते हुए भारत ने कहा है कि किसी भी तरह का दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा।

सूचना से संबंधित प्रश्नों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति की आम बहस को संबोधित करते हुए, राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि विश्वास, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सूचना तक समावेशी पहुंच आवश्यक है। उन्होंने कहा एक (पाकिस्तानी) प्रतिनिधिमंडल ने एक बार फिर झूठ फैलाने के लिए इस प्रतिष्ठित मंच का इस्तेमाल किया है। दुष्प्रचार और गलत सूचना का सहारा लेना इस प्रतिनिधिमंडल की आदत है। पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर मुद्दा उठाए जाने के बाद, संयुक्त राष्ट्र की बहस में कड़ा जवाब देते हुए शुक्ला ने कहा मुझे स्पष्ट करने दीजिए। वास्तविक लोकतंत्र अलग ढंग से कार्य करते हैं। हाल में संपन्न स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर से एक अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव हुए।

### भारत को दीर्घकालिक बिजली निर्यात का रास्ता हुआ साफ

काठमांडू। नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने भारत के साथ बिजली के निर्यात के लिए हस्ताक्षरित समझौते को रद्द करने की मांग वाली एक रिट याचिका को खारिज कर दिया है। उच्चतम न्यायालय के मंगलवार को दिए गए फैसले के बाद नयी दिल्ली के साथ नेपाल के दीर्घकालिक बिजली व्यापार का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकार के दुरुपयोग की जांच के लिए आयोग (सीआईएए) के पूर्व प्रमुख सूर्य नाथ उपाध्याय द्वारा दायर रिट याचिका उस समझौते के खिलाफ थी जिसके तहत नेपाल अगले 10 वर्षों के लिए भारत को 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात करेगा। उच्चतम न्यायालय के प्रवक्ता अच्युत कुइकेल के अनुसार, पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

**खगोल विज्ञान** | नए शोध में अंतरिक्ष के विकास में एक कड़ी जोड़ने का प्रयास किया गया है

## आज भी अधूरी है ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी

संवाददाता, नैनीताल

सही मायनों में ब्रह्मांड की उत्पत्ति की गुत्थी आज भी पूर्णतः नही सुलझ सकी है। अलबत्ता बिग बैंग ब्रह्मांड के जन्म का एक सुराग है। जिसे समझने के लिए आज भी शोध जारी हैं और हालिया नया शोध ब्रह्मांड के विकास की कड़ी को जोड़ता है।

नए शोध के अनुसार बिग बैंग के बाद पहले ही क्षणों के दौरान मौजूदा भौतिकी की चार मूलभूत ताकतें एक ही बल में समाहित हो गई थीं।

यह ताकतें गुरुत्वाकर्षण, विद्युत चुंबकत्व, मजबूत परमाणु बल व कमजोर परमाणु बल के रूप में जानी जाती हैं। जैसे-जैसे ब्रह्मांड का विस्तार होता चला गया और वह ठंडा भी होते चला गया। इस बीच आये परिवर्तनों में इन शक्तियों को अलग अलग कर दिया। बिग बैंग के बाद एक सेकंड के कुछ अरबवें हिस्से में ही कई परिवर्तन हो गए। क्वार्क और ग्लूऑन उप-परमाणु कण हैं जो मजबूत परमाणु बल के लिए जिम्मेदार हैं। इसकी पुष्टि कृत्रिम रूप से 2010 में ब्रुकहेवन नेशनल लेबोरेटरी में और 2015 में एलएचसी के जरिए की गई। पता चलता है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड बेहद गर्म और घना था। मगर क्वार्क-ग्लूऑन प्लाज्मा लंबे समय तक नहीं टिक सका, जो ब्रह्मांड के विस्तार के साथ ठंडा होने से न्यूट्रॉन के रूप में एक साथ एकत्रित हो गया। वैज्ञानिक इस घटना को क्वार्क कारावास कहते हैं। यह जानकारी भी मिलती है कि जब ब्रह्मांड में अधिक उच्च ऊर्जा वाले फोटॉन थे, तो कोई भी परमाणु नाभिक उनके द्वारा तुरंत नष्ट हो जाता था।


बिग बैंग के दौरान ब्रह्मांड के विकास का काल्पनिक चित्र।

### डार्क मैटर व एनर्जी को समझना बड़ी चुनौती

नैनीताल : डार्क मैटर व डार्क मैटर को समझना वर्तमान खगोल विज्ञान की सबसे बड़ी चुनौती है। इसे तभी समझा जा सकेगा, जब ब्रह्मांड के विकास की सही जानकारी मिलेगी। इसके लिए निरंतर शोध जरूरी हैं।